फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 2 मार्च 2024
वर्ष 5, अंक 105, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद 14

अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू 13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

LAST 5 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में धमाका दस घायल, एनआईए की टीम पहुंची

बेंगलुरु, एजेंसी



- बैग में रखे बम में लगा था टाइमर
- जांच टीमें सुराग ढूंढने में जुटीं

बेंगलुरु के एक लोकप्रिय कैफे में शुक्रवार को बम धमाके से 10 लोग घायल हो गए। पहले शक था कि एक सिलेंडर में विस्फोट होने के कारण आग लगी, लेकिन बाद में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को हुआ धमाका कम तीव्रता का था और उसमें टाइमर लगा हुआ था। जांच के लिए एनआईए की टीम विस्फोट स्थल पर पहुंच गई है। बम और फोरेंसिक टीमें भी जांच में सहायता कर रही हैं।

शिवकुमार ने राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर के साथ घटनास्थल का दौरा किया और बाद में अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने गए। शिवकुमार ने बताया कि धमाका अपराह्न करीब एक बजे हुआ। 28 से 30 वर्ष का एक युवक कैफे में आया और काउंटर पर रवा इडली खरीदने के बाद अपना बैग छोड़कर चला गया। बैग रखने के करीब एक घंटे के बाद धमाका हुआ। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह कम तीव्रता का बम धमाका था। उसने (व्यक्ति) एक घंटे के बाद धमाका होने के लिए टाइमर लगाया था। रामेश्वरम कैफे व्हाइटफील्ड के ब्रुकफील्ड इलाके में है, जो एक प्रमुख कारोबारी एवं प्रौद्योगिकी केंद्र है। एक चश्मदीद एडिसन ने कहा कि मैं अपनी बारी के इंतजार में कैफे के बाहर खड़ा था, तभी हमने एक तेज आवाज सुनी। हम डर गए लेकिन हमें पता नहीं चला कि दरअसल हुआ क्या। उस समय वहां करीब 35-40 लोग थे। वे सभी बाहर भागने लगे।

## इस साल पड़ेगी अधिक गर्मी

**नई दिल्ली।** इस वर्ष गर्मी के मौसम की शुरूआत काफी अधिक गर्म रहने की संभावना है तथा पूरे मौसम के दौरान अल-नीनो परिस्थितियों के बने रहने का अनुमान है। उत्तर-पूर्व प्रायद्वीपीय भारत-तेलंगाना, आंध्र प्रदेश एवं उत्तरी अंदरूनी कर्नाटक तथा महाराष्ट्र एवं ओडिशा के कई हिस्सों में सामान्य से अधिक दिनों तक लू चलने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विभाग ने कहा कि देश में मार्च में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्रा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि देश के ज्यादातर हिस्सों में मार्च और मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान है।



बंपर खरीदारी से शेयर बाजार उच्चतम स्तर पर

# 1245 अंक चढ़ा सेंसेक्स निफ्टी 22300 के पार

मजबूत जीडीपी आंकड़ों से शेयर बाजार में जश्न

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तगड़ी छलांग लगाते हुए अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। प्रभावी जीडीपी आंकड़ों और विदेशी निवेशकों का आकर्षण बढ़ने से सेंसेक्स 1,245 अंक उछल गया। निफ्टी में भी जोरदार तेजी आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 1,245.05 अंक यानी 1.72 प्रतिशत उछलकर 73,745.35 अंक पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्च स्तर है। कारोबार के दौरान यह 1,318.91 अंक तक उछल गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 355.95 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाते हुए 22,338.75 के नए समापन स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने जमकर खरीदारी की। बाजार की इस तेजी के पीछे अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रहने का आंकड़ा सामने आने की प्रमुख भूमिका रही।


### जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने कहा कि घरेलू लेनदेन बढ़ने से फरवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह 12 .5 प्रतिशत बढ़कर 1 .68 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों में कुल सकल जीएसटी संग्रह 18 .40 लाख करोड़ हो चुका है।

# संदेशखालि में बहनों के साथ जो हुआ उससे पूरा देश गुस्से में : मोदी

## बंगाल के आरामबाग में टीएमसी पर बरसे प्रधानमंत्री, कहा-दुस्साहस की सारी हदें पार कीं

आरामबाग, (प. बंगाल), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि इस मुद्दे पर पूरा देश गुस्से में है। मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं पर चुप्पी साधने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की भी आलोचना की। उन्होंने हुगली जिले के आरामबाग में एक रैली में कहा कि चोट का जवाब वोट से देना है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उपलब्धियों के बीच आज बंगाल की स्थिति पर पूरे देश की नजर है। मां, माटी और मानुष का ढोल पीटने वाली तृणमूल कांग्रेस ने संदेशखालि की बहनों के साथ जो किया, उसे देखकर पूरा देश दुखी और गुस्से में है। संदेशखालि की बहनों के साथ टीएमसी ने जो किया, वह शर्म की बात है। ममता बनर्जी सरकार के 2011 में सत्ता में आने के बाद से उनकी पार्टी का नारा मां, माटी और मानुष उसकी एक बड़ी पहचान बन गया है। रैली स्थल के निकट स्थित समाज सुधारक राजा राम मोहन राय के जन्मस्थान खानाकुल का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि राय की आत्मा, जहां भी होगी, बंगाल की स्थिति पर दुखी होगी और रो रही होगी।

मोदी ने कहा कि संदेशखालि के टीएमसी नेताओं ने लोगों के खिलाफ हिंसा की सारी हदें पार कर दीं। संदेशखालि की महिलाओं ने ममता से मदद मांगी। और उन्होंने क्या किया? इसके बजाय, उन्होंने उन नेताओं की सुरक्षा के लिए वह सब कुछ किया, जो वह कर सकती थीं। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि यह भाजपा के नेतृत्व में निरंतर हुए विरोध प्रदर्शनों से बने दबाव का नतीजा था कि राज्य प्रशासन को आखिरकार संदेशखालि के लोगों के सामने झुकना पड़ा और मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गिरफ्तार करना पड़ा, जो लगभग दो महीने से फरार था।

### ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री से राजभवन में की मुलाकात

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। राज्य की दो दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी शुक्रवार रात को राजभवन में ठहरेंगे। एक अधिकारी ने कहा कि प्रोटोकॉल के तहत यह मुलाकात हुई। शाम छह बजे से कुछ मिनट पहले प्रधानमंत्री राजभवन पहुंचे जिसके कुछ देर बाद ही बनर्जी का काफिला राजभवन पहुंचा। पिछले साल दिसंबर में बनर्जी ने राज्य का बकाया जारी करने को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। तृणमूल कांग्रेस के अनुसार, केंद्र सरकार पर पश्चिम बंगाल का 1.18 लाख करोड़ रुपये बकाया है।

### इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया

टीएमसी सरकार पर हर क्षेत्र में भ्रष्ट होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि वह संदेशखालि में उपजे असंतोष के बावजूद गांधी जी के तीन बंदरों की तरह है, जो अपनी आंख, कान और मुंह बंद रखे हुए था। उन्होंने सवाल किया कि वामपंथी और कांग्रेस नेता मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से कठिन सवाल पूछने से क्यों कतराते हैं? मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन के नेताओं के लिए संदेशखालि में टीएमसी द्वारा प्रताड़ित लोगों के साथ खड़े होने के बजाय भ्रष्ट और तुष्टीकरण की राजनीति का समर्थन करना सर्वोपरि है।

# प्रदेश में सहयोगी दलों को लोस की छह सीटें दे सकती है भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



राज्यपाल आनंदीबेन से मुलाकात करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी।

- सुभासपा, निषाद पार्टी को एक-एक सीट देने पर बनी सहमति
- अपना दल (एस) और रालोद को दो-दो सीटें मिलेंगी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-24 में प्रदेश की सभी 80 सीटों में से भाजपा सहयोगी दलों के लिए छह सीट छोड़ सकती है। इसमें राष्ट्रीय लोकदल को दो सीटें मिल सकती हैं, जबकि अपना दल (एस) भी दो सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। वहीं, निषाद पार्टी को संत कबीर नगर सीट और ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा को घोसी सीट मिल सकती है।

दिल्ली में हुई भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक के बाद सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इस बीच एक दो दिन में भाजपा के सौ लोस प्रत्याशियों की सूची भी सामने आ सकती है।

सूत्रों की मानें तो यूपी से कुछ केंद्रीय मंत्रियों का भी टिकट कट सकता है। भाजपा इस बार दो या दो से अधिक बार चुनाव जीत चुके नेताओं पर भी दांव लगाने के मूड में नहीं है। जिन सांसदों की उम्र अधिक हो गई है, उनकी जगह नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। सूत्र यह भी दावा कर रहे हैं कि इस बार एक बार फिर भाजपा प्रदेश की 74 लोकसभा सीटों में से कोई भी मुस्लिम उम्मीदवार खड़ा नहीं करेगी। वहीं, कैसरगंज लोकसभा सीट पर भी बृजभूषण शरण सिंह के नाम पर पार्टी निर्णय नहीं ले पाई है।


### राज्यपाल से मिले योगी, मंत्रिमंडल विस्तार संभव

- ओपी राजभर, दारा चौहान और रालोद के राजपाल बालियान को मिल सकती है जगह

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले मंत्रिमंडल के विस्तार की संभावना प्रबल हुई है। 3 मार्च यानी रविवार को कैबिनेट में पांच नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। दिल्ली से लखनऊ लौटते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात करने पहुंचे। योगी ने राज्यपाल को 'रोम रोम में राम' नामक पुस्तक भी भेंट की। सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, सपा से वापस भाजपा में लौटे एमएलसी दारा सिंह चौहान और रालोद नेता राजपाल बालियान को कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। इसके अलावा रालोद कोटे से एक और विधायक प्रदीप चौधरी को राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। साथ ही रामपुर के भाजपा विधायक आकाश सक्सेना को भी राज्य मंत्री बनाकर आजम खान को हराने का इनाम दिया जा सकता है।

## एक नजर

### यूपी के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी का निधन



**भोपाल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजीज कुरैशी का शुक्रवार को भोपाल के एक अस्पताल में 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार थे। कुरैशी की देखभाल करने वाले उनके भतीजे सूफियान अली ने कहा कि कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह करीब 11 बजे भोपाल के एक निजी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। कुरैशी ने उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मिजोरम के राज्यपाल के तौर पर कार्य किया था। वह पहली बार 1972 में मध्य प्रदेश की सीहोर सीट से विधायक चुने गये थे और 1984 में लोकसभा सदस्य बने। कुरैशी अविवाहित थे। उनका अंतिम संस्कार आज शाम को किया जाएगा।

### अनुराग अग्रवाल संसद सुरक्षा के प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अनुराग अग्रवाल को संसद सुरक्षा का प्रमुख नियुक्त किया गया है। वर्तमान में सीआरपीएफ में महानिरीक्षक, असम-मेघालय कैडर के 1998-बैच के अधिकारी को तीन साल के लिए संयुक्त सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। अग्रवाल ऐसे समय में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे जब संसद में 13 दिसंबर को दो लोगों द्वारा दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूदने के बाद संसद भवन परिसर की सुरक्षा में व्यापक बदलाव किया जा रहा है। नियुक्ति का आदेश गुरुवार को लोकसभा सचिवालय ने जारी किया।

# ईडी ने जब्त की हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली, एजेंसी


- महादेव एप से जुड़े धनशोधन मामले में केंद्रीय एजेंसी ने की कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप से जुड़े धनशोधन मामले में हालिया छापेमारी के दौरान दुबई स्थित हवाला कारोबारी की 580 करोड़ रुपये से अधिक की प्रतिभूतियां जब्त कर लीं और 3.64 करोड़ रुपये मूल्य की नकदी एवं कीमती सामान अपने कब्जे में ले लिया। मामले में 28 फरवरी को कोलकाता, गुरुग्राम, दिल्ली, इंदौर, मुंबई और रायपुर स्थित विभिन्न परिसरों में छापे मारे गए थे। ईडी ने पूर्व में दावा किया था कि महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप के मामले में जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न उच्च पदस्थ नेताओं और नौकरशाहों की कथित संलिप्तता के संकेत मिले हैं। इस मामले में एक 'हवाला कारोबारी' हरि शंकर टिबरेवाल की पहचान की गई है जो कोलकाता का रहने वाला है लेकिन फिलहाल दुबई में रह रहा है।

सूत्रों के अनुसार ईडी ने टिबरेवाल और उसके सहयोगियों के परिसरों में छापे मारे हैं। टिबरेवाल ने महादेव ऐप के प्रवर्तकों के साथ साझेदारी की और वह एक कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप 'स्काईएक्सचेंज' का मालिक और संचालक भी है। टिबरेवाल दुबई स्थित अपनी कंपनियों के जरिये, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश के माध्यम से भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी में निवेश कर रहा था।

# पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर 5.49 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी



- वित्तीय खुफिया ईकाई ने की कार्रवाई, बैंक की बढ़ीं मुश्किलें

वित्तीय खुफिया इकाई ने धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के तहत पेटीएम पेमेंट्स बैंक लि. (पीपीबीएल) पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। वित्त मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि पीएमएलए की धारा 13(2)(डी) के तहत यह जुर्माना किया गया है।

**पेटीएम ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक से खत्म किया समझौता :** पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के निदेशक मंडल ने सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर आरबीआई की कार्रवाई के बीच दोनों के बीच अंतर-कंपनी समझौतों को खत्म करने को मंजूरी दे दी है। वन97 कम्युनिकेशंस ने शुक्रवार को कहा कि दोनों कंपनियों के बीच एक-दूसरे पर निर्भरता कम करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती में संस्कृत का टीईटी प्रमाण पत्र मान्य नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एकल पीठ के पूर्व में दिए गए निर्णय को पलटा

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2016 में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में सहायक शिक्षकों के 10 हजार रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में शैक्षिक अर्हता के संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद की विशेष अपील पर कहा कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थी की प्राथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति नहीं हो सकती है। संस्कृत भाषा में उत्तीर्ण की गई टीईटी परीक्षा प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों के लिए निर्धारित आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल नहीं हो सकती। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने पारित किया।

दरअसल, याची की उम्मीदवारी को इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि उसने संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण की थी। उक्त आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिस पर एकलपीठ ने अक्टूबर 2013 के शासनादेश पर भरोसा करते हुए माना था कि शासनादेश ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं लगाता कि संस्कृत भाषा में टीईटी उत्तीर्ण प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक नहीं हो सकते और याची को नियुक्ति पत्र जारी करने के लिए निर्देश जारी किया था, जिसे परिषद द्वारा वर्तमान अपील में चुनौती दी गई।

# राम मंदिर न्यास की सूचना देने का आदेश खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने सीआईसी के निर्देश पर लगाई रोक

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसमें केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून के तहत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास से संबंधित जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया था। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन का जिम्मा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास संभालता है।

उच्च न्यायालय ने गत 28 फरवरी को सीबीडीटी की उस याचिका को मंजूर कर लिया, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि याचिकाकर्ता कैलाश चंद्र मूंदड़ा को आरटीआई अर्जी के जरिये मांगी गई जानकारी प्राप्त करने के लिए आयकर अधिनियम के तहत उचित प्राधिकारी से संपर्क करना होगा। उच्च न्यायालय सीबीडीटी के केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें सीआईसी के 30 नवंबर 2022 का आदेश रद करने का अनुरोध किया गया था।

## विधायकों की अयोग्यता पर 7 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके समर्थक विधायकों के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज करने के महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के 10 जनवरी के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना-उद्धव ठाकरे (यूबीटी) की याचिका पर सात मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने यूबीटी गुट की ओर से शीघ्र सुनवाई करने की गुहार पर पीठ ने सहमति व्यक्त करते हुए मामले को सात मार्च के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा | शासन की ओर से 32 जिलों में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोलने को मिली मंजूरी

# एटीएस परखेंगे वाहन का स्वास्थ्य, ठीक होंगे तभी सड़क पर दौड़ेंगे

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** आरआई ने आंखों से कामर्शियल गाड़ी देखी। बात बनीं तो फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया। अब यह नहीं चलेगा। आरटीओ में जुगाड़ के बल पर वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने की परंपरा पर अतिशीघ्र विराम लगने वाला है। सड़क पर दौड़ रहे जर्जर वाहनों से बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) खुलने जा रहे हैं। इन केंद्रों पर ऑटोमेटिक मशीन से वाहनों के फिटनेस की जांच की जाएगी। भारत सरकार ने प्रदेश को 36 एटीएस खोलने का लक्ष्य दिया है।

### एटीएस के लिए इन जिलों को दिए गए प्रमाणपत्र

राजधानी लखनऊ-1, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर, आगरा, मैनपुरी, अलीगढ़, एटा, हाथरस, , फिरोजाबाद, गाजियाबाद, झांसी, उरई, अयोध्या, बाराबंकी, सुलतानपुर, औरैया, कौशांबी, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मेरठ, उन्नाव, कानपुर देहात।

- भारत सरकार ने 36 एटीएस खोलने का प्रदेश को दिया है लक्ष्य

प्रदेश में अभी तक वाहनों की फिटनेस मैनुअल होती है। अब मशीन से जांच कराने की तैयारी है। इसे लेकर परिवहन विभाग ने एक पोर्टल नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्लूएस) बना कर आवेदन मांगे थे। इसमें 308 आवेदन मिले हैं। इनमें कई ऐसे हैं जिन्होंने जमीन समेत अन्य तैयारी पूरी कर ली है। आवेदनों की पड़ताल के बाद 32 जिलों में एटीएस खोलने की प्रक्रिया पर मुहर लगा दी गई। इनमें 41 प्रारंभिक पंजीयन प्रमाणपत्र भी जारी कर दिए गए हैं। अक्टूबर 2024 तक इनकी शुरुआत होनी है।



लोगों के सुरक्षित सफर के लिए वाहन का शत प्रतिशत फिट होना जरूरी है। इसके लिए गाड़ियों की मैनुअल फिटनेस के बजाए मशीन से उनकी जांच कराई जाएगी। प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन शीघ्र ही खोल दिए जाएंगे। इसके लिए ठोस कार्रवाई गतिशील है। सरकार की मंशा है कि जीवन रक्षा और सुरक्षित सफर के लिए छोटी से छोटी चीज पर नजर रखी जाए। जब वाहन पूरी तरह स्वस्थ होंगे तो सफर सुरक्षित होगा। -**चंद्रभूषण सिंह**, परिवहन आयुक्त

- 500 करोड़ का होगा निवेश, मिलेगा रोजगार
- एक सेंटर पर करीब 12 करोड़ रुपये व्यय होगा।
- 25 से 30 लोगों को एक सेंटर पर मिलेगा काम।
- 1,200 से 1,500 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा।
- 10,000 लोगों को अपरोक्ष रोजगार के मौके मिलेंगे।

कामर्शियल वाहनों की फिटनेस की जांच मशीन से कराने की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ गई है। जल्द ही प्रदेश में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन खोल दिए जाएंगे।
- **पुष्पसेन सत्यार्थी**, अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा

# एक परीक्षार्थी की निगरानी में लगे 12 कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

- **बरखेड़ा के एक कॉलेज में उर्दू की परीक्षा में भी एक परीक्षार्थी रहा**

**अमृत विचार :** इन दिनों यूपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक रूम में करीब 30 से 40 बच्चे परीक्षा देते हैं। जिनकी निगरानी के लिए दो या तीन शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है। मगर जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा में शुक्रवार को पहली और दूसरी पाली में दो परीक्षा केंद्र ऐसे रहे, जहां परीक्षार्थी की संख्या मात्र एक रही। परीक्षा कराने के लिए दो या तीन नहीं, बल्कि शिक्षक समेत 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगी। हालांकि अफसरों का कहना है कि परीक्षार्थी एक हो या100 ड्यूटी नियमों के तहत ही लगाई जाती है।

शुक्रवार को सुबह की पाली में यूपी बोर्ड में हाईस्कूल उर्दू का पेपर था। जिले में 76 केंद्रों में से सिर्फ 35 परीक्षा केंद्रों पर पेपर। उर्दू के पेपर में 195 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें 60 बालक और 135 बालिकाएं शामिल हैं। परीक्षा देने के लिए 44 बालक और 129 बालिकाएं पहुंची। जबकि 16 बालक और छह बालिका ने परीक्षा छोड़ दी। बरखेड़ा कस्बे के पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज में सिर्फ एक परीक्षार्थी पंजीकृत था, जो परीक्षा देने के लिए पहुंचा। उसकी निगरानी के लिए 12 कर्मचारियों को लगाया गया। इसमें एक केंद्र व्यवस्थापक, एक बाहरी केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल के तीन सदस्य, ऑपरेटर, चतुर्थ श्रेणी कर्मी, और शिक्षकों के साथ पुलिसकर्मियों को तैनात रहे। वहीं, दूसरी पाली में जिले भर में मात्र एक परीक्षार्थी पंजीकृत था। दूसरी पाली में एनसीसी का पेपर हुआ, जो मझोला में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कराया गया। यहां भी परीक्षा संपन्न कराने के लिए करीब 10 लोगों का स्टाफ तैनात किया।डीआईओएस गिरजेश कुमार चौधरी ने बताया कि परीक्षा को संपन्न कराने के लिए जो मानक तय किया गया है। उसी के तहत स्टाफ लगाया जाता है।

गुरुवार को किर्गिस्तान, साइप्रस, मॉरीशस, मंगोलिया व सूरीनाम के राजदूतों के परिवार के सदस्य पहुंचे थे

# पीटीआर में विदेशियों की आमद बढ़ी, जर्मनी के दो पर्यटक पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **साढ़े तीन माह में 50 से अधिक विदेशी सैलानी कर चुके हैं पीटीआर की वादियों का दीदार**

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र में अब तक 50 से अधिक विदेशी पर्यटक जंगल की हरी-भरी वादियों और वन्यजीवों का दीदार कर चुके है। शुक्रवार को जर्मनी से आए दो पर्यटकों ने जंगल सफारी से पीटीआर का भ्रमण किया।

जिले को देश और विदेशों तक पहचान दिलाने वाला प्रमुख पर्यटन स्थल पीलीभीत टाइगर रिजर्व और महोफ रेंज के कोर एरिया में डैम से सटे क्षेत्र में स्थित इको टूरिज्म चूका बीच प्रकृति की अनमोल धरोहर माना जाता है। टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र हर साल 15 नवंबर से शुरू होकर 15 जून तक चलता है। इस बार भी 15 नवंबर से पर्यटन सत्र की शुरूआत की गई। पर्यटन सत्र शुरू होने के साथ पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बार पीटआर में पहुंचने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी खासा इजाफा देखा जा रहा है।

मौजूदा पर्यटन सत्र में 15 से 30 नवंबर तक 13 विदेशी पर्यटक पीटीआर पहुंचे। एक से 31 दिसंबर के बीच 32 विदेशी पर्यटकों ने पीटीआर में जंगल सफारी का आनंद लिया। वहीं, एक से 31 जनवरी तक 14 विदेशी पर्यटक यहां पहुंचे। फरवरी में कई विदेशी पर्यटक पीटीआर पहुंचे थे। गुरुवार को किर्गिस्तान, साइप्रस, मॉरीशस, मंगोलिया और सूरीनाम के राजदूत परिवारों के पर्यटक चूका बीच पहुंचे। इन सभी पर्यटकों ने चूका बीच की हरीभरी वादियों का लुत्फ उठाने के साथ वन्यजीवों के दीदार किए। रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह सभी चूका बीच से रवाना हो गए। वहीं, शुक्रवार को जर्मनी से आए दो विदेशी पर्यटकों ने जंगल सफारी से टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया।



पीटीआर में जर्मनी से आए पर्यटकों के साथ गाइड। ● अमृत विचार

विदेशी पर्यटकों के साथ गाइड महेंद्र और प्रखर अग्रवाल मौजूद रहे। दोनों विदेशी पर्यटक शहर के एक होटल में ठहरे हुए हैं।

**एक नजर**

## मंडी में कोटेदारों को बांटी गई बेइंग मशीनें

**पूरनपुर।** शुक्रवार को मंडी परिसर में सरकारी राशन विक्रेता कोटेदारों को बेइंग मशीन बांटी गई। इस दौरान पूरनपुर क्षेत्र के 156 और कलीनगर क्षेत्र के 75 कोटेदारों को मशीन दी गई। यह बेइंग मशीन कोटेदारों के पास मौजूद ई-पॉस मशीन से कनेक्ट है। इससे राशन वितरण में की जा रही गड़बड़ी पर रोक लग सकेगी। इस दौरान पूर्ति निरीक्षक बी के मिश्रा, खाद्य अधिकारी अशोक सिंह और कलीनगर पूर्ति निरीक्षक रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्वर्ण जयंती समारोह आज, तैयारी पूरी

**बीसलपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को तहसील बार एसोसिएशन के सभागार में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अभिनंदन होगा। संगठन के अध्यक्ष सूरज प्रकाश गुप्ता और महासचिव राजाराम माथुर ने बताया कि इसे लेकर समस्त तैयारियां कर ली गई हैं।

## गोमांस तस्कर गिरफ्तार

**पूरनपुर।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान शुक्रवार को शेरपुर कलां गांव निवासी नदीम उर्फ लटुरिया को तमंचे के साथ घूमते पकड़ा। उस पर पूर्व में दस एफआईआर दर्ज है। जिसमें अधिकांश गोकशी की है। आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

# टेंडर को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति व एकांउटेंट आए आमने-सामने, हंगामा

## एकाउंटेंट ने लगाया टेंडर के लिए अपहरण की कोशिश का आरोप

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)



एसडीएम के सामने बातचीत के दौरान एक-दूसरे पर आरोप लगाते दोनों पक्ष।

- **बीडीओ के साथ जाकर एसडीएम से की शिकायत, देर शाम तक चलती रही बातचीत**

**अमृत विचार :** सरकारी काम निपटाकर घर लौट रहे पूरनपुर ब्लॉक के एकाउंटेंट ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति समेत दो लोगों पर अगवा करने की कोशिश का आरोप लगाया। उनका कहना है कि अगवा करने की कोशिश इसलिए की गई ताकि वह क्षेत्र पंचायत सदस्यों के विकास कार्यों के टेंडर अपने पक्ष में करा सकें। देर शाम खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह के साथ तहसील पहुंचे अकाउंटेंट नितिन कुमार ने एसडीएम राजेश कुमार शुक्ल के सामने पूरा घटनाक्रम बयान किया। देर शाम तक तहसील में गहमागहमी के बीच मामले में सुलह के प्रयास किए जाते रहे।

पिछले दिनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा कराए जाने वाले कार्यों का टेंडर चार मार्च को खुलना है। ये टेंडर पाने को लेकर ठेकेदारों से लेकर कुछ जनप्रतिनिधियों के बीच होड़ मची है, जो किसी भी हद तक जाकर टेंडर हथियाना चाहते हैं। इसके लिए हर हथकंडे अपना रहे हैं।

शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय में तैनात एकाउंटेंट नितिन कुमार ड्यूटी के बाद शाम को अपने घर जा रहे थे। उनका आरोप है रास्ते में पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति अतेंद्र पाल सिंह ने उन्हें घेर लिया और जबरन अपनी कार में बैठा लिया। फिर टेंडर अपने पक्ष में कराने का दबाव बनाया। एकाउंटेंट का आरोप है कि इससे इनकार करने पर उनके साथ अभद्रता की गई। वह किसी तरह वहां से भागे और खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह को घटना की जानकारी दी। इसके बाद एकाउंटेंट बीडीओ के साथ एसडीएम से मिलने गए और मामले की शिकायत की। घबराए एकाउंटेंट को अधिकारी ढांढस बंधाते रहे कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक स्तर से कार्रवाई की भनक लगते ही अतेंद्र पाल भी अपने साथियों के साथ तहसील जा पहुंचे। अधिकारियों की मौजूदगी में बातचीत के दौरान एकाउंटेंट व अतेंद्र पाल की तरफ से आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला चलता रहा। मामला तूल पकड़ने पर सबकी फजीहत होती देख अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। इतना ही नहीं एसडीएम ने बीडीओ को टेंडर निरस्त करने के निर्देश दिए हैं। ये भी जांच का विषय है कि टेंडर खुलने से पहले ब्लॉक के कर्मचारी ठेकेदारों के साथ रिजॉर्ट में क्या कर रहे थे?

> कर्मचारी को रास्ते में घेरकर टेंडर जबरन खरीदने का प्रयास किया गया। कर्मचारी से अभद्रता भी की गई। जिससे वह काफी घबराया हुआ है। मामले की तहरीर पुलिस को दी जाएगी। सरकारी कर्मचारी के साथ इस तरह का रवैया असहनीय है। **- अरुण कुमार सिंह**, खंड विकास अधिकारी

> शुक्रवार शाम माधोटांडा पीलीभीत रोड पर स्थित रिजॉर्ट में टेंडर की सौदेबाजी की जा रही थी। जबकि, टेंडर की प्रक्रिया ब्लॉक कार्यालय में की जानी चाहिए। होटल में टेंडर बिक्री करने का विरोध करने पर तमाशा बनाया गया है। लगाए गए आरोप सरासर गलत है। **-अतेंद्र पाल सिंह**, पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति

### अधिकारी-ठेकेदारों का गठजोड़ हुआ बेपर्दा

एकाउंटेंट के आरोपों को देखा जाए तो विकास के नाम पर किस तरह का गठजोड़ काम करता है। इस घटना से ये भी उजागर हो गया है। टेंडर खुलने से पहले ही किस तरह से दबाव बनाने के प्रयासों की कहीं न कहीं उजागर हो रही है। जहां बात न बनने पर हालात बिगड़ गए।

## बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना ही उद्देश्य

**पीलीभीत।** शहर के इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम शुक्रवार को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नासिर शाह खां रहे। प्रधानाचार्य अखलाक हसन खां ने समस्त अभिभावकों का स्वागत करते हुए कॉलेज की उपलब्धियां बताई। कहा कि अभिभावक-शिक्षक मीटिंग का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना है। मगर कुछ अभिभावकों को लगता है कि उनका बच्चा अच्छा कर रहा है तो अभिभावक मीटिंग में जाने की क्या जरूरत है। आपके बच्चे के विकास से जुड़ी बातें स्कूल जाने पर ही पता चलती हैं। बच्चों की शिक्षा में अभिभावक व शिक्षक की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस मौके पर इकबाल हसन खां, मंसूर अली खान, मुमताज अहमद, एजाज खां एडवोकेट व सैयद असद अली मौजूद रहे।

## तीन बसों से डीजल चोरी

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोवलपतीपुरा में खड़ी परिवहन निगम की तीन बसों से हजारों का डीजल चोरी हो गया। मामले में कोतवाली में तहरीर दी गई हैं। कोतवाली में दी तहरीर में ग्राम गोबलपतीपुरा निवासी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में चालक पद पर कार्यरत अनिल कुमार ने बताया कि एआरएम पवन कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर, विभाग की तीन रोडवेज बसें आवास के पास खड़ी की गई। आरोप लगाया कि बीसलपुर के मोहल्ला बख्तावरलाल निवासी एक युवक ने अपने चार साथियों की मदद से बसों से तेल चोरी कर लिया।

# कंजा हरैंया के वीडीओ समेत चार पर हो सकती है कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **विकास कार्यों में धांधली के आरोप में ग्राम प्रधान के अधिकार किए जा चुके हैं सीज**
- **कंजा हरैंया गांव में 4.28 लाख से कराए गए विकास कार्यों में धांधली का मामला सामने आया**

**अमृत विचार:** कंजा हरैंया में कराए गए विकास कार्यों में धांधली के आरोप में ग्राम प्रधान के अधिकार सीज किए जा चुके हैं। इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी समेत चार पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। हालांकि अभी अंतिम जांच होना बाकी है। यदि सही तरीके से मामले की जांच की गई तो घपलेबाजी से जुड़ी कई परतें खुलकर सामने आ सकती है।

मरौरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कंजा हरैंया के ग्रामीणों ने पिछले वर्ष प्रधान द्वारा कराए गए विकास कार्यों में धांधली करने का आरोप लगाते हुए जांच कराने की मांग की थी। तत्कालीन डीएम के आदेश पर जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी एवं आरईएस के अवर अभियंता ने मामले की जांच की थी। जांच के दौरान निर्माण कार्यों में बड़ी पैमाने पर धांधली पाई गई। कई स्थानों पर कार्य अधूरे पाए गए, जबकि अभिलेखों में सभी कार्य पूरा होना दर्शाया गया है। जांच में 4.28 लाख रुपये का दुरुपयोग होना पाया गया। जांच में प्रथम दृष्टया ग्राम प्रधान, वीडीओ व संबंधित अभियंता दोषी पाए गए। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है। इस पर डीएम संजय कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान नीतू मित्रा के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए।

जांच में दोषी पाए गए ग्राम विकास अधिकारी पर कार्रवाई के लिए जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं। डीडीओ के सेवानिवृत होने के बाद चार्ज पीडी को दिया गया है। वीडीओ के खिलाफ कार्रवाई पीडी स्तर से की जानी है।

इधर, डीएम ने अब इस मामले में अंतिम जांच के लिए पीडी व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड को नामित किया है। इससे दोषी पाए गए वीडीओ, तकनीकी सहायक व दो अभियंताओं पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

> विकास कार्यों में धनराशि का दुरुपयोग करने के मामले में जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत कंजा हरैंया की प्रधान नीतू मित्रा के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए गए हैं। इस मामले में अन्य पर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी अंतिम जांच होना बाकी है। **- सतीश कुमार**, डीपीआरओ

# शिक्षक को ड्यूटी से हटाने के बाद मामला दबा गए जिम्मेदार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जेडी बोले- मौके पर जो कार्रवाई की जानी थी वो कर दी गई**
- **वैदिक कॉलेज में प्रबंधक का बेटा करते मिला था परीक्षा ड्यूटी**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा में वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंधक के बेटे के द्वारा परीक्षा ड्यूटी करने के मामले में अफसरों ने भले शिक्षकों को ड्यूटी से हटा दिया हो, लेकिन ड्यूटी में गड़बड़ी करने वाले शिक्षक व अन्य कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिम्मेदार इस मामले में त्वरित कार्रवाई का हवाला देते हुए शिक्षकों को ड्यूटी से हटाने की कार्रवाई को ही एक्शन बता रहे हैं। जबकि अन्य दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तो दूर कोई हिदायत देना भी जरूरी नहीं समझा।

गुरुवार को बोर्ड परीक्षा की पहली पाली में हाईस्कूल में विज्ञान का पेपर था। परीक्षा के दौरान बरेली से संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार पीलीभीत पहुंचे थे। जिले में उन्होंने छह परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया था। ललौरीखेड़ा ब्लॉक के वैदिक कन्या इंटर कॉलेज निरीक्षण के दौरान प्रबंधक के बेटे को बोर्ड परीक्षा में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर ड्यूटी करते पकड़ा था। नियम विरुद्ध तरीके से ड्यूटी पर पाए जाने पर संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार उसे अपने साथ डीआईओएस कार्यालय ले गए थे। पूछताछ करने के बाद उसकी ड्यूटी को निरस्त कर दिया गया।

शुरुआत से ही जिम्मेदार इस मामले को दबाने में जुटे हुए थे। जिम्मेदारों ने इस लापरवाही में शामिल अन्य कर्मचारियों और केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ जांच कराने तक की भी जहमत नहीं उठाई।

इसके पीछे राजनीतिक दबाव की बताया जाता है। शुक्रवार को स्कूल की प्रबंधक अपने बेटे के साथ डीआईओएस से मिलने पहुंचीं। जहां उनके बीच करीब एक घंटे तक वार्ता चली।

बताते हैं कि केंद्र व्यवस्थापक की ओर से किसी भी पाल्य के द्वारा ड्यूटी नहीं करने का शपथ पत्र भी दिया जाता है। स्कूल की ओर से मिली सूची के बाद भी डीआईओएस कार्यालय में सूची को क्रास चेक नहीं किया गया।

> वैदिक कन्या इंटर कॉलेज में प्रबंधक का बेटा ड्यूटी करते मिला था। जिसकी ड्यूटी को निरस्त कर दिया गया है। मौके पर जो कार्रवाई की जानी थी, वो की गई। अन्य किसी तरह की कोई जांच नहीं कराई जा रही है। **-राकेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक

# दरोगा के खिलाफ जुटे प्रधान विधायक ने मामला निपटाया

संवाददाता, पूरनपुर

- **प्रधान बाले- सांड़ मर जाए तो हम उठवाएं, किसान पराली जलाएं तो हम जाकर बुझाएं**

**अमृत विचार:** जमुनिया जगतपुर के ग्राम प्रधान संतोष कुमार के साथ एक दरोगा के कथित रुप से अभद्रता करने पर अखिल भारतीय प्रधान संगठन के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रधान लामबंद हुए। ब्लॉक सभागार में बैठक के बीच अचानक एक प्रधान वहां पहुंचे और बोले- विधायक जी ने दरोगा से बात कर ली है। इस स्थिति में विरोध का इरादा त्याग दें। इस पर पंचायतों के मुखिया का दर्द फूट पड़ा। कहा- प्रधानों का भी मान-सम्मान बना रहना चाहिए। हालात ये हैं कि सड़क पर सांड मर जाए तो प्रधान उठवाए। किसान पराली जलाए तो प्रधान बुझाए। जांच के नाम पर उत्पीड़न अलग होता है। इस स्थिति में सभी प्रधानों को एकजुट होने की जरूरत है।

पिछले दिनों जनप्रतिनिधियों की बैठक के दौरान विधायक ने गांवों में हैंडपंप रिबोर के नाम पर फर्जीवाड़े का मामला उठाया था। सीडीओ ने मामले की जांच बीडीओ से कराई थी। मगर जांच बैठने पर विधायक असहज हो गए। उन्हें चिंता सता रही है कि ठीक से पड़ताल हो गई तो उनकी गर्दन फंसना तय है। इसलिए अब वे इस प्रयास में लगे हैं कि किसी तरह से ये जांच थम जाए। एक प्रधान ने कहा कि जांच तो ठीक है। मगर पंचायत में जो भी धनराशि निकलती है, वो ग्राम पंचायत सचिव और अधिकारियों के हस्ताक्षर से जारी होती है। कहीं गड़बड़ी हो तो दोषी प्रधान है। बता दें कि प्रधान एसपी को भी शिकायती पत्र भेज चुके हैं।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष नरेश पाल ने कहा कि दरोगा की तरफ से क्षेत्राधिकारी ने खेद व्यक्त किया था। दरोगा ने अफसोस जताया है। इसलिए बैठक स्थगित कर दी गई है।

# तबादला होने के बाद भी पुराने स्थान पर काम कर रहे कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **तीन माह पहले डीआईओएस कार्यालय के दो लिपिकों का हुआ था तबादला**
- **अधिकारी खुद को बचाने के लिए चार्ज देने की बात कहकर पल्ला झाड़ रहे**

**अमृत विचार :** पांच माह पूर्व तबादला होने के बाद भी डीआईओएस कार्यालय के लिपिकों का पुराने पटल से मोह भंग नहीं हो रहा है। रिलीव होने के बाद भी कर्मचारी डीआईओएस कार्यालय में बैठकर काम कर रहे हैं। जबकि उनके रिलीविंग की सूचना स्कूली शिक्षा महानिदेशक को भेजी जा चुकी है। अफसरों की ओर से भी उन्हें मूल तैनाती पर जाने के लिए नहीं कहा जा रहा है। गर्दन बचाने के लिए तबादला हुए लिपिकों को चार्ज देने की बात कहकर पुराने पटल पर बैठा रखा है। उनके कुर्सी न छोड़ने की वजह से तबादले पर आए लिपिक काम नहीं कर पा रहे हैं।

राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय के स्कूली शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद की ओर से 16 अक्टूबर 2023 को आदेश जारी किया था। जिसमें शिक्षकों व कर्मचारियों का अटैचमेंट खत्म कर उन्हें मूल तैनाती पर भेजकर एक सप्ताह में सूचना मांगी गई थी। महानिदेशक का आदेश आने के बाद भी डीआईओएस कार्यालय और ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में 13 कर्मचारी मूल तैनाती छोड़कर अटैच हैं। राजकीय इंटर कॉलेज पूरनपुर के लिपिक वेद कमल, ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज में श्याम बाबू, न्यूरिया इंटर कॉलेज की पार्वती, गभिया सहराई राजकीय इंटर कॉलेज के त्रिलोकी,जनता इंटर कॉलेज के शामिल हैं। ये कर्मचारी लंबे समय से डीआईओएस कार्यालय से संबद्ध चल रहे हैं। अब उनके स्थान पर बरेली से राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक राजेंद्र कुमार आए हैं। राजकीय इंटर कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक पीयूष बाबू, राजकीय इंटर कॉलेज बरखेड़ा के कनिष्ठ सहायक अजय कुमार और बरेली बीएसए कार्यालय से आए वरिष्ठ सहायक सुखदेव सिंह को यहां भेजा गया था। जिन्हें तत्काल ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस की ओर से संबद्ध सभी कर्मचारियों को रिलीव करने का आदेश तो अभिलेखों में कर दिया गया। मगर उन्हें वहां से हटाया नहीं गया है। सूत्रों की मानें तो संबद्ध कर्मचारी मूल तैनाती पर हस्ताक्षर करने के बाद डीआईओएस कार्यालय में बैठकर काम कर रहे हैं। अफसरों की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि चार्ज देने की प्रक्रिया अभी चल रही है। इसलिए वे आ रहे हैं।

**सख्ती** पूर्व में जारी किए जा चुके हैं नोटिस, वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने से सख्त हुआ नगर पालिका प्रशासन

# एक लाख टैक्स दबाए बैठे 40 बकाएदार, अब होगी आरसी जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका का लाखों रुपये का टैक्स दबाए बैठे बकायेदारों पर शिकंजा कसने की तैयारी में हे। इन बकायेदारों को पहले नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होने से नगर पालिका प्रशासन ने टैक्स वसूली को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। अब 40 बड़े बकायेदारों से टैक्स वसूली के लिए आरसी जारी की जाएगी। नगर पालिका ने आरसी तैयार कर ली हैं। तहसील प्रशासन को भेजना बाकी हैं।

नगर पालिका क्षेत्र में 26500 आवासीय मकान हैं। इसके अलावा शहर में अस्पताल, होटल और रेस्टोरेंट मिलाकर करीब 800 कॉमर्शियल संपत्ति है। नगर पालिका प्रशासन घरों, प्रतिष्ठानों व सरकारी भवनों को पानी, सीवरेज समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराता है। इसके बदले अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले भवनों से टैक्स लगाकर वसूली करता है। टैक्स वसूलने के लिए बाकायदा टीम बनी हुई है।




नगर पालिका भवन।

> नोटिस के बाद भी बड़े बकाएदार द्वारा टैक्स जमा नहीं कराया गया है। जिसके बाद इन स्वामियों की आरसी जारी करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस माह में ही आरसी तहसील को भेजी जाएगी। इस वित्तीय वर्ष में 2 .37 करोड़ की वसूली की गई है। शत प्रतिशत वसूली कराई जाएगी। **- लाल चंद भारती**, ईओ

मार्च वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना है। अब तक शहर के तिहाई हिस्से से टैक्स की वसूली नहीं हो पाई है। वसूली न होने की वजह से पिछले कई सालों से टैक्स डूबा चल रहा। इनमें आमजन मानस के साथ सरकारी विभाग भी शामिल हैं। जिन्होंने अपना पालिका में गृहकर और जलकर जमा नहीं किया है। नगर पालिका द्वारा राजस्व वसूलने के लिए बकायेदारों को पांच फीसदी की छूट भी दी जा रही है, लेकिन इसके बाद टैक्स जमा करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

अधिकारियों ने शहर के बड़े बकायेदारों की सूची निकलवाई तो उसमें करीब 40 नाम सामने आए, जो कॉमर्शियल क्षेत्र के हैं। इन सभी ने पिछले कई साल से टैक्स जमा नहीं किया। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल और ईओ लाल चंद भारती ने ऐसे बकायेदारों को आरसी जारी करने के निर्देश दिए हैं, जिन पर एक लाख रुपये से अधिक टैक्स बकाया है। इन सभी को पूर्व में नोटिस भी जारी किए जा चुके हैं। अब आरसी जारी की जाएगी। इनमें 15 कामर्शियल बकायेदार शामिल हैं।

### वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर, 2.37 करोड़ वसूला टैक्स

नगरपालिका की ओर से पहली बार टैक्स वसूली 95 फीसदी अधिक कर ली गई है। जो पहले नहीं हुआ करती थी। प्रशासन की सख्ती के बाद नगरपालिका के टैक्स विभाग ने इस वित्तीय वर्ष में 2 .37 करोड़ का गृहकर और जलकर वसूला है। हालांकि अभी वित्तीय वर्ष समाप्त होने में एक माह शेष रह गया है। नगरपालिका टैक्स विभाग का दावा है कि एक माह का समय शेष है। इस बार शत प्रतिशत वसूली की जाएगी। नगर पालिका शहर में मूलभूत सुविधाएं देने के बदले गृहकर और जलकर टैक्स वसूलती है। टैक्स वसूलने के लिए टीम बनी हुई, लेकिन इसके बाद भी शहर के तिहाई हिस्से से टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही थी। इसको लेकर प्रशासन और नगरपालिका के अफसरों ने सख्ती करना शुरु कर दी। नगरपालिका की ओर से सरकारी विभागों को भी टैक्स बकाया होने पर नोटिस भी जारी किया गया है। साथ ही सभी अमीनों को टैक्स वसूलने के निर्देश दिए थे। वरना उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बार 2 .96 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें नगरपालिका की ओर से फरवरी माह तक 2 .37 करोड़ रुपये का टैक्स वसूला गया है। हालांकि 59 लाख रुपये का टैक्स बकाया चल रहा है। जिसकी वसूली नहीं की गई है। मगर पालिका इस बार शत प्रतिशत टैक्स वसूलने का दावा कर रही है। पिछले वित्तीय वर्ष में 2 .36 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसमें 1.92 करोड़ की वसूली हो सकी थी।

# किसानों की समस्याएं हल नहीं हुईं तो आंदोलन करेगी भाकियू





मंडी समिति में जमा हुए भाकियू भानु गुट के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) की जिला स्तरीय मासिक पंचायत कृषक विश्राम गृह मंडी समिति में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन भ्रष्टाचार में लिप्त होने के कारण गरीब, मजदूरों व किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर रहा। प्रशासन का यह रवैया गलत है। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने कहा कि राजस्व प्रशासन की लापरवाही के चलते छोटे-छोटे कार्यों को कराने के लिए सुविधा शुल्क देना पड़ता है। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से लेकर प्रदेश संगठन मंत्री रमेश दद्दा ने कहा कि संगठन के द्वारा पूर्व में दिए हुए ज्ञापनों पर कार्रवाई सुनिश्चित हुई है। वरना डीएम कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष अमरिया रामगोपाल प्रजापति, सुखलाल गंगवार, रोशन लाल गंगवार, महेंद्र पाल कश्यप, बालमुकुंद प्रजापति, दौलत सिंह, रघुवर सिंह, वीरेंद्र गिरी रहे।




# सूनसान सड़क पर नहीं मिलेगी पुलिस.. खुद रहें सतर्क

## बाजार में चोरी व लूट की घटनाओं के बाद भी पुलिस बरत रही लापरवाही, पिंक बूथ पर लटके रहते हैं ताले, लाइट जलाकर चले जाते हैं रखवाले

सौरभ सिंह, पीलीभीत

**अमृत विचार :** शहर में एक के बाद घटनाएं होने के बावजूद पुलिस की सुस्ती नहीं टूट रही है। चोरी, छिनैती की कई घटनाएं होने के बाद विरोध हुआ तो रात्रि में थाना व चौकी स्तर पर पुलिस की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। मगर पुलिस की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ।

पिछले दो महीने में बाजार में ही चोरों की सक्रियता ज्यादा रही। 17 जनवरी की रात सराफा दुकान में काम करके घर लौट रही होली चौराहा निवासी महिला नीतू सिंह का पर्स बाइक सवार लूट ले गए थे। 28 जनवरी की रात गल्ला मंडी में व्यापारी नीलेश अग्रवाल व सऊद की दुकान में नकब लगाकर चोर नगदी व सामान समेट ले गए थे। पांच फरवरी को बल्लभ नगर निवासी कपिल वर्मा की मुख्य बाजार में चावला चौराहा स्थित मोबाइल शॉप में छत के रास्ते नकब लगाकर घुसे चोर 15 लाख का माल उड़ा ले गए थे। इसके अलावा 19 फरवरी की रात मोहल्ला काला मंदिर में गल्ला व्यापारी विपिन कुमार के मकान में आठ लाख की चोरी हुई थी। इनके अलावा शहर में कई घटनाएं हुईं। इन घटनाओं के बाद व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के दौरान रात में सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने की मांग की गई थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने भी दावे किए। मगर घटनाओं का खुलासा करने के बाद पुलिस बेफ्रिक हो गई। इसकी बानगी गुरुवार रात दिखाई दी। शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित चौराहों से पुलिस वाले गायब थे। पिंक बूथ बंद पड़े थे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकली अमृत विचार की टीम को रात 10.30 से 11 बजे के बीच कहीं कोई सुरक्षा इंतजाम नहीं दिखे।

> चौराहों पर पुलिस तैनात रहती है। इसे लेकर लगातार औचक चेकिंग की जाती है। गुरुवार देर रात तक चुनाव संबंधी बैठक चली थी। जिसके चलते हो सकता है कि टीमें देरी से प्वाइंट पर पहुंची हो। किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। – **विक्रम दहिया**, एएसपी

### गौहनिया चौराहा



दृश्य 1

टनकपुर हाईवे स्थित गौहनिया चौराहा शहर का व्यस्ततम इलाका है। यहां कई बड़े प्रतिष्ठान, पेट्रोल पंप व अस्पताल हैं। यहां रात के वक्त कोई पुलिस कर्मी नहीं दिखा। सड़क पर वाहनों की आवाजाही हो रही थी। कुछ लोग अपना काम निपटाकर पैदल घर जा रहे थे। आसपास की गलियों में बिजली व्यवस्था नाकाफी थी।

### सुनगढ़ी तिराहा



दृश्य 2

रेलवे स्टेशन रोड पर सुनगढ़ी तिराहे के पास अधिकांश दुकानें बंद हो चुकी थीं। चंद प्रतिष्ठान खुले थे, जो एक-एक करके बंद हो रहे थे। थाना सुनगढ़ी गेट पर पुलिस की गाड़ी लाल-नीली बत्ती जलाए खड़ी थी। दूर से ऐसा लगा कि शायद पुलिस मुस्तैद है। मगर न गाड़ी के अंदर कोई पुलिसकर्मी था, और ना ही आसपास पुलिस थी।

### छतरी चौराहा



दृश्य 3

टनकपुर हाईवे स्थित छतरी चौराहा शहर का अति व्यस्त इलाका है। यहां बने पुलिस सहायता केंद्र को पिंक बूथ का नाम दिया गया है। उत्तराखंड की तरफ जाने वाले यात्री यहीं से बस में बैठते हैं। इससे देर रात तक यात्रियों की भीड़ रहती है। यहां कई बार मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। 10 दिन पहले यहां पर दो पक्षों में मारपीट के वीडियो वायरल हुए थे। यहां पर भी पिंक बूथ बंद मिला और पुलिस नहीं दिखी।

### नौगवां चौराहा



दृश्य 4

शहर के नौगवां चौराहा का हाल भी कुछ खास ठीक नहीं दिखा। यहां से रात के वक्त दिल्ली जाने वाले यात्री बसों पर सवार होते हैं। नजदीक में ही स्थित शराब की दुकान के बाहर कुछ माह पहले ही दो गुटों में मारपीट हो गई थी। जिसमें एक पक्ष से सभासद पर भी एफआईआर की गई थी। मगर यहां पर बना पिंक बूथ भी बंद था।

### चावला चौराहा



दृश्य 5

शहर का चावला चौराहा मुख्य बाजार के बीच स्थित है। पांच फरवरी को यहीं पर एक मोबाइल शॉप में नकब लगाकर पंद्रह लाख की चोरी हुई थी। जिसके बाद व्यापारी नेताओं ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की थी। पर्स लूट की घटना के बाद भी निगरानी बढ़ाने की मांग की गई थी। मगर गुरुवार रात को यहां पर भी सन्नाटे के बीच पुलिस नदारद दिखी।

## पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग से दूसरे दिन भी हटाया अतिक्रमण

**बीसलपुर, अमृत विचार:** पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य को लेकर एनएचएआई टीम की ओर से शुक्रवार को भी अतिक्रमण हटाया गया। कई दुकानदारों ने जद में आ रहे हिस्से को खुद ही ध्वस्त कर दिया। इस मार्ग पर पिछले कई दिनों से चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। शुक्रवार को भी टीमें पहुंची और चिन्हित किए गए अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करा दिया गया। मंदिर कमेटी के विरोध के चलते अभी नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। पूर्वी क्षेत्र में नाले की खुदाई व निर्माण कार्य चल रहा है। एनएचएआई के परियोजना निदेशक आरके कौशिक का कहना है कि निर्माण कार्य तेजी से कराने के लिए अतिक्रमण हटाया जा रहा है।

## पड़ोसियों ने घर में घुसकर की मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला नखासा निवासी राखी ने सुनगढ़ी थाना पुलिस को बताया कि पड़ोस के ही हरीश, उसकी पत्नी नन्हीं, बेटा वीनुश और भाई आए दिन झगड़ा करते हैं। आरोपियों ने 16 फरवरी को दोबारा घर में घुसकर मारपीट की। बीच बचाव कराने पर महिला के बीमार पति को भी पीटा।

## सांड़ के हमले में किशोर घायल

**दियोरियाकलां।** खेत पर गए एक किशोर को सांड़ ने हमला कर घायल कर दिया है। शुक्रवार सुबह ग्राम घुरीखुर्द निवासी 16 वर्षीय शशांक अपने खेत पर काम करने गया था। तभी उस पर एक सांड़ ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों पर काम कर रहे लोगों ने लाठी फटकार कर सांड़ को भगाया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ग्रामीण की बाइक चोरी

**बीसलपुर।** ग्राम अमृता खास निवासी सर्वेश कुमार पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि 29 फरवरी की शाम पांच बजे वह बाइक पर सब्जी लेने बाजार गया था। उसने एक स्थान पर पेड़ के पास अपनी बाइक खड़ी कर दी और सब्जी खरीदने चले गए। कुछ देर बाद वापस आए तो बाइक गायब थी। काफी तलाशने के बाद बाइक का कुछ पता नहीं चला। सर्वेश ने पुलिस को तहरीर दे दी है।

# किशोरी से दुष्कर्म में दो को 10 साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- पीड़िता को ले जाने में सहयोगी चार अन्य दोषियों को सात वर्ष की सजा
- अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** बहला फुसलाकर किशोरी को ले जाने और दुष्कर्म के नौ साल पुराने मामले में छह आरोपियों को अदालत ने सजा सुनाई गई। अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट में दो दोषियों को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। इसी मामले में किशोरी को ले जाने में सहयोगी रहे चार अन्य दोषियों को सात साल की सजा सुनाई गई है। सभी दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। पैरवी विशेष लोक अभियोजक रोहित कुमार शुक्ल ने की।

अभियोजन के अनुसार पूरनपुर कोतवाली में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर बताया था कि 27 सितंबर 2015 की शाम करीब सात बजे ग्राम रम्पुरा फकीरे गांव निवासी लालजीत पुत्र गोविंदराम अपने साथी जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर निवासी रामचंद्र पुत्र जयराम के साथ उसके घर आया। आरोपी वादी की 14 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। इस घटना में वादी के गांव की ही गुड्डी देवी, तारादेवी ने भी सहयोग किया। वादी की पत्नी ने बाइक पर पुत्री को बैठाकर ले जाते हुए अभियुक्तों देखा। तीन अक्टूबर 2015 को कोतवाली पूरनपुर में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया।

मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम की अदालत में चली। दोनों पक्षों को सुनने और पत्रावली का परिशीलन करने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त लालजीत व रामचंद्र को 10 -10 साल कैद और प्रत्येक को 33 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अभियुक्त गंगाराम, , गुड्डी देवी, तारादेवी और वीरपाल को बहला फुसलाकर ले जाने में सहयोग करने पर सात-सात साल कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। अर्थदंड की 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिपूर्ति देय होगी।

## गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को तीन साल कैद, जुर्माना

**पीलीभीत।** गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट चंद्रमोहन मिश्र ने अभियुक्त माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लपुर खजुरिया निवासी सुरेश पुत्र ख्यालिराम को दोषी पाते हुए तीन साल कैद और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। इसी मामले में दूसरे अभियुक्त रामपाल पुत्र जगन्नाथ की मृत्यु हो जाने के कारण उसके खिलाफ कार्यवाही 28 अगस्त 2015 को उपशमित कर दी गई थी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ल ने की। बता दें कि आरोपियों के खिलाफ माधोटांडा थाने में 2003 में एफआईआर दर्ज की गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

# हंगामे के बाद सीएचसी कर्मियों को नोटिस जारी

संवाददाता, पूरनपुर

- इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर सभासद ने एसीएमओ के सामने किया था हंगामा

**अमृत विचार:** सीएचसी में सभासद के हंगामा करने के मामले में स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने इमरजेंसी स्टाफ व अन्य कर्मचारियों को चेतावनी नोटिस जारी किया है। भविष्य में शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा लेने गए एक दिव्यांग मरीज को इमरजेंसी में नहीं देखा गया। इस पर सभासद नादिर रजा बरकाती ने जांच के लिए पहुंचे एसीएमओ हरीदत्त नेमी के सामने लापरवाही का आरोप लगाते हुए गुरुवार को हंगामा किया था। इमरजेंसी में स्टाफ के मौजूद ना रहने की शिकायत की गई थी। सभासद के हंगामा करने के बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिकेत गंगवार ने सख्ती की है। उन्होंने गुरुवार को इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर और स्टाफ नर्स समेत अन्य कर्मचारियों को चेतावनी नोटिस भेजा है। इसके अलावा अस्पताल में तैनात अन्य पटलों के कर्मचारियों को भी नोटिस भेज कर चेतावनी दी गई है।

अस्पताल में 19 स्थाई और दर्जनों संविदा कर्मचारी तैनात है। एमओआईसी ने बताया कि इमरजेंसी स्टाफ के गायब रहने पर चेतावनी नोटिस जारी किया गया है। अन्य सभी कर्मचारियों को भी लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई है।

# टकराने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली पलटी एक चालक की मौत, तीन लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गुरुवार रात बनकटी रोड पर ललपुरिया-बिलगवां के बीच हुआ हादसा

**अमृत विचार:** वाहनों की तेज रफ्तार फिर हादसे का सबब बन गई। बनकटी रोड पर दो ट्रैक्टर ट्रालियां आपस में टकराने के बाद रोड से नीचे खाई में पलट गई। इस हादसे में एक चालक की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलीगंज देशनगर निवासी धर्मपाल (28) पुत्र छोटेलाल खेती करते थे। गुरुवार रात वह अपने साथी प्रेमस्वरूप के साथ हरकिशनापुर गांव से ट्रैक्टर ट्राली में गन्ने लादकर एलएच चीनी मिल जा रहे थे। बकनटी रोड पर ललपुरिया-बिलगवां गांव के बीच पहुंचते पर सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली से ओवरटेक करते वक्त टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली सड़क से नीचे खाई में पलट गई। ट्राली में लद गन्ने बिखर गए, जिससे धर्मपाल नीचे दब गए।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने गन्ने हटाकर धर्मपाल को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जबकि उसका साथी प्रेमस्वरूप और दूसरे ट्रैक्टर पर सवार लाखन व मुकेश घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर न्यूरिया पुलिस मौके पर जा पहुंची। इसके बाद घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी मौके पर जा पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

> हादसे में एक ग्रामीण की मौत हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर गए थे। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। –**प्रदीप बिश्नोई**, एसओ न्यूरिया

### हादसे के बाद मौके पर लगा रहा जाम

बनकटी रोड पर हुए हादसे के बाद कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। ट्राली में भरे गन्ने सड़क पर फैल गए। इससे रोड के दोनों मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजने के बाद जाम खुलवाया। दूसरे दिन भी खाई में पलटी ट्रैक्टर ट्रालियों को देखने के लिए लोग जुटे रहे।

# स्टांप चोरी में फंसे पूरनपुर चेयरमैन, लगा जुर्माना

**पीलीभीत, अमृत विचार:** भाजपा नेता और पूरनपुर नगर पालिका के चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता एक बार फिर स्टांप चोरी में दोषी पाए गए। न्यायालय एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पुनिया ने उन्हे दोषी पाते हुए एक लाख दो हजार आठ सौ रुपये जुर्माना डाला है। उन्हे अब 1 लाख 64 हजार 680 रुपये जमा कराने होंगे।

बता दें कि चेयरमैन पूरनपुर शैलेंद्र गुप्ता ने आवाशीय जमीन को कृषि भूमि दर्शाकर 61880 रुपये की स्टांप की चोरी की थी। सहायक महानिरीक्षक निबंधन ने इसे लेकर आख्या दी थी कि मोहल्ला कायस्थान निवासी राकेश की भूमि का कुछ हिस्सा चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता ने विक्रय किया था।जब इसका स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पता चला कि आवासीय भूमि को कृषि भूमि दर्शा कर राजस्व को क्षति पहुंचाई गई है। कुल 61880 रुपये की स्टांप चोरी पाई गई थी। एडीएम वित्त एवं राजस्व कोर्ट में वाद दायर कर सुनवाई की गई।जिसके बाद न्यायालय ने आदेश किए है। उधर, चेयरमैन से उनका पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन काल रिसीव नहीं हो सकी।

# गृहक्लेश के चलते युवक ने फंदे से लटककर जान दी

संवाददाता, बीसलपुर

- बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम सिसैया जलालपुर में हुई घटना
- परिजनों ने लगाया पत्नी पर प्रताड़ित करने का आरोप



मृतक ओमप्रकाश का फोटो।

**अमृत विचार :** गृहक्लेश के चलते एक युवक ने फंदे से लटक कर जान दे दी। उसका शव अपने ही कमरे में लटका मिलने के बाद कोहराम मच गया। मृतक के पिता ने पुत्रवधू पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस पड़ताल में जुट गई है।



कोतवाली पहुंचे मृतक के परिवार वाले। ● अमृत विचार

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसैया जलालपुर निवासी ओमप्रकाश (30) पुत्र रामऔतार की शादी पांच साल पहले लखीमपुर खीरी के थाना संपूर्णानगर क्षेत्र के ग्राम सुमेरनगर निवासी आरती से हुई थी। उनके कोई संतान नहीं है। गुरुवार रात को ओमप्रकाश ने अपने ही में फंदे से लटककर जान दे दी। देर रात परिजनों ने उसका शव दुपट्टे के सहारे कमरे में लटका देखा। इसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस ने मौका मुआयना किया। पिता का आरोप है कि ओमप्रकाश से उसके पत्नी आए दिन झगड़ा करती थी। इससे वह परेशान रहता था। गुरुवार रात को भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पारिवारिक कलह के चलते युवक के खुदकुशी करने की बात सामने आई है।

# घरों के आगे खोदकर छोड़ दिया नाला, लोग परेशान



बरखेड़ा में घरों के आगे खोदकर छोड़ा गया नाला। ● अमृत विचार

संवाददाता, बरखेड़ा

- जलभराव और गंदगी की वजह से निकलना हुआ दूभर, हादसे का रहता है डर

**अमृत विचार:** चौड़ीकरण कार्य के दौरान कराया जा रहा नाला निर्माण लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। नाला खोदकर छोड़ दिए जाने से दो मकानों के आगे जलभराव और गंदगी का ढेर लग गया है। इससे आने जाने में दिक्कत हो रही है। बच्चों के नाले में गिरने का डर बना रहता है।

पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग पर पिछले कई माह से चौड़ीकरण कार्य चल रहा है। बरखेड़ा कस्बे में मुख्य मार्ग पर दोनों तरफ पानी निकास के लिए नाला निर्माण किया जा रहा है।पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज के सामने श्याम लाल पांडेय के मकान के पास 15 दिन पहले नाला खोदा गया था। खुदाई के बाद नाला खुला छोड़ दिया गया। इससे जलभराव और मिट्टी के ढेर लगे होन से गंदगी फैली है। लोगों को गंदे पानी में होकर निकलना पड़ रहा। यहां के श्यामलाल पांडेय का कहना है कि उनके परिवार में छोटे-छोटे बच्चे हैं। नाला खुला होने से से बच्चों को लेकर हादसे का डर रहता है। वहीं, भोपतपुर रेलवे स्टेशन जाने वाले मार्ग स्थित तिराहे के आगे क्षेत्रीय गांधी आश्रम का भवन है। तिराहे के समीप पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। एक तरफ पुलिया का निर्माण कार्य हो चुका है, और दूसरी तरफ होना बाकी है। इससे भी राहगीरों को दिक्कत हो रही है।



> कस्बे में मुख्य मार्ग पर नाला निर्माण के लिए जमीन की खुदाई की गई थी। काफी दिन गुजरने के बाद भी नाले का निर्माण नहीं किया गया है। खोदे गए नाले में पानी भरा हुआ है। नेशनल हाईवे के अधिकारियों से इस नाले के निर्माण को लेकर मौखिक वार्ता हुई है। उनका कहना है कि दो दिन में नाले का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। – **श्याम बिहारी भोजवाल**, चेयरमैन नगर पंचायत बरखेड़ा

**अव्यवस्था** मंडी में अधिकांश क्रय केंद्रों के लटकते नजर आए बैनर, होली बाद क्रय केंद्रों पर रौनक आने का अनुमान

# गेहूं खरीद : पहले दिन क्रय केंद्रों पर पसरा रहा सन्नाटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मंडी समिति में सेंटर पर आधे अधूरे इंतजाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिले में गेहूं खरीद के पहले दिन शुक्रवार को आधी-अधूरी तैयारियां दिखीं। अधिकांश क्रय केंद्रों पर तैयारियों के नाम पर सिर्फ बैनर लटके नजर आए। गेहूं की कटाई शुरू न होने के चलते खरीद के पहले दिन क्रय केंद्रों पर पूरे दिन सन्नाटा पसरा रहा।

पिछले सत्र 2022-23 में जिले में गेहूं खरीद की स्थिति बेहद खराब रही थी। एक फीसदी से कम खरीद होने की वजह से प्रशासन की खूब किरकिरी हुई थी। इस बार शासन का पूरा जोर गेहूं खरीद पर है। जिले में गेहूं की फसल अभी पक नहीं पाई है। इधर, शासन के निर्देश पर इस बार एक माह पूर्व ही गेहूं खरीद शुरू कर दी गई है। शासन ने गेहूं खरीद से पूर्व किसानों का पंजीकरण करने एवं 100 क्विंटल से अधिक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों का सत्यापन करने के आदेश दिए है।

पहली मार्च से शुरू होने वाली गेहूं खरीद को लेकर बड़े दावे किए गए थे। खरीद शुरू होने से एक दिन पूर्व जब क्रय केंद्रों पर कोई तैयारी नहीं दिखी तब अधिकारियों ने पहली मार्च को जिले के सभी क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं चाक-चौबंद होने की बात कही थी। मगर, गेहूं खरीद के पहले दिन शुक्रवार को तैयारियों आधी-अधूरी ही पाई गई।

> शासन के निर्देशानुसार गेहूं खरीद शुरू की गई है। गेहूं की कटाई न होने से अभी आवक शुरू नहीं हुई है। पहले दिन क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। जहां व्यवस्थाएं अधूरी मिली है, उन क्रय केंद्रों पर तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने को निर्देशित किया गया है। –**वीके शुक्ल**, डिप्टी आरएमओ

### मंडी में खानापूरी के नाम रहा पहला दिन

जिले में 145 क्रय केंद्रों के माध्यम से गेहूं खरीद होनी है। स्थानीय मंडी समिति परिसर में खाद्य विभाग के 10, पीसीयू के आठ, यूपीएसएस के सात और नेफड, एफसीआई, पीसीएफ के एक-एक क्रय केंद्र के माध्यम से खरीद होनी है। खरीद के पहले दिन शुक्रवार दोपहर मंडी समिति परिसर में 28 में से महज पांच केंद्र ही खुले पाए गए। अधिकांश क्रय केंद्रों पर मात्र बैनर ही झूलते नजर आए। खाद्य विभाग और यूपीएसएस को छोड़कर किसी अन्य एजेंसी के क्रय केंद्र खुले नहीं पाए गए। ऐसे में क्रय केंद्र न खुलने से किसानों का पंजीकरण भी नहीं हो सका।

### डिप्टी आरएमओ ने किया क्रय केंद्रों का निरीक्षण

डिप्टी आरएमओ वीके शुक्ला ने शुक्रवार को स्थानीय मंडी समिति व पूरनपुर मंडी पहुंचकर क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। क्रय केंद्रों परउन्होंने अभिलेख देखे। क्रय केंद्रों पर किसानों के पंजीकरण की जानकारी लेने के साथ ही उन्होंने केंद्र प्रभारियों का किसानों का पंजीकरण करने के निर्देश भी दिए। साथ ही जिन क्रय केंद्रों पर व्यवस्थाएं अधूरी मिली, वहां व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। लापरवाही मिलने पर पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी।

## घर में घुसकर तमंचे के बल पर युवती से दुष्कर्म

**गुलाबटांडा, अमृत विचार:** घर घुसकर गांव के युवक ने एक युवती से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

क्षेत्र की एक महिला ने थाना माधोटांडा में दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार रात उसकी पुत्री कमरे में सो रही थी। देर रात गांव हो आकाश यादव उर्फ राम नारायन दीवार फांदकर घर में घुस आया। तमंचे के बल पर पुत्री को धमकाते हुए दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारने की धमकी दी। एसओ अचल कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर इस मामले में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है। फिर आगे की कार्रवाई होगी।

दाँतों में तकलीफ
अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler ) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना । ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज । ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना । (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज । (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना । (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ ग्राम प्रधान/ नगर पंचायत/चेयरमैन/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिर्पोटर/ स्वतंत्रता सेनानी

# डीएम को निरीक्षण के दौरान गांव में नहीं मिले सफाई कर्मी, होगी कार्रवाई

## डीएम के निर्देश पर डीपीआरओ ने जांच एडीओ पंचायत को देकर तीन दिन में रिपोर्ट मांगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सीमावर्ती ग्राम पंचायत बूंदीभूड़ व वमनपुर भगीरथ का मामला

**अमृत विचारः** ग्रामीण इलाकों की सफाई व्यवस्था बदतर होने की शिकायतें आए दिन अधिकारियों के दफ्तर पहुंचती है। मगर जांच के नाम पर टालमटोल कर दी जाती है। शुक्रवार को डीएम के निरीक्षण के दौरान हकीकत सामने आ गई। ग्राम पंचायत बूंदीभूड़ और वमनपुर भगीरथ में निरीक्षण को पहुंचे डीएम को सफाईकर्मी नहीं मिले। डीएम ने डीपीआरओ को सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इधर, इस मामले में डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत से जांच कर तीन दिन के अंदर जांच रिपोर्ट मांगी है।

जनपद की ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों के ड्यूटी से नदारद रहने की शिकायतें आम हो चुकी है। ऐसी शिकायतों के ज्यादातर मामले जांच के नाम पर दबा दिए जाते हैं। इससे सफाई कर्मियों की लापरवाही बढ़ती जा रही है। पिछले माह शिकायत मिलने पर डीपीआरओ ने दो सफाई कर्मियों को निलंबित किया था।

> जिलाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत बूंदीभूड़ व वमनपुर भगीरथ का निरीक्षण किया गया था। ग्रामीणों द्वारा सफाईकर्मियों के गांव में न आने की बात कही गई। इस मामले में एडीओ पंचायत को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> – **सतीश कुमार**, डीपीआरओ

23 फरवरी को डीएम संजय कुमार सिंह और तत्कालीन एसपी अतुल शर्मा बार्डर एरिया के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम पंचायत बूंदीभूड़ में निरीक्षण के दौरान जहां-तहां गंदगी मिलने पर डीएम ने सफाई कर्मी के बारे में पूछा।

उस दौरान सफाई कर्मी गांव में मौजूद नहीं था। डीएम के पूछने पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सफाई कर्मी आता ही नहीं है। कभी-कभार आता भी है तो इधर-उधर बैठकर बिना सफाई किए चला जाता है। ऐसी ही स्थिति डीएम को ग्राम पंचायत वमनपुर भगीरथ में मिली। इस पर डीएम ने डीपीआरओ सतीश कुमार को सफाई कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई करने के दिए है।

इधर, डीपीआरओ सतीश कुमार ने पूरनपुर ब्लॉक के एडीओ पंचायत को जांच करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेश में ग्रामीणों के बयान लेने के साथ जांच रिपोर्ट तीन दिन के अंदर प्रस्तुत करने को कहा गया है। अब जांच रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई तय मानी जा रही है।

### कई कर्मचारी कर रहे दफ्तर और आवास पर काम

अधिकारियों के निरीक्षण में कई बार सफाई कर्मचारी तैनाती वाले गांवों से नदारद मिल चुके हैं। एक बार फिर जांच के आदेश कर दिए गए हैं। मगर इन सबके के बीच एक और बात जगजाहिर हैं। अभी भी तमाम ऐसे सफाई कर्मचारी हैं, उनका वेतन भले ही मूल तैनाती वाले गांवों के नाम पर निकाला जा रहा हो, लेकिन जिम्मेदारों के दफ्तर और आवास पर अटैच होकर वह चाकरी कर रहे हैं। कई बार इसे लेकर शासन स्तर से भी आदेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन सख्ती धरातल पर नहीं हो सकी। बीते साल तत्कालीन डीपीआरओ सुबोध जोशी ने कई अधिकारियों के दफ्तर और आवास पर अटैच सफाई कर्मचारियों को हटाकर वापस तैनाती स्थल पर जाने के आदेश कर दिए थे। जिसके बाद कुछ तत्कालीन अफसर खफा भी हो गए थे ।जिसके बाद सफाई कर्मचारियों का हालत तो पुनः जस का तस हो गया। मगर इस आदेश को लागू कराने की कोशिश में जिम्मेदारों के बीच अनबन हो गई थी। उस वक्त 70 से अधिक सफाई कर्मचारी ऐसे चिन्हित किए गए थे। इतना ही नहीं राजनेताओं के यहां पर भी कई सफाईकर्मचारी खुद को अटैच कराए भी उस वक्त निकले थे।

# धूमधाम से निकाली राम बरात जनकपुरी में हुई विवाह की रस्में

संवाददाता, बिझौली



श्रीराम बरात में सजी राम-लक्ष्मण की झांकी।

**अमृत विचारः** रजागंज बाजार में चल रहे श्रीराम लीला महोत्सव में शुक्रवार को भव्य राम बरात निकाली गई। कस्बा सहित विभिन्न बाजारों का भ्रमण करते हुए शहाबुद्दीनपुर स्थित जनकपुरी पहुंची।

इस दौरान जमकर आतिशबाजी भी की गई और लोगों ने जगह-जगह फूल बरसाकर स्वागत किया। धार्मिक विद्वानों ने महाराज जनक की पुत्रियों के साथ प्रभु श्रीराम, उनके तीनों अनुजों के विवाह की रस्म को विधि-विधान से संपन्न कराया।

ऐतिहासिक धरोहर को संजोए रजागंज बाजार में हो रहे श्री रामलीला महोत्सव में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बरात धूमधाम से निकाली गई। प्रभु श्रीराम अपने तीनों भाइयों के साथ दूल्हा बनकर रथ पर सवार होकर निकले। राम बरात में कई झांकी, बैंड शामिल रहे। कई जगह पुष्पवर्षा कर बरात का स्वागत किया गया। श्रीराम बरात हनुमान गली स्थित राम मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न बाजारों का भ्रमण करते हुए देर रात शहाबुद्दीनपुर मंदिर में बनाई गई जनकपुरी में पहुंचीं। जहां श्रीराम बरात का स्वागत कर विवाह की रस्में निभाई गईं। प्रभु श्रीराम अपने अनुज लक्षमण, भरत और शत्रुघ्न के साथ दूल्हा बनकर रथ पर सवार होकर निकले। श्रीराम बारात का पुष्पवर्षा कर स्वागत, आरती उतार कर प्रसाद का वितरण किया गया।

### श्रीराम जी की बरात का स्वागत किया

रजागंज निवासी राजकिशोर सिंह ने माला पहना कर कलाकारों की आरती उतारी। राधेश्याम वर्मा ने प्रभु श्रीराम-लखन को कलेवा खिलाया। ग्राम प्रधान पति राकेश वर्मा ने भोलेनाथ, श्रीराम-जानकी की आरती उतारी। राम बरात जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेश चन्द्र कनौजिया के आवास के पास से होते हुए वापस मेला प्रांगण में पहुची। साथ में राकेश वर्मा, प्रमोद वर्मा, उमेश वर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिना भेदभाव कराए जा रहे विकास कार्य

**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से शुक्रवार को युवा चौपाल का आयोजन गांव घियोहना और चुड़ैला बंजरिया में किया गया। मुख्य अतिथि बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। विधायक ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि पहले गांव की महिलाओं और पुरुषों को खुले में शौच जाना पड़ता था अब डबल इंजन की सरकार द्वारा घर घर शौचालय निर्माण कराया गया है। सरकार सबका साथ सबका विकास के एजेंडे पर बिना किसी भेद-भाव के कार्य कर रही है। सीधा लाभ गरीबों को प्राप्त हो रहा है। पहले बिचौलिए उनका लाभ हड़प जाते थे, जो अब नहीं हो रहा है।

# गोवंश के अवशेष मिलने का मचा शोर, पुलिस ने नकारा

संवाददाता, पूरनपुर

- एक कॉलेज के पीछे तालाब किनारे देखे गए थे पशु के अवशेष

**अमृत विचारः** नगर के एक डिग्री कॉलेज के पीछे तालाब में प्रतिबंधित पशुओं के अवशेष मिलने की चर्चा से हंगामा मच गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि उन्होंने रात में दो गोवंश छुड़ाए थे। इसके दूसरे दिन सुबह एक अन्य पशु के अवशेष मिल गए। जिसका अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि पुलिस ने जांच के बाद अवशेष किसी मृत पशु के होने की बात कही।

राष्ट्रीय बजरंग दल के शिवम भदोरिया ने कहा कि गुरुवार शाम उन्हें सूचना मिली थी कि बंडा रोड पर एक डिग्री कॉलेज के पीछे प्लॉट में गोवंशीय पशुओं को बांधा गया है। जानकारी लगते ही वह अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे। जहां से उन्होंने दो गोवंशीय पशुओं को बंधन मुक्त कराया। इस बीच पशुओं को बंधक बनाने वाले मौके से फरार हो गए।

रात करीब एक बजे तक उनकी टीम वहां देखरेख करती रही। गुरुवार सुबह जिस स्थान से पशुओं को बंधन मुक्त कराया गया। उससे कुछ दूरी पर तालाब के किनारे एक पशु के अवशेष देखे गए। इसकी सूचना पर बजरंग दल कार्यकर्ता दोबारा मौके पर जा पहुंचे और फिर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद अवशेषों को तालाब के किनारे ही मिट्टी में दबा दिया गया। वहीं, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जिस पशु के अवशेष मिले हैं, उसकी हत्या की गई है।

# ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी को लेकर थाने पहुंचे योगी सेना के कार्यकर्ता

संवाददाता, बरखेड़ा



एसएसआई से बातचीत करते राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई थी प्रधान के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ता महंत योगी सरोज नाथ की अगुवाई में शुक्रवार को बरखेड़ा थाने पहुंचे और खुदकुशी को विवश करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई एफआई के आरोपी प्रधान की गिरफ्तारी की मांग की। विवेचना को गति न दिए जाने पर नाराजगी जताई। सोमवार तक गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार से आंदोलन की चेतावनी दी गई। विवेचक पर साठगांठ करने का आरोप लगाया।

कोर्ट के आदेश पर 30 जनवरी को बरखेड़ा थाने में ग्राम खजुरिया पचपेड़ा निवासी गीता देवी की ओर से ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार के खिलाफ खुदकुशी को विवश करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोप था कि ग्राम प्रधान राजेंद्र कुमार ने पीड़ित परिवार को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर सुविधा शुल्क लिया था। बाद में 30 हजार रुपये और मांगे जा रहे थे। रुपये न देने पर फंसाने की धमकी दी गई। 16 नवंबर 2023 को गीता के पति से गाली गलौज कर धमकाया था। इससे परेशान होकर 17 नवंबर 2023 को उसके पति ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। इस प्रकरण की विवेचना चौकी करोड़ के दरोगा कर रहे हैं। इस मामले में राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ता शुक्रवार को बरखेड़ा थाने पहुंचे। एसएसआई सिद्धांत शर्मा से मुलाकात की और विवेचक पर साठगांठ करने का आरोप लगाया। प्रधान की गिरफ्तारी की मांग की गई।

मुलाकात करने वालों में राष्ट्रीय योगी सेना के जिला संयोजक विभांशु शुक्ला, जिला महामंत्री उमेश कुमार, सुरजीत चौहान, गोपाल वर्मा, जिला अध्यक्ष सुमित कुमार शर्मा आदि रहे। एसएसआई ने बताया कि विवेचना की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

Lifelines MEDICAL OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# निर्माण के नाम पर पत्थर डालकर छोड़ दी सड़क, एक दर्जन गांवों के लोग परेशान




अधूरे पड़े मार्ग पर लगा निर्माण कार्य संबंधी बोर्ड। ● अमृत विचार



जर्जर हालत में कनाकोर वायां सैजना मुश्तकिल नवादा खुशहाली गांव को जाने वाली सड़क ।

संवाददाता, ललौरीखेड़ा (पीलीभीत)

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 4.87 करोड़ से होना था 9.600 किमी सड़क का निर्माण
- 17 जून 2023 तय की गई थी सड़क निर्माण कार्य पूरा करने की तिथि

**अमृत विचार :** ग्रामीण इलाकों में सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर आए दिन सवाल उठते रहते हैं। कई सड़कों के उखड़ने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। ठेकेदारों पर कार्रवाई भी हुई, लेकिन अभी भी कई इलाकों में हालात बदतर बने हुए हैं। कनाकोर से नवादा खुशहाली को जाने वाली सड़क का निर्माण पिछले करीब एक साल से अधूरा है। इससे दर्जन भर से अधिक गांवों हजारों लोग परेशान है। ठेकेदार की ओर से पत्थर डालकर छोड़ दिया गया। खास बात है कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने की तिथि भी गुजर चुकी है।

पीलीभीत-बरेली मार्ग से कनाकोर वायां सैजना मुश्तकिल नवादा खुशहाली गांव को जाने वाली 9.600 किमी सड़क का निर्माण कार्य 8.87 करोड़ रुपये से होना था। निर्माण कार्य 18 जून 2022 को शुरू हुआ था, जिसमें काम पूरा करने का समय 17 जून 2023 तय किया गया था। निर्माण कार्य का ठेका मै. तिरुपति बालाजी कंस्ट्रक्शन कानपुर रोड लखनऊ को दिया गया था। ग्रामीणों की मानें तो कुछ समय तक इस मार्ग पर पत्थर बिछाए गए। उसके बाद काम बंद कर दिया गया। एक साल से अधिक समय होने को है, लेकिन कोई भी काम नहीं किया गया। मौके पर एक बोर्ड लगा दिया गया है। जिसमें सड़क निर्माण कराए जाने का पूरा विवरण लिखा है।

इस मार्ग से खरुआ, सैजना, मीरपुर, प्यास, शरीफगंज, ढकिया, कनाकोर, रम्पुरा उझैनिया, ऐमी, गहलुईया, गोंछ करीब 15 गांवों के 30 हजार से अधिक ग्रामीणों आते जाते हैं। स्कूली बच्चे और मरीज भी इसी मार्ग जाते हैं। पत्थर पड़े होने के कारण इधर निकलना दूभर हो गया है। निर्माण कार्य के नाम पर पत्थर डालकर छोड़ दिया गया तो सफर और मुसीबत भरा हो गया है। कई बार वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं। बिजली न होने से रात में और अधिक दिक्कत होती है।



पूरा मार्ग ही उखड़ा पड़ा है। मार्ग को बेहतर बनाए जाने के दावे किए गए थे। मगर डेढ़ साल होने वाला होगा, हालात और बदतर हो गए। अब न तो ठेकेदार आता है न ही कोई अधिकारी सुध ले रहा है। ग्रामीण परेशान हैं।

–मुनेंद्र गंगवार, ग्रामीण



बारिश के दिनों में अधिक दिक्कत हो लाती है। सड़क पहले ही जर्जर थी। पत्थर डालने के बाद और दिक्कत बढ़ गई। जलभराव होने पर गिरकर राहगीर घायल हो जाते हैं। आवागमन मुश्किल हो चुका है। पता नहीं कब तक सुधार होगा। **–भूदेव पटेल, ग्रामीण**



इन दिनों बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को भी दिक्कत उठानी पड़ रही है। रात के वक्त रोशनी के भी इंतजाम नहीं है। सुधार होना चाहिए।

**– वसीम, ग्रामीण**



कई सालों तक सड़क की मरम्मत का इंतजार किया। अब जब बनना शुरू हुई तो लगा था कि राहत मिली थी लेकिन मुसीबत और बढ़ गई। बालाजी के मंदिर आने वाले भक्तों को दिक्कत होती है। **– शिवकुमार, ग्रामीण**

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से किसान घायल

**पलिया कलां।** गांव पकरिया निवासी 52 वर्षीय किसान राज किशोर उर्फ पप्पू पलिया से गांव जा रहे थे। संपूर्णानगर रोड पर गुदड़िया बाबा स्थान के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए। सीएचसी से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### सामूहिक रुद्राभिषेक की तैयारियां जोरों पर

**पलिया कलां।** नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था श्रीकुल आश्रम पर शिवरात्रि के महापर्व पर सामूहिक रुद्राभिषेक की तैयारियां जोरों पर हैं। संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र ने बताया कि इस बार आठ मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व पड़ रहा है। उनके निर्देशन में पं. सोमेश माधव मिश्र, अतुल कुमार शुक्ल, पं. राजेंद्र तिवारी, पं. अभिषेक माधव मिश्र, धनेंद्र शुक्ल आदि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लग गए हैं।

### सिंगाही खुर्द से रानीनगर मार्ग का निर्माण शुरू

**संपूर्णानगर।** गांव सिंगाही खुर्द से मिर्चिया-रानीनगर को जाने वाली सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। शुक्रवार को जेसीबी से जर्जर मार्ग की खोदाई शुरू हुई तो लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बता दें कि क्षेत्रवासी सड़क निर्माण की लगातार मांग कर रहे थे। लोक निर्माण विभाग की तरफ से जेसीबी से सड़क की खोदाई की गई। करीब आठ सौ मीटर सड़क जर्जर थी।

### किशोरी के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**पसगवां।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव व्यक्ति ने बताया कि 17 फरवरी की शाम को उसकी 16 वर्षीय पुत्री गांव के पश्चिम गन्ने के खेत में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के ही कमल किशोर ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर आरोपी जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### घाटे में रहे हरदोई रीजन के अन्य चारों डिपो, डिपोवार आय के मामले में चौथे स्थान पर रहा गोला

# प्रति बस आय में लखीमपुर प्रथम व सीतापुर दूसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** फरवरी माह में आय अर्जित करने के मामले में लखीमपुर डिपो प्रथम रहा है। निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 102 प्रतिशत इनकम कर हरदोई क्षेत्र के अन्य पांच डिपो को काफी पीछे छोड़ दिया है।

इसी तरह प्रति बस लाभ अर्जित करने के मामले में भी लखीमपुर नंबर वन पर है। डिपो की हर बस 2495 रुपये लाभ में रही है, जबकि सीतापुर को छोड़कर अन्य चारों डिपो की बसें लाभ के बजाय घाटे में रहीं। एआरएम मुकेश मेहरोत्रा ने बताया कि लखीमपुर डिपो में 88 बसें अनुबंधित हैं। शासन से प्रतिदिन 11 लाख 65 हजार रुपये आय का लक्ष्य निर्धारित है। फरवरी माह में आय के मामले में ही नहीं, बल्कि प्रति बस लाभ में लखीमपुर प्रथम स्थान पर रहा है। उन्होंने बताया कि आय के मामले में गोला डिपो चौथे नंबर पर प्रति बस लाभ के मामले में 716 रुपये घाटे में रहा है। इनकम के साथ प्रति बस लाभ के मामले में लखीमुपर आगे भी नंबर वन रहे, इसके लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा। बताया कि यह उपलब्धि स्टाफ के सहयोग और परिचालकों की मेहनत का नतीजा है।



रोडवेज बस स्टेशन।

**माह फरवरी की डिपोवार आय**

| क्र.सं. | डिपो | आय प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | लखीमपुर | 102 |
| 2 | सीतापुर | 92 |
| 3 | कन्नौज | 88 |
| 4 | गोला | 87 |
| 5 | शाहजहांपुर | 85 |
| 6 | हरदोई | 83 |

**प्रति बस लाभ में रहे डिपो**

| क्रसं. | डिपो | लाभांश (रुपये में) |
|---|---|---|
| 1 | लखीमपुर | 2495 |
| 2 | सीतापुर | 664 |

**प्रति बस घाटे में रहे डिपो**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | शाहजहांपुर | 1367 |
| 2 | हरदोई | 746 |
| 3 | गोला | 716 |
| 4 | कन्नौज | 430 |



डिपो के चालक परिचालकों और समस्त स्टाफ के सहयोग से यह उपलब्धि मिली है, जिसे बरकरार रखा जाएगा। मार्च महीने में भी अधिक आय का लक्ष्य निर्धारित किया जा रहा है। सभी चालक-परिचालक बधाई के पात्र हैं।
**-मुकेश मेहरोत्रा,** एआरएम रोडवेज डिपो, लखीमपुर

### युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया युवक, रिपोर्ट

**उचौलिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शाहजहांपुर जनपद में रहने वाले उसके दामाद की मौसी के लड़के का उसके घर आना जाना था।

पिछले कुछ वर्ष से वह अक्सर उसके घर आता था। 22 फरवरी की रात मौका पाकर वह उसकी बेटी को भगा ले गया। रिश्तेदारी सहित कई स्थानों पर बेटी की बरामदगी के लिए प्रयास किए, लेकिन वह नहीं मिल सकी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर युवती को बरामद करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

# गन्ने के खेत खाली होते ही बढ़ गए बाघ के हमले, दहशत में ग्रामीण

### पिछले 48 घंटों में बाघ के हमलों में एक युवक की गई जान, दो घायल, वन अधिकारी बोले- खुद पर खतरा भांप हमला करता है बाघ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** तराई में एक बार फिर बाघ आक्रामक होने लगे हैं। गन्ने की फसल कटने के साथ ही बाघों के हमले बढ़ गए हैं। पिछले 48 घंटे के अंतराल में बाघ के हमले से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो चुके हैं। वहीं तिकुनियां इलाके में बाघ ने भैंस को निवाला बना लिया है।

बता दें कि गन्ने के बीच अपना आशियाना बनाकर रहने वाले बाघ फसल कटान के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करने लगते हैं। परिणाम स्वरूप मानव-बाघ संघर्ष की घटनाएं बढ़ गईं हैं।

वहीं बाघों की बढ़ती संख्या से एक ओर जहां वन्य जीव प्रेमी और विशेषज्ञ खुश हैं। वन विभाग बाघ संरक्षण की बात कह रहा है तो दूसरी तरफ बाघों के जंगल से बाहर निकलकर खेत खलिहानों में घूमने से किसान से लेकर राहगीर तक परेशान हैं। पिछले दो वर्षों में बाघ से मानव की मौत के मामले भी बड़े हैं। इन बढ़ते मामलों के कारण ही ग्रामीणों में आक्रोश भी बढ़ता जा रहा है। गर्मी का मौसम भी शुरू होने वाला है, ऐसे में जंगल में पानी की कमी के कारण गत वर्षों में कई बार हिरण जंगल से चार किलोमीटर दूर तक बाहर आ चुके हैं। ऐसे में बफर जोन में मौजूद बाघों के जंगल के बाहर आने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।


खैरटिया-मझरा बांध रोड पर बाघ द्वारा भैंस को निवाला बनाने के बाद लगी भीड़।

**केस 1**
**28 फरवरी :** दक्षिण खीरी वन प्रभाग गोला रेंज जंगल से गुजर रहे कुकरा-गोला मार्ग पर पश्चिम बीट कंपार्टमेंट एक में दोपहर तीन बजे वाचर ने एक युवक का शव पड़ा देखा। उसके शरीर के निचले हिस्से को जंगली जानवरों ने खा लिया था। निरीक्षण में यह बात सामने आई कि युवक को बाघ ने निवाला बनाया है। क्योंकि युवक के चेहरे पर बाघ के पंजे के निशान के साथ ही शव के आसपास बाघ के पगचिह्न पाए गए।

**केस 2**
**28 फरवरी :** मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के बोझवा गांव में गन्ना छील रहे 40 वर्षीय मजदूर मातादीन पर बाघ ने हमला कर दिया। गनीमत रही कि साथी मजदूरों के शोर पर बाघ भाग गया, जिससे उनकी जान बच गई। गंभीर हालत में मातादीन को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**केस 3**
**29 फरवरी :** मोहम्मदी रेंज क्षेत्र के बोझवा गांव के उसी खेत में बाघ ने हमला कर हरीनगर निवासी श्रमिक मुकेश कुमार को जख्मी कर दिया, जहां 28 फरवरी को मातादीन को घायल किया था। श्रमिक मुकेश कुमार की गर्दन पर बाघ ने हमला कर दिया।

**केस 4**
**29 फरवरी :** बाघ ने दोपहर बाद बाबा की कुटी के पास गांव खैरटिया निवासी जग्गा सिंह की भैंस पर हमला कर दिया और उसे निवाला बना डाला। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण कर कांबिंग कराई। इससे पहले रविवार को भी बाघ ने एक गाय को निवाला बनाया था। मंगलवार को बाइक से जा रहे युवक पर भी हमला किया था, लेकिन वह बाल बाल बच गया था। लगातार बाघ के हमले और चहलकदमी में क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

#### शावकों के साथ खेत में बसेरा बना लेती है बाघिन



वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र शुक्ला कहते हैं कि शावक को बाघ मार डालता है, इसलिए बाघिन अपने शावकों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें जन्म देने से पूर्व ही सुरक्षित स्थान की तलाश करने लगती है। यही वजह है कि वह जंगल छोड़कर किनारे के गन्ने के घने खेत में अपना आशियाना बना लेती है। वह तब तक अपने शावकों के साथ उन्हीं क्षेत्रों में चहलकदमी करती रहती है, जब तक कि वे अपना शिकार स्वयं करने और अन्य वरिष्ठ बाघों से अपनी सुरक्षा के योग्य न हो जाएं। उसके बाद वह उन्हें लेकर कोर एरिया में चली जाती है। यदि गन्ना कटने तक बाघिन शावक के साथ जंगल में वापस नहीं जा पाती है तो वह आक्रामक होकर हमला कर देती है।

#### शिकार का पीछा करने जंगल से बाहर आते हैं बाघ




दुधवा में वन्यजीव प्रतिपालक रह चुके आनंद कुमार बताते हैं कि शिकार का पीछा करते हुए जंगल के बाहर बाघों का आना तो आम बात है। ऐसे बाघ शिकार करने के बाद पुन: जंगल में लौट जाते हैं, किंतु गर्भ धारण करने से लेकर शावकों के लगभग डेढ़ वर्ष की उम्र के होने तक बाघिन जंगल के बाहरी किनारों पर गन्ने के खेतों में ही ठिकाना बनाए रखती है, जिससे कि शावकों को बाघों से बचाया जा सके। इसी दौरान वह शावकों को शिकार करना भी सिखाती है। जब इनमें प्रतिरोध करने की क्षमता विकसित हो जाती है। तब वह उन्हें लेकर कोर एरिया में प्रवेश करती है, जहां उसका सामना क्षेत्र विस्तार के लिए अन्य बाघों से होता है।

#### नीमगांव के युवक का कुकरा जंगल में मिला अधखाया शव

**लखीमपुर खीरी।** थाना मैलानी क्षेत्र के कुकरा जंगल में बरामद अधखाए शव की शिनाख्त तीसरे दिन हो गई। वह थाना नीमगांव के गांव मालीपुर निवासी 45 वर्षीय नंदकिशोर निकला। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। 28 फरवरी को गोला वन रेंज की पश्चिमी बीट के कंपार्टमेंट नंबर एक कुकरा रोड पर जंगल में लोहिया पुल के पास लगभग 45 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। मौके पर पहुंचे बांकेगंज चौकी प्रभारी श्रीकृष्ण पाल और वनकर्मियों ने बाघ के हमले में मौत होने की आशंका जताई थी, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी थी। शुक्रवार को शव की शिनाख्त नीमगांव थाना क्षेत्र के मालीपुर गांव निवासी नंदकिशोर (45) के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र संदीप ने बताया कि उसके पिता शादी समारोह में बाजा बजाने का काम करते थे। 26 फरवरी को घर से एक शादी समारोह में बाजा बजाने के लिए निकले थे, लेकिन तब से घर वापस नहीं आए। उसका कहना है कि कोई जंगली जानवर उनके पिता के आधे शरीर को खा गया।

लोग कयास लगाते रहते हैं, किंतु बाघिनों के लिए जंगल से सुरक्षित स्थान कहीं और नहीं है, लेकिन कुछ परिस्थितियोंवश ही बाघ जंगल से बाहर खेतों में आशियाना बनाते हैं। बाघ हमला तभी करते हैं, जब उन्हें अपने ऊपर खतरा महसूस होता है। रही बात गर्मियों में पानी की तो वाटर होल्स में पानी की व्यवस्था करते हैं। जहां जरूरत होती है टैंकर से भी पानी भरवाया जाता है।
**-डॉ. टी रंगा राजू,** उपनिदेशक दुधवा बफर जोन।




## अस्पताल में गंदगी, सफाईकर्मी की तैनाती करने के दिए निर्देश


ओयल पीएचसी में निरीक्षण करते विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• ट्रामा सेंटर में हाईमास्ट लाइट लगवाने का दिया आश्वासन

**अमृत विचार:** भाजपा प्रदेश महामंत्री व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे कस्बे की पीएचसी एवं ट्रामा सेंटर पहुंचे। उन्होंने दवा लेने आए मरीजों और तीमारदारों से दवाएं आदि मिलने के बाबत जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। स्टाफ ने सफाई कर्मचारी न होने की बात कही। इस पर विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने डीपीआरओ सौम्यशील सिंह को फोन कर सफाई कर्मचारी की तैनाती करने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रामा सेंटर में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के लिए एक हाईमास्ट लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद बूथ संख्या 83 मां काली मंदिर परिसर में आयोजित प्रवास कार्यक्रम पहुंचकर बूथ अध्यक्ष के साथ पन्ना प्रमुखों के सत्यापन की जानकारी ली इस दौरान पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा गौतम, उमाबक्श, राकेश गुप्ता मौजूद रहे।

## बीआरसी पर दूसरे दिन बुनियादी भाषा का दिया प्रशिक्षण

**निघासन, अमृत विचार :** बुनियादी भाषा एवं गणित में कौशल विकास के लिए सातवें बैच के दूसरे दिन चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण भाषा कौशल के संबंध में बताया गया।

बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के निर्देश पर स्थानीय ब्लॉक संसाधन केंद्र एवं राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सहित दो स्थानों पर शिक्षकों के सातवें बैच का आरंभ प्रार्थना और राष्ट्रगान के उपरांत किया गया। मोबाइल विशेषज्ञ एआरपी एवं कार्यक्रम के प्रशिक्षक मनोज कुमार और नेहा उपाध्याय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के नियमों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर प्राथमिक विद्यालय बलदेव पुरवा के इंचार्ज प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार वर्मा, अध्यापक अमित कुमार सिंह, आशीष प्रताप सिंह, अवधेश चतुर्वेदी, डॉ. उत्तम कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड: प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर हटाए गए दो केंद्र व्यवस्थापक

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• नवयुग इंटर कॉलेज में पाठ्य सामग्री, शकूर खान इंटर कॉलेज में मिला प्रिंटर

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान गुरुवार को पर्यवेक्षण अधिकारी एडी बेसिक श्याम किशोर तिवारी ने जेडी माध्यमिक के साथ सात केंद्रों पर निरीक्षण किया। इसमें नवयुग इंटर कॉलेज के एक कमरे में 20 से 25 किताबें व गाइड आदि रखी मिली तो वहीं शकूर खान इंटर कॉलेज में प्रिंटर रखा मिला। इस पर दोनों विद्यालयों के केंद्र व्यवस्थापकों को हटाकर नए केंद्र व्यवस्थापकों को नियुक्त किया गया है।

डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नवयुग पब्लिक इंटर कॉलेज में हाईस्कूल विज्ञान विषय की गाइड भी मिली। जबकि पहली पाली में विज्ञान विषय का ही पेपर था। इस पर एडी बेसिक ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले। मगर, नकल कराए जाने का प्रमाण नहीं मिला। इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एडी बेसिक ने के निर्देश पर केंद्र व्यवस्थापक लल्लन खान को हटाकर वाईडी कॉलेज ओयल के प्रवक्ता वीर विक्रम सिंह को केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया है।

उधर, शकूर खान इंटर कॉलेज में निरीक्षण के समय परीक्षा केंद्र पर स्कैनर प्रिंटर रखा मिला। जबकि इस पर प्रतिबंध था। इस संबंध में केंद्र व्यवस्थापक शराफत खान संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। इस पर केंद्र व्यवस्थापक शराफत खान को हटाकर राजकीय हाईस्कूल कटकुसुमा के शिक्षक श्याम नाथ टंडन को यहां का केंद्र व्यवस्थापक बनाया गया।

#### उर्दू के पेपर में 17 छात्र-छात्राएं रहे गैर हाजिर

**लखीमपुर खीरी।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा के तहत शुक्रवार को पहली पाली में हाईस्कूल के उर्दू और इंटरमीडिएट के पंजाबी विषय की परीक्षा हुई है। डीआईओएस कार्यालय के कंट्रोल रूम प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पहली पाली में हाईस्कूल के उर्दू विषय में पंजीकृत 207 के सापेक्ष 190 उपस्थित और 17 अनुपस्थित रहे। जबकि इंटरमीडिएट के पंजाबी विषय की परीक्षा में पंजीकृत सभी आठ परीक्षार्थी उपस्थित रहे। दूसरी पाली में हाईस्कूल के एनसीसी और इंटरमीडिएट के मानव विज्ञान विषय की परीक्षा थी, लेकिन इन विषयों का एक भी विद्यार्थी पंजीकृत नहीं था।

# कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण शिविर से मायूस लौटे कई दिव्यांग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

• सिर्फ 70 दिव्यांगों को ही मिले कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण
• राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर आयोजित हुआ समारोह

**अमृत विचार:** दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से शुक्रवार को जीआईसी मैदान में कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरण समारोह हुआ। इसमें 82 दिव्यांगों में से 70 को ही कृत्रिम अंग व उपकरण की सौगात मिल सकी। इसमें 40 दिव्यांगों को उपकरण और 30 को कृत्रिम अंग दिए गए। कार्यक्रम का आरंभ केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी, सदर विधायक योगेश वर्मा एवं प्रभारी डीएम व सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने 70 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता आएगी। सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांगों के प्रति सामाजिक सोच बदलने, उनके जीवन के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने व उनके कल्याण की योजनाओं को लागू करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने सभी को दिव्यांगों का सम्मान करने और उनकी प्रतिभा को उचित स्थान दिलवाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं। इनके सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी अभय कुमार सागर, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित कुमार, शिव शंकर दीक्षित आदि मौजूद रहे।

**...और जब मायूस होकर लौटे दिव्यांग :** समारोह में फोन कर 82 दिव्यांगों को बुलाया गया था। मगर 70 को ही उपकरण व क्रत्रिम अंग मिल सके। ऐसे में 12 दिव्यांग मायूस होकर लौट गए। इसके अलावा कुछ ऐसे भी दिव्यांग थे, जिनको जरूरत दो क्रत्रिम अंगों की थी, लेकिन एक अंग मिलने पर इसे भी लेने से मना कर दिया।


दिव्यांगों को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने दिए उपकरण।


कृत्रिम अंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराते दिव्यांग।

| | |
|---|---|
| शिविर में बुलाए गए दिव्यांग | 82 |
| कृत्रिम अंग दिए गए | 30 |
| सहायक उपकर दिए गए | 40 |




ब्लॉक फूलबेहड के गांव रमनगरी से आए एमए के छात्र सुनीत पांडे ने बताया गांव से कॉलेज पांच किलोमीटर दूर है। ट्राई साइकिल के लिए आवेदन किया था। इसके लिए फोन कर बुलाया गया था। मगर, कैंप में आने के बाद भी ट्राई साइकिल नहीं मिली।



गांव रमनगरी निवासी बच्चूलाल ने बताया कि एक पैर नहीं है, इसलिए ट्राई साइकिल के लिए आवेदन किया था। मगर, कैंप में आने पर पैर लगवाने के लिए कह रहे हैं। कमर तक पैर लगने से चलने में दिक्कत होगी, इसलिए बिना ट्राईसाइकिल लिए ही जा रहे हैं।



ओयल निवासी केसर अली ने बताया कि गुरुवार को विभाग से फोन करके शिविर में बुलाया गया था। इसमें आने पर जिम्मेदारों ने बताया बेहजम ब्लॉक का शिविर नहीं लगा है। इसलिए कुछ भी नहीं मिल सकता।



शहर की गढ़ी रोड निवासी शत प्रतिशत दिव्यांग संतोष कुमार ने बताया कि दोनों पैर लगने हैं। इसके लिए बुलाया गया था। मगर, कैंप में आने पर एक पैर लगवाने के लिए कह रहे हैं। एक पैर लगवाकर क्या करेंगे। चलने में भी दिक्कत होगी। बिना पैर लगवाए ही लौट जाएंगे।

कैंप में 82 दिव्यांगों को बुलाया था। इनमें से 70 को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण दिए गए। विभाग की ओर से एक दिव्यांग को दस हजार तक का ही लाभ देने का नियम है। दोनों पैर लगाने का खर्च करीब 20 हजार है। इसलिए दोनों पैर नहीं लग सके। इस तरह की कुछ समस्याएं सामने आई हैं। इनके बारे में निदेशालय पर अवगत कराया जाएगा।
**-अभय कुमार सागर,** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी

# खून के आंसू



# हकीम जहीर अहमद

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येक:-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693


# पहले दिन गेहूं क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंचे किसान, इंतजार में बीता दिन

## आधी अधूरी तैयारी के बीच खोल दिए गए क्रय केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत जिले में गेहूं खरीद को लेकर क्रय केंद्र खुल गए हैं। हालांकि इन पर तैयारियां अभी आधी अधूरी ही हैं। शुक्रवार को खरीद के पहले दिन सभी केंद्रों पर सन्नाटा रहा। गेहूं क्रय नीति के मुताबिक इस बार एक माह पहले एक मार्च से गेहूं की खरीद का आरंभ करने का आदेश था। जिम्मेदार 15 से 20 दिन बाद गेहूं की बिक्री शुरू होने का अनुमान जता रहे हैं।

हर साल गेंहू खरीद की शुरुआत एक अप्रैल से होती थी। मगर, इस बार एक मार्च से शुरू कर दी गई है। इसका आदेश मिलते ही जिम्मेदारों ने जिले में 156 केंद्रों पर खरीद करने की तैयारी की है। हालांकि क्रय केंद्रों को तो शुरू कर दिया गया, लेकिन तैयारियां अभी नाकाफी ही हैं। पहले दिन किसी भी केंद्र पर किसान गेहूं बेचने के लिए नहीं पहुंचे। केंद्र पर मौजूद लोग बताते हैं कि जिले में अभी फसल तैयार नहीं है। 15 से 20 दिन बाद खरीद शुरू होने का अनुमान है।


राजापुर मंडी में गेहूं खरीद के लिए खुला क्रय केंद्र। ● अमृत विचार

| तहसीलवार बने केंद्र | |
|---|---|
| लखीमपुर सदर | 41 |
| गोला | 35 |
| पलिया | 13 |
| मोहम्मदी | 22 |
| मितौली | 14 |
| निघासन | 12 |
| धौरहरा | 19 |

| | |
|---|---|
| गेहूं का समर्थन मूल्य | 2275 रुपये प्रति क्विंटल। |
| इस बार हुई बढ़ोत्तरी | 150 रुपये प्रति क्विंटल। |
| कंट्रोल रूम नंबर | 6396239116 |

गेहूं खरीद बढ़ाने की पूरी कोशिश की जा रही है। इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराने पर भी जोर है। खेतों में अभी गेहूं कटाई शुरू नहीं हुई है, जिसकी वजह से पहले दिन सेंटरों पर गेहूं नहीं आ सका है। तीन-चार दिन बाद ही सेंटर पर गेहूं की आवक तेजी से शुरू हो पाएगी।
**-संतोष कुमार पटेल,** डिप्टी आरएमओ।

# जमीन के विवाद में फावड़ा मारकर युवक को किया घायल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली के गांव रैनी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के एक युवक पर फावड़े से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गांव रैनी निवासी मीना देवी ने बताया कि उसकी जमीन पर गांव के ही विश्राम कब्जा कर लिया था, जिसका वह अपने पुत्र बाबूलाल के साथ विरोध कर रही थी। इससे नाराज विश्राम, उसके साथी पंकज सिंह व संजय मारपीट करने लगे। आरोप है कि पंकज ने फावड़े से बाबूलाल पर ताबडतोड कई प्रहार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों ने उसे भी मारापीटा और जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकी दी और भाग निकले। पीड़िता ने बताया कि घायल पुत्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एससीएसटी एक्ट भी लगाया गया है।

# गृह राज्यमंत्री टेनी ने किया सड़क का लोकार्पण


जड़ौरा के सागरदास बाबा मंदिर पर बोलते अजय मिश्र टेनी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिलहरी

● **लोकार्पण के दौरान गिनाईं सरकार की उपलब्धियां**

**अमृत विचार:** कुंभी ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत जड़ौरा में सागरदास बाबा स्थान पर सांसद गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी की निधि से बनवाई गई 500 मीटर इंटरलाकिंग सड़क का उद्घाटन किया गया।

ग्राम पंचायत जडौरा सागरदास बाबा स्थान पर 500 मीटर सडक का निर्माण कराया गया, जिसका गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने फीता काटकर और शिलापट कर अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारत का चहुंमखी विकास कर रही है। कोरोना काल का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। सरकार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि सभी को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। कहा कि पहले की सरकारों में बिजली हफ्ते में शेड्यूल के हिसाब से दिन अथवा रात में आती थी। बीजेपी सरकार में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। किसानों को सिचाई के लिये नि:शुल्क बिजली मिल रही है। सरकार ने किसानों को सम्मान देने का कार्य किया है। लोकार्पण समारोह में ग्राम प्रधान संध्या मिश्र ने गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष मिश्र एडवोकेट ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान प्रेम सागर मिश्र, रामबरन मिश्र, सुरेश चंद्र फौजी, उमेश मिश्र, विकास मिश्र कोटेदार, संजय मिश्र प्रधान बघमरा, अजमुद्दीन प्रधान बिलहरी, विपिन त्रिवेदी पूर्व प्रधान सिकंदराबाद सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।


प्रवेश प्रारम्भ

# वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


# आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं...

संवाददाता, मैगलगंज खीरी


काव्य पाठ करते कवि जगदीप शुक्ल। ● अमृत विचार

● **गांव ढकिया में श्री रुद्र महायज्ञ के समापन पर कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन**

**अमृत विचार:** मां आशा फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव ढकिया देवी में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ के समापन पर कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह में दूर दराज से आए कवियों ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर समां बांध दिया।

मुख्य संयोजक कवि सुनीत बाजपेई के निर्देशन में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि बाराबंकी के पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदीप सिंह द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कवि जगजीवन मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना के साथ की गई। कवि जगदीप अंचल ने सुनाया- व्यवस्थाएं सुदृढ़ होती हमेशा संस्थाओं से, संस्कृति को मिला संबल हमेशा ही प्रथाओं से। लगे आक्षेप मिथ्या तो करें प्रतिकार मिलकर सब, सनातन धर्म जिंदा है ऋचाओं से कथाओं से। हरदोई से आए कवि अजीत शुक्ला ने सुनाया- चाटुकारिता के फंडे बदल रहे हैं, आ गया चुनाव तो झंडे बदल रहे हैं। मिश्रिख से आए कवि जगजीवन मिश्रा ने कहा- अबकी बनवास लंबा था पर कट गया, राम अब फिर से अपने महल आए हैं। रायबरेली से आए नीरज पांडेय ने सुनाया- रूप अद्भुत और अप्रतिम है, अयोध्या धाम का, बन गया है भव्य मंदिर आज प्रभु श्रीराम का।

इनके अलावा हरदोई से आए श्याम त्रिवेदी पंकज, मैगलगंज के अरविंद शुक्ला, सीतापुर से आईं दिव्यांशी अवस्थी, लवकुश शुक्ल, अक्षरा अमन शुक्ला गंगा ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सतीश शुक्ला बरवर व संचालन नीरज पांडेय ने किया। इस दौरान राजीव शुक्ला, दिनेश तिवारी, डॉ. प्रदीप सिंह, प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री पंचम, हरगोविन्द, स्वदेश शुक्ला, अनिल कुमार गंगवार व संजय मौर्य को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंटकर, माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुधाकर बाजपेयी, शिवप्रकाश वाजपेयी, डॉ. रविन्द्र पाल, संगम वाजपेयी, हरिओम शुक्ल, विवेक वाजपेयी, विनीत दीक्षित, शिवम मिश्र आदि रहे।

## चार माह बाद दहेज हत्या के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**रोशननगर।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम हरैया में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत पर मायके वालों ने पति, ससुर और देवर के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हैदराबाद एसओ दीपक तिवारी ने बताया कि क्षेत्रीय उपनिरीक्षक जितेन्द्रपाल सिंह, आरक्षी संजीव यादव ने मुकेश कुमार वर्मा, पवन कुमार वर्मा पुत्र स्वामीदयाल वर्मा और स्वामीदयाल वर्मा निवासी ग्राम हरैया को केशवापुर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया।

# प्रशिक्षण में दी सर्पदंश पीड़ित को बचाने की जानकारी



प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी। ● अमृत विचार

**निघासन, अमृत विचार:** राजस्व आपदा मित्र व आपदा सखियों का शुक्रवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ।

55 आपदा मित्र व आपदा सखियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके रावत ने मुख्य रूप से सीपीआर के बारे में बताया। सर्पदंश की स्थिति में पीड़ित को बचाने के तरीके बताए। प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र वितरण किया। इस मौके पर मंगल सिंह यादव, रवि तिवारी, सुरेश राजपूत, सचेत कुमार मौर्या, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**पसगवां, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव देहरा अजीतपुर निवासी नन्हीं देवी पुत्री रामसागर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व उसकी शादी सोनू पुत्र रामप्रसाद निवासी सरही कोतवाली रोजा जिला शाहजहांपुर के साथ हुई थी।

शादी के कुछ समय बीतने के बाद ही ससुराल वाले उसे भैंस, सोने की चेन व 50 हजार रुपए की मांग को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने पर शादी के पांच माह बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। जिसके बाद कई बार सुलह आदि के प्रयास किए गए, लेकिन ससुराल पक्ष के लोगों ने मांग पूरी न होने की स्थिति में विदा कराने से मना कर दिया। साथ ही अपने लड़के की दूसरी शादी कर देने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति सोनू सहित सास, ससुर, देवर व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली

FREE ओ. पी. डी. परामर्श

बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें

मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श

दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024

समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक

स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई

रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900

Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly


# यौन रोगों से न घबराएं, सुरक्षा क्लीनिक आकर इलाज कराएं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


महिलाओं को सिफलिस के बारे में जानकारी देतीं काउंसलर प्रियंका तिवारी।

● **महिला अस्पताल में काउंसलिंग के साथ मुफ्त मिल रहा इलाज**
● **शिविर लगाकर महिलाओं को किया जा रहा जागरूक**

**अमृत विचार :** सिफलिस यानि यौन संक्रमण महिलाओं के लिए खतरनाक है। इसकी चपेट में आने के बाद भी वह संकोचवश इस पर न तो बात करती हैं और न ही इलाज के लिए अस्पताल जाती हैं। जबकि यौन संक्रमण से बचाव के लिए महिला अस्पताल में सुरक्षा क्लीनिक है। जहां पर महिलाओं को संक्रमण के बारे में जानकारी के साथ जांच व इलाज की सुविधा मिलती है। जिले में पिछले साल करीब 15 महिलाओं के साथ पुरुष तक सिफलिस चपेट में आ चुके हैं, जिनका इलाज चल रहा है और अब वह स्वस्थ भी हैं।

सुरक्षा क्लीनिक की काउंसलर प्रियंका तिवारी ने बताया कि सिफलिस बीमारी का मुख्य कारण शर्म एवं संकोच के साथ जागरुकता का अभाव है, क्योंकि महिलाएं अनियमित माहवारी, कमर व पेड़ू में दर्द रहने के बावजूद न तो न तो किसी को बताती हैं और न ही इलाज के लिए अस्पताल आती हैं। धीरे-धीरे यह संक्रमण महिला और पुरुष दोनों को अपनी चपेट में ले लेता है। काउंसलर का कहना है कि जननांगों में किसी प्रकार का संक्रमण, जैसे दाने व खुजली आदि होने पर बिना किसी संकोच के सुरक्षा क्लीनिक आएं, जिससे जांच कर इलाज मुहैया कराकर संक्रमण को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि यौन संक्रमण महिलाओं को पुरुष और पुरुष को महिला से हो सकता है। इससे घबराने की नहीं, बल्कि जागरूक रहने की जरूरत है।

### पुरुषों में लक्षण

- पेशाब करते समय जलन व दर्द।
- बार5बार पेशाब आना ।
- मूत्र मार्ग से पीले व सफेद रंग का स्राव आना ।
- अंडकोश में सूजन व दर्द ।

### महिलाओं में लक्षण

- सफेद या फिर पीला बदबूदार पानी आना ।
- माहवारी बहुत ज्यादा या फिर अनियमित ।
- माहवारी के दौरान दर्द ।
- पीठ, कमर एवं पेड़ू में दर्द ।

यौन संक्रमण के प्रति जागरूक करने से लेकर जांच व इलाज के लिए महिला अस्पताल में सुरक्षा क्लीनिक है। काउंसलर इस संबंध में विधिवत जानकारी देती हैं। क्लीनिक पर जांच व इलाज पूरी तरह मुफ्त है। रोजाना 15 से 20 महिलाओं की सुरक्षा क्लीनिक में काउंसलिंग होती है। **-डॉ. ज्योति मेहरोत्रा,** सीएमएस महिला अस्पताल।

**एक नजर**

## कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर छात्र की मौत

**संभल, अमृत विचार** : जुनावई थाना क्षेत्र में घर की कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर छात्र की मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के गांव वघोई में शुक्रवार शाम करीब पांच बजे सुखराम के घर की कच्ची दीवार के पास बच्चे खेल रहे थे। तभी दीवार भरभरा कर गिर गई। मलबे में सुखराम का बेटा धर्मेंद्र (12) दब गया। अन्य बच्चों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने आनन फानन मलबा हटाकर धर्मेंद्र को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी।

परिजनों ने असदपुर गंगाघाट पर धर्मेंद्र का शव दफना दिया। धर्मेंद्र गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा चार का छात्र था।

## महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित कराएगी क्षत्रिय महासभा

**एटा, अमृत विचार** : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यालय पर राजपाल सिंह चौहान की अध्यक्षता बैठक में सर्वसमाज के लिए अपना बलिदान करने वाले वीर महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित कराने का निर्णय लिया गया। कासगंज रोड पर ग्राम दतेई, ग्राम पंचायत मिरहची चौराहा, अलीगंज रोड धुमरी समेत जनपद के विभिन्न स्थानों पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, वीर सम्राट पृथ्वीराज चौहान, महारानी लक्ष्मीबाई, राजा अगनपाल सिंह तोमर, राजा बलवंत सिंह की मूर्ति स्थापना कराई जाएगी।

बैठक में मावेन्द्र सिंह चौहान जिलाध्यक्ष एटा, दुलारे सिंह भदौरिया, सुरेन्द्र पुंढीर, लाल जी चौहान, राजवीर सिंह राघव, बॉबी चौहान, प्रदीप राघव, कृष्णमोहन तोमर, वीरेन्द्र सिसौदिया, अजय चौहान, हेमंत राघव, देवेन्द्र सोलंकी, राहुल, आदित्य सोलंकी, अनिल तोमर, आकाश सिसौदिया, अतेन्द्र, देवेन्द्र, गजेन्द्र चौहान, सचिन कुमार, नीलेश तोमर, मनोज राठौर, सुरजीत चौहान, गौतम सोलंकी उपस्थित रहे।

# वादा करके मुकरा इफको, धरना जारी रखने का ऐलान

- 60 लोगों की सूची में पहले काम कर रहे 15 नाम शामिल करने पर एसडीएम के सामने बिफरे किसान
- भूदाता किसानों को रोजगार देने के मुद्दे पर जद्दोजहद, धरना जारी रखने का ऐलान

कार्यालय संवाददाता, बरेली/आंवला

**अमृत विचार:** किसानों की जमीन पर अवैध कब्जों पर घिरे इफको प्रबंधन के खिलाफ शुरू हुआ धरना लंबा खिंच सकता है। दरअसल, इफको की ओर से लगातार झूठे वादे करने और प्रशासनिक अफसरों के सामने गलत तथ्य रखने से किसानों में भारी गुस्सा है। शुक्रवार को भी नौकरी देने के मुद्दे पर वार्ता के दौरान इफको के अफसरों ने गलत तथ्य पेश किए तो किसान भड़क गए और उन्होंने धरना जारी रखने का एलान कर दिया।

इफको की फैक्ट्री बनाने के लिए जिन किसानों ने अपनी जमीनें दी थीं, नौकरी का वादा पूरा होने के इंतजार में वे तमाम सालों से रहे हैं। किसानों ने तहसील कार्यालय के सामने 22 दिन पहले एक बार फिर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह के नेतृत्व में धरना शुरू किया है। भूदाता किसानों का कहना है कि इससे पहले उन्होंने 13 महीने तक धरना दिया था। उस दौरान इफको के अधिकारियों ने तत्कालीन एसडीएम की मौजूदगी में तीन महीने में सूची में दर्ज सभी 278 भूदाताओं को योग्यता के आधार पर महीने में 24 दिन का रोजगार देने का लिखित समझौता किया था। अब तक यह वादा पूरा नहीं किया गया है।

### एसडीएम ने भी माना, गलत तथ्य पेश कर रहा है इफको

उधर, अब एसडीएम ने भी माना है कि इफको नौकरी के मुद्दे पर झूठे तथ्य पेश कर रहा है। एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि इफको प्रबंधन की ओर से मार्च तक 60 लोगों को रोजगार देने का दावा करते हुए सूची दी गई थी। इसकी जांच में गड़बड़ी मिली है। सूची में 15 ऐसे नाम हैं जो पहले से ही काम कर रहे हैं। उन्होंने इफको प्रबंधन से सूची दुरुस्त कर किसानों की मांग पूरी करने को कहा है। एसडीएम ने कहा कि जो इफको ने जो लिखित समझौता किया था, उसका पालन कराया जाएगा।

### काम न मांगें इसलिए शौचालय और गटर करा रहे साफ

तहसील अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि इफको भू-दाताओं से साजिश के तहत शौचालय और गटर की सफाई कराई जा रही है ताकि वह काम छोड़कर चले जाएं। आरोप लगाया कि भू-दाताओं के ऐसे काम करने से इन्कार करने पर उनसे यह बात लिखित रूप से कहने को कहा जा रहा है ताकि भविष्य में वे काम न मांग पाए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को हुई वार्ता के दौरान योग्यता और अनुभव के आधार पर महीने में 24 दिन काम और टाइम ऑफिस से जॉब कार्ड दिलाने की मांग की गई है। इस पर इफको अधिकारी सहमत नहीं हुए। उनका धरना जारी रहेगा।

किसानों ने आरोप लगाया इफको ने पहले 34 लोगों की सूची देकर रोजगार देने की बात कही जो झूठी साबित हुई। शुक्रवार को वार्ता के दौरान 60 लोगों की सूची दी है। उसमें भी 15 ऐसे लोगों के नाम शामिल कर दिए हैं जो पहले से काम कर रहे हैं। उन्हें पस्त करने के लिए इफको के अधिकारी जानबूझकर गुमराह कर रहे हैं। कुछ किसानों को उन्होंने ठेकेदार के माध्यम से काम पर लगाया है जिन्हें सिर्फ पांच से दस दिन की ड्यूटी दी जा रही है। किसान संगठन की ओर से महाराज सिंह यादव, ऊदल सिंह वर्मा, ओम शंकर सक्सेना, वीर सिंह, बसंत कुमार मौर्य, देवेंद्र राजपूत, जानकी प्रसाद मौर्य इफको अधिकारियों में जेजीएम सत्यमूर्ति पौलराज, एचआर आरपी सिंह, एडवोकेट उज्जवल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दो पुलिसकर्मियों ने महिला सिपाही से की छेड़खानी

- विरोध करने पर लाठी- डंडों से पीटकर किया घायल

रामपुर कार्यालय

**अमृत विचार :** नशे में दो पुलिसकर्मियों ने महिला सिपाही से छेड़खानी की। विरोध पर उसे मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला सिपाही जिला महिला अस्पताल में तैनात है। उसके मकान में चार माह से पुलिस लाइन में तैनात गरर्वित चौधरी और ललित यादव किराये पर रहते हैं।

बताया कि 28 फरवरी की रात दोनों सिपाहियों ने शराब पीकर शोर मचाना शुरू कर दिया। आवाज सुनकर महिला सिपाही मौके पर पहुंची और शोर मचाने का विरोध किया तो आरोपियों ने उससे छेड़खानी की। आरोप है कु उन्होंने डंडे से महिला सिपाही की पिटाई कर दी। महिला को जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने घायल महिला सिपाही को अस्पताल में भर्ती कराया।

> महिला सिपाही से मारपीट और छेड़खानी के मामले में दोनों सिपाहियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों आरोपियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है।
> **- जितेंद्र कुमार**, सीओ सिटी

# बरेली के रास्ते टनकपुर-देहरादून ट्रेन को रेल मंत्रालय से मंजूरी

## बरेली वाया चंदौसी किया जाएगा ट्रेन का संचालन, तारीख का इंतजार

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** बरेली के लोगों को अब वाया चंदौसी होकर देहरादून के लिए जंक्शन से भी ट्रेन मिलेगी। रेल मंत्रालय ने टनकपुर से देहरादून के बीच ट्रेन चलाने को स्वीकृति दे दी है। टनकपुर से चलकर यह ट्रेन बरेली के रास्ते देहरादून को चलाई जाएगी। हालांकि, अभी ट्रेन चलाने की तिथि रेल प्रशासन की तरफ से जारी नहीं की गई है।

शुक्रवार को रेलवे बोर्ड निदेशक (कोचिंग) द्वितीय संजय आर नीलम की ओर से जारी पत्र के मुताबिक टनकपुर से देहरादून के बीच चलने वाली नई ट्रेन को टनकपुर वाया बरेली-चंदौसी चलाया जाएगा। यह ट्रेन टनकपुर से प्रत्येक शनिवार शाम



19:40 बजे रवाना होकर देहरादून अगले दिन सुबह 7:35 बजे पहुंचेगी। वापसी में देहरादून से प्रत्येक रविवार को शाम 15:15 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4 बजे बजे टनकपुर पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों तरफ बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, चंदौसी, मुरादाबाद, निजामाबाद, लक्सर और हरिद्वार स्टेशन पर रुकेगी। अफसरों के अनुसार ट्रेन का पूरा शेड्यूल और चलने की तिथि बाद में जारी की जाएगी।

### लालकुआं से अमृतसर के लिए चलेगी ट्रेन

लालकुआं से अमृतसर के बीच अभी तक सप्ताह में एक ही ट्रेन का संचालन हो रहा था। अब रेल प्रशासन ने शुक्रवार को लालकुआं अमृतसर के बीच एक और ट्रेन चलाने का एलान कर दिया है। 15015 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस पांच मार्च से प्रत्येक मंगलवार को लालकुआं से 13.40 बजे अमृतसर के लिए रवाना होगी। वापसी में 15016 अमृतसर-लालकुआं एक्सप्रेस छह मार्च से प्रत्येक बुधवार को अमृतसर से 05.55 बजे चलकर लालकुआं 17.35 बजे पहुंचेगी।

## हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला पीपल अड्डा लोधीपुरम एवं किदबईनगर के मध्य गुरुवार की देर सायं एक युवक संदिग्धावस्था में घायल पड़ा मिला था।



उसकी शिनाख्त नगर के मोहल्ला किदबईनगर निवासी अमन पुत्र जलील के रूप में की गई। परिजनों ने उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। यहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह के निर्देशन पर कोतवाली नगर इंस्पेक्टर अरुण पवार ने जांच पड़ताल की तो पता चला कि अमन सड़क हादसे में घायल हुआ था। सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हुई है।

# अरबाव की रूस से जल्द वापसी की जगी उम्मीद

- विदेश मंत्रालय ने कहा सरकार रूस में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने लिए प्रयासरत
- गंजडुंडवारा कस्बे का युवक मजदूरी के नाम पर ले जाकर सेना में भर्ती कराया गया है

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** कस्बे के युवक को हेल्पर की नौकरी के बहाने रूस ले जाकर सेना में भर्ती कर देने के मामले में विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान पिता की उम्मीदों पर मरहम का काम कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय द्वारा पांच दिनों के भीतर पुनः बयान जारी कर रूस में फंसे भारतीयों की वतन वापसी की बात कही है। इससे पहले 26 फरवरी को बयान जारी किया था।

विदेश मंत्रालय के बयान ने रूस मे फंसे मोहल्ला आवाजी निवासी अरबाव के पिता अशरफ हुसैन की बेटे की वतन वापसी की उम्मीदों पर मरहम लगाया है। अरबाव लगातार अपने भाई आमिर के संपर्क में है और सुरक्षित है।

**अब क्या आया है बयान :** रूस मे फंसे भारतीय के मामले मे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पुनः बयान जारी करते



ये दोनों अरबाव की फोटो हैं एक सेना में तैनाती के समय की एवं दूसरी मदद का वीडियो जारी करते समय की।

पर रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है। सरकार उनकी शीघ्र रिहाई के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रही है। रणधीर जयसवाल ने भारतीयों को सलाह दी है कि वे युद्ध क्षेत्र में न जाएं या ऐसी स्थितियों में न फंसें जो कठिन हों।

## तीन माह बाद दिखा रेबीज का असर बच्चे की मौत

**फिरोजाबाद।** जिले के थाना खैरगढ़ क्षेत्र में कुत्ते के काटने से एक बच्चे की मौत हो गई। बच्चे में तीन माह बाद रेबीज के लक्षण दिखे। थाना खैरगढ़ क्षेत्र के हाथवंत निवासी मुन्नेश कुमार के सात वर्षीय बेटे सचिन को तीन माह पहले कुत्ते ने काटा था। करीब तीन माह बाद 29 फरवरी को सचिन में रेबीज का असर दिखाई देने लगा। वह कुत्ते की तरह भौंकता तो कभी पानी देखकर डर जाता। घबराए परिवार के लोग बच्चे को डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे, तब जानकारी हो सकी कि ये सब रेबीज के कारण हो रहा है। सचिन की हालत बिगड़ने लगी। तो अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद बताया कि रेबीज का इन्फेक्शन काफी फैल गया है। बेटे की हालत देख पिता बदहवावस हो गया। कुछ देर बाद सचिन की मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि जिस कुत्ते ने बच्चे को काटा है उसने गांव के कई और लोगों को भी काटा था।

# पुलिस ने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार को रिमांड पर लिया

शाहजहांपुर कार्यालय

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेंशन में हुए गबन में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार को सदर बाजार पुलिस ने रिमांड पर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक लैपटॉप, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 16 पास बुक, पास बुक की फोटो कॉपी, आधार कार्ड, चार मोहरे बरामद की है। विवेचना के दौरान पूर्व समाज कल्याण अधिकारी पर 120-बी आदि की धारा बढ़ाई गई।



गबन का आरोपी राजेश कुमार।

अपराध शाखा के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिला समाज कल्याण वंदना सिंह ने 19 सितंबर 23 को थाना सदर बाजार में पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ वृद्धावस्था पेंशन गबन आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस आरोपी रामऔतार, अनूप उर्फ सोनू, जयपाल को गिरफ्तार कर चालान कर चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार फरार चल रहा था। पांच दिन पूर्व कोर्ट में हाजिर हो गया था। कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया था। इस मामले की विवेचना अपराध शाखा के निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कर रहे थे। उन्होंने पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी को रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की। विवेचना के दौरान पाया गया कि अभियुक्तों ने षड्यंत्र करके अभिलेखों में हेराफेरी करते हुए पात्र व्यक्तियों के बैंक खाता नंबर के स्थान पर अपात्र व्यक्तियों के खाता नंबर सूची में डालकर गबन को अंजाम देना पाया गया। जिसके आधार पर पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार 120 बी, 409, 472 धारा की वृद्धि की गई है।

### तीन मकान, तीन वाहन समेत खरीदी थी जमीन

अपराध शाखा के निरीक्षक एवं विवेचना अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी पूर्व जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार से पूछताछ की गई। आरोपी सीतापुर जिले के थाना अटरिया के गांव अकबरपुर का रहना है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि पेंशन के योजना में से गबन की गई धनराशि से अपने गांव अकबरपुर में हाइवे के किनारे करीब तीन बीघा जमीन 84 लाख रुपये की खरीदी थी। इसके अलावा आरोपी ने कानपुर में मोहल्ला पारा में एक मकान, दूसरा मकान लखनऊ के कृष्णानगर और तीसरा मकान लखनऊ में यमुनानगर में खरीदा था। आरोपी ने बताया कि चार वाहन इनोवा, एक महेंद्रा तथा दो बोलेरो भी खरीदना बताया है।

## पुलिस ने भारी मात्रा में नकली शैंपू पकड़ा, तीन लोग गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार:** जिले की थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक घर में छापेमारी कर बड़ी तादाद में नकली शैंपू और कई ब्रांड की सैकड़ों बोतल बरामद कीं। तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

थाना ट्रांस यमुना इलाके एक घर में नकली शैंपू बनाकर अलग-अलग ब्रांड के शैंपू तैयार किया जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक कबाड़ के गोदाम से शैंपू की खाली बोतलों को खरीदा जाता था और उसके बाद उन्हें साफ करने के बाद उनमें यह शैंपू भरकर री पैकिंग के बाद बाजार में सेल किया जाता था। शैंपू बनाने वाले अपने यहां से कई प्रकार के ब्रांड के शैंपू दुकानों पर उपलब्ध कराते थे। पुलिस ने बड़ी मात्रा में शैंपू और विभिन्न विभिन्न कंपनियों की शैंपू की बोतलें बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति का नाम असलम है इसके साथ दो अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

# टेंपो पलटने से एक की मौत, चार चोटिल

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में हिम्मतपुर मंदिर के पास शुक्रवार दोपहर बैलगाड़ी को बचाने के चक्कर में टेंपो पलट गया। टेंपो में सवार ग्रामीण की मौत हो गई और चार लोग चोटिल हो गए।



गांव मरेना निवासी पोपराम जाटव बदायूं के खैरेकटरा गांव में अपनी भांजी के देवर की शादी में शामिल होने के लिए टेंपो से जा रहे थे। साथ में भाभी सुशीला, चंद्र कली और भतीजे अनिल व शिवम थे। दोपहर करीब दो बजे टेंपो जब हिम्मतपुर मंदिर के पास पहुंचा, तभी सामने से बैलगाड़ी आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में टेंपो अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। जिसमें गंभीर चोट आने पर पोपराम की मौके पर ही मौत हो गई। अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं।

## डंपर ने कार में मारी टक्कर, बाल-बाल बचा चालक

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** तेज रफ्तार आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कार चालक बाल-बाल बच गया। कस्बा पुवायां के मोहल्ला गांधीनगर जेवा चौराहा निवासी बलजीत सिंह शुक्रवार को कार से क्षेत्र के प्रसादपुर रिश्तेदारी जा रहा था।

खुटार मैलानी रोड पर कढ़ैया गांव के पास पहुंचा तभी मैलानी के तरफ से तेज रफ्तार आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने कार में टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार के सेफ्टी बैलून खुल गए। जिससे कार चालक बलजीत सिंह बाल-बाल बच गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि किसी के द्वारा कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार।

### हादसे में बच्ची और दंपती घायल

**पुवायां।** लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी के गांव महोलिया निवासी धर्मेंद्र कुमार शुक्रवार दोपहर बाइक से पत्नी पूनम व पांच वर्षीया बच्ची मधु को लेकर बहन के गांव पसिगनपुर जा रहे थे। रास्ते में पुवायां क्षेत्र के गांव ग्राम बद्रीपुर हदीरा के निकट उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार दंपती और बच्ची घायल हो गई। तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। मधु को ज्यादा चोटें आईं हैं।

### वाहन की टक्कर घायल किशोर की मौत

**शाहजहांपुर।** लखीमपुर खीरी जिले के मोहम्मदी क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी आदिल(19) चार दिन पूर्व बाइक से जा रहा था। अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे वह घायल हो गया था। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां से डॉक्टर ने घायल को रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। आदिल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** कवरा गांव में एक महिला का शव कमरे में कुंडे से रस्सी के फंदे से लटका मिला। मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाया है।



मृतका रीता देवी।

कलान क्षेत्र के गांव कवरा निवासी हरेंद्र कुमार की शादी छह साल पहले रीता देवी (26) निवासी मुड़िया हास थाना कांट के साथ हुई थी। गुरुवार रात 11 बजे हरेंद्र उठा तो पत्नी का शव कमरे में कुंडे से रस्सी से लटका हुआ था। मृतका के पिता रामपाल ने बताया कि ससुराल वाले दहेज में बुलेट की मांग कर रहे थे इसलिए बेटी को मार डाला।

> मृतका के मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। **-प्रभाष चंद्र**, प्रभारी निरीक्षक कलान

### गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **सूरज** पुत्र सुशील कुमार नि. ग्राम पहाड़ियापुर थाना धौरहरा जिला लखीमपुर दिनांक 21.11.23 को शाम 4 बजे बड़ी ज्यारत से कहीं चला गया है। जो अभी तक वापस नहीं आया है।

**हुलिया :** उम्र लगभग 9 वर्ष, रंग गोरा, लाल रंग की टी-शर्ट-सफेद रंग की पट्टी पड़ी है, गुलाबी रंग का लोअर (पैजामा), सिर पर जले का निशान।

अगर किसी व्यक्ति को मिले तो निम्न मो. नं. पर सूचित करने का कष्ट करें।

प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, बदायूँ मो. 9454402942
निरीक्षक अपराध-संजय कुमार शुक्ला मो. 6392406267

सुशील कुमार (पिता)-मो. 9519676933, 8126396829

## 425 करोड़ की परियोजनाओं के और शिलान्यास की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** कोशिश की जा रही है कि चुनावी साल में जिले में ज्यादा से ज्यादा परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करा लिया जाए। इसी के चलते संभावना है कि आचार संहिता लागू होने से पहले मुख्यमंत्री से करीब 425 करोड़ की परियोजनाओं का और शिलान्यास और लोकार्पण कराया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने पिछले महीने भी बरेली में करोड़ों की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था।

अब कुछ और परियोजनाएं लाइन में लग गई हैं। इनमें प्रमुख यूनानी मेडिकल कॉलेज है जिसका निर्माण पूरा होने को है।

इसके अलावा 11 सड़कों का भी निर्माण पूरा हो चुका है। पीडब्ल्यूडी, नगर विकास विभाग समेत कुछ और विभागों के ऐसे विकास कार्यों की भी सूची तैयार कराई जा रही है, जिनका शिलान्यास कराया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ये सभी परियोजनाएं 425 करोड़ की लागत तक पहुंच सकती हैं।

**विकास की बात** जिले के सभी विधायकों से लिए गए थे प्रस्ताव, सिर्फ बहेड़ी में नानकपुरी गुरुद्वारे का प्रस्ताव लंबित

# आठ धर्मस्थलों के कायाकल्प के लिए 15 करोड़ का बजट

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** चुनावी साल में राज्य सरकार ने जिले के धर्मस्थलों की सूरत बदलने के लिए करीब 15 करोड़ का बजट जारी किया है। इस बजट से धर्मस्थलों पर कई निर्माण कार्यों के साथ एलईडी लाइटें भी लगाई जाएंगी। जिले के विधायकों की ओर से ये प्रस्ताव पर्यटन विभाग को दिए गए थे। सिर्फ बहेड़ी में नानकपुरी गुरुद्वारे के नवीनीकरण और विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी मिलना बाकी रह गई है।

बजट जारी होने के बाद पर्यटन विभाग ने कई धर्मस्थलों पर काम शुरू करा दिया है। पर्यटन विभाग ने जिले के सभी विधायकों से अपने विधानसभा क्षेत्र में धर्म स्थलों पर पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रस्ताव मांगे थे। अब शासन ने ये प्रस्ताव मंजूर कर अलग-अलग धर्मस्थलों के लिए 14.88 करोड़ 51 हजार का बजट जारी कर दिया है। बहेड़ी के नानकपुरी गुरुद्वारे में 3.04 करोड़ के काम प्रस्तावित थे जिसे अभी मंजूरी नहीं मिली है। उम्मीद जताई जा रही है कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले इस प्रस्ताव के बजट को भी मंजूरी मिल जाएगी। पर्यटन विभाग के मुताबिक पहली बार सरकार ने धर्मस्थलों पर पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के लिए इतना बजट जारी किया है।



> जनप्रतिनिधियों के प्रस्ताव शासन को भेजे थे जिनमें नौ को मंजूरी मिल गई है। बजट जारी होने के बाद कई धर्मस्थलों पर काम शुरू हो गया है। बहेड़ी में नानकपुरी गुरुद्वारे के नवीनीकरण और विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी मिलना बाकी है। पर्यटन सुविधाओं के लिए पहली बार इतना बजट जारी हुआ है।
> **- मनीष सिंह**, सूचना पर्यटन अधिकारी

### सुविधाएं बढ़ेंगी, रोशनी से भी चमकेंगे धर्मस्थल

- कैंट के धोपेश्वर नाथ मंदिर के लिए 1.59 करोड़ 50 हजार का बजट मिला है। इससे यात्री विश्राम गृह, यात्री शेड, टॉयलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सिटिंग बेंच, सर्कुलर सिटिंग बेंच और प्लांटर, डस्टबिन, हॉटीकल्चर, एलईडी लाइट का काम शुरू हो चुका है।
- तुलसी मठ में परिक्रमा मार्ग, स्टोर, यात्री शेड, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सिटिंग बेंच, सर्कुलर सिटिंग बेंच और प्लांटर, डस्टबिन, एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का काम शुरू हुआ है। इसके लिए एक करोड़ 51 हजार का बजट जारी हुआ है।
- अलखनाथ मंदिर के लिए 3.33 करोड़ 23 हजार का बजट जारी हुआ है। इससे यहां सत्संग हॉल, किचन ब्लॉक, टॉयलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सर्कुलर सिटिंग बेंच और प्लांटर, डस्टबिन, एलईडी स्ट्रीट लाइट का काम शुरू हुआ है।
- आंवला में अहिच्छत्र रामनगर/आगर सागर ताल जगन्नाथपुर के लिए 1.49 करोड़ की धनराशि जारी की गई है। इससे यात्री विश्राम गृह, टॉयलेट, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सिटिंग बेंच, सर्कुलर सिटिंग बेंच और प्लांटर, डस्टबिन का काम होगा।
- बिथरी चैनपुर में भीठानाथ मंदिर के लिए 2.21 करोड़ 90 हजार रुपये जारी हुए हैं। यहां भी यात्री विश्राग गृह, टॉयलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सिटिंग बेंच, सर्कुलर सिटिंग बेंच और प्लांटर, डस्टबिन, वेलकम गेट का निर्माण होगा।
- बरेली में राही होटल के उच्चीकरण और विस्तारीकरण के लिए 1.80 करोड़ की धनराशि जारी हुई है। इससे बिल्डिंग, रूम बार एरिया, रेस्टोरेंट, हॉल का पुनरुद्धार और चारदीवारी का निर्माण होगा।
- मीरगंज में प्राचीन शिव मंदिर के लिए 1.10 करोड़ 49 हजार की धनराशि जारी की है। यह पैसा यात्री विश्राम गृह, टॉयलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सिटिंग बेंच, हॉटीकल्चर वर्क और डस्टबिन पर खर्च होगा।
- बिथरी चैनपुर में ज्वाला देवी सिद्धपीठ के लिए 1.22 करोड़ 89 हजार का बजट जारी हुआ है। इससे यहां यात्री विश्राम गृह, टॉयलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग ऑफ पाथवे, सिटिंग बेंच, हॉटीकल्चर वर्क, डस्टबिन, एलईडी लाइटें लगाने का काम होगा।
- बहेड़ी में नानकपुरी गुरुद्वारे के नवीनीकरण और विस्तार के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। यहां मल्टीपरपज हॉल, टॉयलेट ब्लॉक, इंटरलॉकिंग, स्टोन सिटिंग बेंच, डस्टबिन, एलईडी लाइट, हॉटीकल्चर वर्क, साइनेज के काम प्रस्तावित हैं जिनकी अनुमानित लागत 3.04 करोड़ 57 हजार है। बजट स्वीकृत नहीं हुआ है।

## एक नजर

### एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय से जुड़ी खबरों के लिए दिए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली।** समाचार प्रसारण एवं डिजिटल मानक प्राधिकरण (एनबीडीएसए) ने शुक्रवार को प्रसारकों से समलैंगिकता के प्रति घृणा व रूढ़िवादिता को बढ़ावा देने और बिना सहमति के लिंग की पहचान या लैंगिक झुकाव को प्रचारित करने से परहेज करने का निर्देश जारी किया है। एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय पर खबरों के लिए नये दिशानिर्देशों में एनबीडीएसए ने प्रसारकों से इस समुदाय से संबंधित मुद्दों पर 'सटीक, निष्पक्ष और संवेदनशील' खबरें देने का आग्रह किया। एलजीबीटीक्यूआईए प्लस से संबंधित मुद्दों पर खबरों के लिए विशिष्ट दिशानिर्देशों में बताया गया कि समुदाय के संबंध में गैर-संवेदनशील और गलत खबरों के गंभीर सामाजिक परिणाम हो सकते हैं।

### 1,000 करोड़ की सात परियोजनाएं शुरू

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सात बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू कीं। सीतारमण ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं को बिना किसी देरी के पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। वित्त मंत्रालय ने कहा, केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज नयी दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की सात बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें फरीदाबाद और गुरुग्राम में आयकर विभाग के अधिकारियों के लिए आवास परियोजनाएं शामिल हैं।

### प. बंगाल पहुंची केंद्रीय बलों की 100 कंपनियां

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग एक एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कम से कम 100 कंपनी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंची। उन्होंने बताया कि 50 और कंपनी के राज्य में सात मार्च तक पहुंचने की संभावना है। अधिकारी ने बताया, केंद्रीय बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वे मुख्य रूप से विश्वास-निर्माण उद्देश्यों के लिए यहां हैं। सात मार्च तक अन्य 50 कंपनियों के आने की संभावना है। उन्होंने बताया, शहर में सीएपीएफ की दस कंपनी तैनात की जाएंगी। उत्तर 24 परगना जिले में 21 और दक्षिण 24 परगना में नौ कंपनी तैनात की जा रही हैं।

# रक्षा मंत्रालय ने 39,125 करोड़ के खरीद सौदे पर किए हस्ताक्षर

## सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, रडार और हवाई-इंजन की होगी खरीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने सशस्त्र बलों की युद्धक क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को 39,125 करोड़ रुपये के पांच प्रमुख रक्षा अधिग्रहण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में मिग-29 जेट के लिए ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों, रडार, हथियार प्रणालियों और हवाई-इंजन की खरीद भी शामिल है।

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ भारत के काफी समय से चल रहे सीमा विवाद के बीच यह व्यापक खरीद समझौते किए गए हैं और इन्हें घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीति के व्यापक ढांचे के तहत लागू किया जाएगा। आधिकारिक रूप से सूचना दी गई कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंधों का आदान-प्रदान किया गया।

इसमें कहा गया, ये सौदे रक्षा बलों की स्वदेशी क्षमताओं को और सुदृढ़ बनाएंगे, इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और भविष्य में विदेशी मूल के उपकरण निर्माताओं पर निर्भरता कम होगी। ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए दो अलग-अलग अनुबंध किए गए। पहला समझौता 19,518.65 करोड़ रुपये की लागत से ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड (बीएपीएल) से ब्रह्मोस मिसाइलों की खरीद के लिए है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, इन मिसाइलों का उपयोग भारतीय नौसेना की लड़ाकू और प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि यह प्रणाली सुपरसोनिक (ध्वनि की गति से तेज) गति पर सटीकता के साथ विस्तारित रेंज से भूमि या समुद्री लक्ष्यों पर प्रहार करने में सक्षम है। मिग-29 विमानों के लिए आरडी-33 हवाई इंजन के वास्ते हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 5,249.72 करोड़ रुपये की लागत का अनुबंध किया गया है।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 39,125 .39 करोड़ के पांच पूंजी अधिग्रहण अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के बाद अधिकारियों को सौंपे दस्तावेज। ● एजेंसी

### 5,700.13 करोड़ की लागत का भी किया अनुबंध

मंत्रालय ने बताया कि दो समझौते लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड के साथ किये गये हैं, जिसके तहत 'क्लोज-इन वेपन सिस्टम' (सीआईडब्ल्यूएस) और उच्च क्षमता वाले रडार की खरीद की जाएगी। मंत्रालय ने कहा, सीआईडब्ल्यूएस की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 7,668 .82 करोड़ रुपये की लागत से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह सीआईडब्ल्यूएस देश के चुनिंदा स्थानों पर वायु रक्षा प्रदान करेगा। इसके साथ ही उच्च शक्ति रडार की खरीद के लिए लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के साथ 5,700 .13 करोड़ रुपये की लागत के अनुबंध पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं।

# बिहार विधानमंडल के दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**पटना, एजेंसी**

बिहार विधानमंडल का हंगामेदार बजट सत्र शुक्रवार को समाप्त हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। विधानसभा में अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने जबकि विधान परिषद में सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने की घोषणा की।

यह सत्र 12 फरवरी को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था और इस दौरान कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखे गए। नीतीश कुमार नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने सत्र के पहले दिन विश्वास मत प्राप्त किया तो वहीं विधानसभाध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को एक अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उनके पद से हटा दिया गया। बाद में नंद किशोर यादव को नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि नरेंद्र नारायण यादव को उपाध्यक्ष चुना गया।

सत्र के दौरान, भाकपा (माले) के विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अयोग्य घोषित कर दिया गया। हंगामेदार माहौल के बावजूद, दोनों सदनों में 11 बैठकों के दौरान 12 विधेयक पारित किए गए।

# छत्तीसगढ़ में संदिग्ध नक्सलियों ने भाजपा नेता की हत्या की

**बीजापुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शुक्रवार को संदिग्ध नक्सलियों ने सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक नेता की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध नक्सलियों ने जनपद पंचायत के सदस्य तिरूपति कटला की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तोयनार गांव में रात करीब आठ बजे हुई जब कटला एक शादी में शामिल होने गए थे। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जब कटला समारोह से बाहर निकले तब नक्सलियों ने उनपर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना के बाद उन्हें बीजापुर जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पिछले एक वर्ष में राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में नक्सलियों द्वारा किसी भाजपा नेता की यह सातवीं हत्या है। पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव से पहले, भाजपा की नारायणपुर जिला इकाई के उपाध्यक्ष रतन दुबे की जिले के झाराघाटी थाना क्षेत्र के एक बाजार में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। दुबे तब चुनाव प्रचार कर रहे थे।

# उप्र में दलित विरोधी अपराधों में वृद्धि हुई: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उप्र के रामपुर में एक दलित किशोर की हत्या की घटना को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा के शासन में दलितों के खिलाफ अपराध के मामले बढ़ गए हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, योगी सरकार के जंगल राज में उत्तर प्रदेश अराजकता और दलितों के ख़िलाफ़ नफ़रत से भरे अपराधों का गढ़ बन गया है। उन्होंने कहा, 28 फरवरी को रामपुर में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास करने पर सुमेश नामक एक 17-वर्षीय दलित किशोर की हत्या कर दी गई।

# बलात्कारियों को नपुंसक बनाने के लिए लाया जाए कानून: लांबा

**ग्वालियर, एजेंसी**

▸▸ **कांग्रेस नेता ने कहा- कानून के भय से महिलाओं के खिलाफ अपराध पर लगेगा अंकुश**

कांग्रेस की महिला शाखा की प्रमुख अलका लांबा ने शुक्रवार को बलात्कारियों को नपुंसक बनाने वाले कानून की वकालत की। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि महिलाओं, विशेषकर लड़कियों के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं और ये अनियंत्रित हो रहे हैं क्योंकि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े नेता, मंत्री और सांसद इनमें शामिल हैं।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भाजपा की डबल इंजन सरकारें (केंद्र और राज्य में) उन्हें बचा रही हैं। इन सरकारों को दो से तीन महीने में नाबालिग पीड़ितों से जुड़े बलात्कार के मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक और विशेष अदालतें स्थापित करनी चाहिए। उन्होंने कहा, दोषियों को फांसी दी जानी चाहिए। उन्हें नपुंसक बनाने के लिए एक कानून बनाया जाना चाहिए।

जब तक अपराधियों में भय पैदा नहीं होगा, अपराध होते रहेंगे। लांबा ने दावा किया कि भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण सिंह पर कई महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है लेकिन वह खुलेआम घूम रहे हैं जबकि पीड़ित न्याय मांग रहे हैं।

# समाज के लिए उच्च मानक स्थापित करें संघ कार्यकर्ता

**पटना, एजेंसी**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के कार्यकर्ताओं से समाज के लिए उच्च मानक स्थापित करने का आग्रह किया।

भागवत ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन पर जोर दिया, जो पांच मूल तत्वों पर आधारित सामाजिक परिवर्तन का दृष्टिकोण है। सरसंघचालक ने कहा कि आरएसएस कार्यकर्ताओं को सामाजिक समरसता और कुटुंब भाव की भावना को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों को अपने जीवन में सामाजिक सद्भाव और पूरे समाज को अपने परिवार के रूप में देखने की भावना का प्रदर्शन करना चाहिए।

भागवत ने पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के महत्व पर भी जोर दिया और स्वयंसेवकों से प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचने और दूसरों को इसके उपयोग से रोकने के लिए कहा। आरएसएस कार्यकर्ताओं से पेड़ लगाने और उनकी रक्षा करने तथा पानी की बर्बादी के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए भी कहा।


## उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक
122, सिविल लाइन्स, बरेली Email: upavp.bly@rediffmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि परिषद की आवासीय/व्यावसायिक सम्पत्तियों के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामान्तरण किये जाने हेतु परिषद में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या सेक्टर/खण्ड व योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से मृतक का संबंध |
| 1. | स्व.चुन्नी लाल पुत्र स्व. ज्वाला राम | भवन सं०- ए-1077 राजेन्द्र नगर, बरेली | 14.01.2004 | श्री पंकज विरमानी पुत्र स्व० चुन्नी लाल | श्रीमती सुनीता साहनी पुत्री स्व० चुन्नी लाल | पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति पत्र प्राप्त न होने पर परिषद अभिलेखों के कॉलम-5 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा, तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। **सम्पत्ति प्रबन्धक**



## कार्यालय ग्राम पंचायत आसपुर खेड़ा, वि.खं. शेरगढ़, जिला बरेली

**निविदा सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आसपुर खेड़ा में वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना से सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य कराये जाने हैं, जिसके लिए रोड़ी, ईंट, मोरंग, बजरी, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता आदि का क्रय किया जाना है। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें दिनांक 02.02.2024 से 04.03.2024 तक समय अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जायेंगी जो उसी दिन ग्राम पंचायत में दोपहर 3:00 बजे खोली जायेंगी। ग्राम पंचायत को किसी भी समय बिना कारण बताये निविदा को निरस्त करने का अधिकार होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|
| 1. | राम प्रकाश शर्मा के घर से लालाराम के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,31,059/- |
| 2. | बृज लाल के घर से नरेन्द्र के घर तक सी.सी. रोड व नाली निर्माण कार्य | 3,91,235/- |

ग्राम प्रधान सचिव



## कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर जी सुख राय, वि.खं. नवाबगंज (बरेली)

**निविदा सूचना**

पंजीकृत फर्मों के सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना 2023-24 के अन्तर्गत मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यों को कराये जाने हेतु ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, रेता, सरिया, गेट, टाइल्स/पत्थर, बजरी, टंकी का सामान, शौचालय के सामान की आवश्यकता है। उक्त सामग्री की सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 02.03.2024 को पूवान्ह 11 बजे से 04.03.2024 को 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04.03.2024 की अपरान्ह 2:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। विवरण निम्न है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | सियाराम के घर से बालकराम राठौर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 80 मी. | 2,65,000/- |
| 2. | सोमपाल राठौर के घर से छेदा लाल राठौर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 40 मी. | 1,31,000/- |

प्रधान-भागवती सचिव-नरेश कुमार राठौर



## कार्यालय ग्राम पंचायत चिजरी बाल किशनपुर, वि.खं. आलमपुर जाफराबाद, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी पंजीकृत फर्मों एवं आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चिजरी बाल किशनपुर की वार्षिक कार्ययोजना के अनुसार वर्ष 2023-24 में मनरेगा, ग्राम निधि, ICDS, SBM आदि योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार उपरोक्त वर्णित कार्यों के लिए सामग्री जिसमें सीमेन्ट, बजरफुट रेता, बजरी, सीमेंट के पोल, कंटीला तार, इ.ट.ली किम लोहे का गेट, लोहे की जाली, कूड़ादान ई-रिक्शा, लोहे की चार व पाईप, ईंट, ईंट रोड़ी खाद व कीटनाशक दवा, सरिया, मौरंग, रेता, इन्टरलॉक ईंट, सरिया, रोड़ा, टाईल्स, पाइप, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट, प्रचार-प्रसार सामग्री आदि की आपूर्ति आमंत्रित की जाती है। जिसकी सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर दिनांक 02.03.2024 से दिनांक 05.03.2024 को दोपहर 1:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसे उसी दिन दिनांक 05.03.2024 को सायं 4 बजे खोला जायेगा। बिना किसी अग्रिम सूचना के टेंडर को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से सामग्री अनुमन्य दरों में क्रय हेतु स्वतंत्र की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनु० लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | चिजरी बाल किशनपुर मजरा नवी नगर में शवदाह गृह का निर्माण कार्य | ग्राम निधि | 2,90,000/- |

दीपक भारती, ग्राम प्रधान — उदयवीर सिंह, सचिव



## कार्यालय नगर निगम, बरेली

**ई-निविदा सूचना**

पत्रांक : 194/का.अधी./न.नि.ब./2023-24 दिनांक : 01.03.2024

नगर निगम, बरेली के 72 मा. पार्षदगणों को 5G स्मार्ट मोबाईल फोन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में, इच्छुक फर्म को सूचित किया जाता है कि ई-निविदा के माध्यम से 5G स्मार्ट मोबाईल फोन उपलब्ध कराये जाने हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http:/etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट http:/nagarnigambareilly.com पर देखा जा सकता है। निविदा मूल्य+जी.एस.टी. के माध्यम से नगर निगम बरेली के खाता सं. -3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक के माध्यम से ही देय होगा। जिसकी स्कैन कॉपी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। तथा एफ.डी.आर. अपर नगर आयुक्त, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी तथा निविदा मूल्य RTGS के माध्यम से ई-टेण्डर नगर निगम, बरेली के नाम देय होगी।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 01-03-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 01-03-2024 - (04:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 15-03-2024 - (10:00 AM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 16-03-2024 - (10:00 AM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | तकनीकी मूल्यांकन के बाद |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+18% GST | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम, बरेली में 72 5G स्मार्ट मोबाईल फोन किसी भी कम्पनी का क्रय किये जाने हेतु अंकन धनराशि 15000/- से 20000/- के बीच में 256GB ROM, 8GB RAM, Dual Sim and others आपूर्ति किये जाने का कार्य | 44,000.00 | 2000+360 = 2360 | 15 दिवस |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यालय अधीक्षक, नगर निगम, बरेली।



## ग्राम पंचायत बबौरी, सिंधौली, शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना में चयनित ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्यों हेतु वाहन निर्माण कार्य की सामग्री/अन्य सामग्री ग्राम पंचायत में उपलब्ध मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा 15वें वित्त योजना की धनराशि से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए निम्नलिखित कार्यों हेतु अल्पकालीन निविदा प्रस्तावित की जाती है। कार्यों का विवरण उनकी लागत तथा अन्य विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RRC सेंटर का निर्माण | 3.00 लाख | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा क्रय | 1.40 लाख | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 3. | कचरा पात्र निर्माण | 3000-7000 प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 4. | प्लास्टिक बैग | 7500/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 5. | सामुदायिक इंसीनरेटर निर्माण | 18000/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 6. | स्वच्छता किट | 2000/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्ढे, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर व नाली निर्माण, अन्य कार्य | | | |

आपूर्ति किये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन/सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्तें एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाकर्ताओं की फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। सामग्री की मात्रा/संख्या व अनुमानित लागत घट बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा एफ.डी.आर. के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक की जाएगी। निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 04.03.2024 को 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। निविदा दिनांक 04.03.2024 को 3:00 बजे निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

पूनम गुप्ता, ग्राम प्रधान — राकेश कुमार, सचिव



## ग्राम पंचायत महाऊ महेश, सिंधौली, शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना में चयनित ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्यों हेतु वाहन निर्माण कार्य की सामग्री/अन्य सामग्री ग्राम पंचायत में उपलब्ध मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा 15वें वित्त योजना की धनराशि से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए निम्नलिखित कार्यों हेतु अल्पकालीन निविदा प्रस्तावित की जाती है। कार्यों का विवरण उनकी लागत तथा अन्य विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RRC सेंटर का निर्माण | 2.00 लाख | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा क्रय | 1.40 लाख | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 3. | कचरा पात्र निर्माण | 3000-7000 प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 4. | प्लास्टिक बैग | 7500/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 5. | सामुदायिक इंसीनरेटर निर्माण | 18000/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 6. | स्वच्छता किट | 2000/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्ढे, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर व नाली निर्माण, अन्य कार्य | | | |

आपूर्ति किये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन/सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्तें एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाकर्ताओं की फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। सामग्री की मात्रा/संख्या व अनुमानित लागत घट बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा एफ.डी.आर. के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक की जाएगी। निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 04.03.2024 को 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। निविदा दिनांक 04.03.2024 को 1:00 बजे निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

अनूप पाल, ग्राम प्रधान — राकेश कुमार, सचिव



## ग्राम पंचायत पिलखना, सिंधौली, शाहजहाँपुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना में चयनित ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्यों हेतु वाहन निर्माण कार्य की सामग्री/अन्य सामग्री ग्राम पंचायत में उपलब्ध मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) तथा 15वें वित्त योजना की धनराशि से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए निम्नलिखित कार्यों हेतु अल्पकालीन निविदा प्रस्तावित की जाती है। कार्यों का विवरण उनकी लागत तथा अन्य विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | RRC सेंटर का निर्माण | 3.00 लाख | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 2. | ई-रिक्शा क्रय | 1.40 लाख | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 3. | कचरा पात्र निर्माण | 3000-7000 प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 4. | प्लास्टिक बैग | 7500/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 5. | सामुदायिक इंसीनरेटर निर्माण | 18000/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 6. | स्वच्छता किट | 2000/- प्रति नग | 2 प्रतिशत | 15 दिन |
| 7. | नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्ढे, सोक पिट, फिल्टर चैम्बर व नाली निर्माण, अन्य कार्य | | | |

आपूर्ति किये जाने हेतु अनुभवी संस्था के चयन हेतु अल्पकालीन/सामान्य निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा की शर्तें एवं विवरण निविदा पत्र में अंकित है जिसे ग्राम पंचायत के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाकर्ताओं की फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगी। निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। सामग्री की मात्रा/संख्या व अनुमानित लागत घट बढ़ सकती है। 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा एफ.डी.आर. के रूप में ग्राम पंचायत के नाम बंधक की जाएगी। निविदा प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 04.03.2024 को 12:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से क्रय की जा सकती है। निविदा दिनांक 04.03.2024 को 2:00 बजे निविदादाताओं तथा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

अमर सिंह, ग्राम प्रधान — राकेश कुमार, सचिव



## PUBLIC NOTICE

General public is hereby informed that the property, Private Plot no. 03, part of Plot no. 97-D, area 180.06 Sq.mt. i.e. 216 Sq.yds., situated at Udaypur Khas, C.I. Area, Gulmohar Park, Bareilly is to be purchased by Amit Agarwal S/o Ram Babu Agarwal from present owner, Smt. Sunita Chawla W/o Jag Mohan Chawla and proposed to be mortgaged with Bank of Baroda, Karmchari Nagar Branch, Bareilly for availing Housing Loan. The above property purchased by present owner Smt. Sunita Chawla W/o Jag Mohan Chawla vide sale deed duly executed and regd. in SRO Bareilly dated 21.02.2011 at Sl. no. 1828. The original previous sale deed dated 22.03.2001, relating to the above property executed in favour of Smt. Gyanwati Saxena W/o Dr. Dayanand Saxena vide sale deed duly executed & registered in SRO Bareilly on 22.03.2001 in Book no. 1, Volume no. 1679, pages 267 to 290 at Sl. no. 2355, is reported lost on 10.01.2024 by present owner, Smt. Sunita Chawla W/o Jag Mohan Chawla. And in this regard, information/FIR was also lodged by Smt. Sunita Chawla W/o Jag Mohan Chawla, at Police Station Qila, Bareilly. In case anyone finds the deed kindly inform me and if anyone has any claim or rights/ title/ interest by virtue of above title deed in such event he/ she should also inform me or Branch Manager, Bank of Baroda, Karmchari Nagar Branch, Bareilly within 15 days of publishing this notice. After expiry of this period, if any claim is made or use of above title deed by any person shall be deemed illegal.

DIGVIJAY AGARWAL (ADVOCATE)
Ch. No. 38, First Floor, Bangaliya Building, Civil Courts, Bareilly.



## कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर करोड वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक: 08/लेखा/निविदा/वर्ष-2023-24 दिनांक: 25.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहादुरपुर करोड़ में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में कार्य-छोटे लाल सक्सेना के घर से लाल बहादुर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना है। जिसकी प्राकलन धनराशि 1.35 लाख है। सामग्री ईट, रोड़ा, बजरी, बजरफुट, रेता, सीमेन्ट, आपूर्ति हेतु निविदा 02.03.2024 तक आमंत्रण की जाती है। जिन्हें उसी दिन शाम 4 बजे खोला जायेगा।

ब्रजेश कुमार, सचिव — हरदीप सिंह यादव, प्रधान



## कार्यालय नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत

पत्रांक: 84/न.पा./2023-24 **ई-निविदा सूचना** दिनांक: 01.03.2024

नगर पंचायत बरखेड़ा जनपद पीलीभीत द्वारा वर्ष 2023-24 में शहरी क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों में अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण हेतु प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत बरखेड़ा में अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य को कराने हेतु कार्य की निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. की ई-प्रक्योरमेंट की वेबसाइट http/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। निविदा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| बिड प्रकाशित होने की तिथि | 02.03.2024 | प्रात: 08:00 बजे |
| ऑन लाईन बिड अपलोड करने की तिथि | 02.03.2024 | प्रात: 10:00 बजे |
| बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 11.03.2024 | प्रात: 10:00 बजे तक |
| बिड खुलने की तिथि | 11.03.2024 | अपरान्ह 02:00 बजे |

लालचन्द्र भारती, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत — श्याम बिहारी भोजवाल, अध्यक्ष, नगर पंचायत बरखेड़ा, पीलीभीत



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-बरेली
कार्यालय का पता :-विकास भवन, बरेली।

**(ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस)**

पत्रांक :- 3267/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2023-24/दिनांक 23.02.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु मुहरबन्द निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :-

1. तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण :-

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | बरेली | ग्राम रसुला के मजरा चुरल्हा में गोशाला की बाउंड्रीवाल का निर्माण (विधायक निधि-आलमपुर जाफराबाद) | 21.730 | 43500.00 | 2354.00 | 03 माह |
| 02 | बरेली | ग्राम गनेशपुर में धनीराम के खेत से प्राइमरी स्कूल की तरफ मिट्टी व् खड़ंजा का निर्माण कार्य (विधायक निधि-मझगवां) | 11.047 | 22100.00 | 854.00 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक :04.03.2024
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 03.04.2024 मध्याहन 12.00 बजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 03.04.2024, अपरान्ह 12.30 बजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा , जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

**नोट :-** उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

विनय कुमार शर्मा
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड-बरेली
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP - 204715 दिनांक 28.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in, पर उपलब्ध है।

आत्मनाऽऽत्मानमन्विच्छेन्मनोबुद्धीन्द्रियैर्यतैः।
आत्मा ह्येवात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः॥

मन–बुद्धि तथा इंद्रियों को आत्म–नियंत्रित करके स्वयं ही अपने आत्मा को जानने का प्रयत्न करें ,क्योंकि आत्मा ही हमारा हितैषी और आत्मा ही हमारा शत्रु है।

## संपादकीय

# रूस में फंसे भारतीय

रूस में फंसे करीब 20 भारतीय नागरिकों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। गुरुवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि एक भारतीय एजेंट द्वारा रूसी सेना के लिए 'सेना सुरक्षा सहायक' के रूप में भर्ती किए जाने के बाद अनुमानित 20 लोग अभी भी रूस में फंसे हुए हैं। बताया जाता है कि इन लोगों को यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजा गया है। इन सभी को अच्छी नौकरी के बहाने रूस बुलाया गया था। हर एक से तीन लाख रुपये तक लिए गए। ये तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात राज्यों से बताए गए हैं। उनमें से कुछ को यूक्रेन के खिलाफ रूस की ओर से युद्ध लड़ने के लिए मजबूर किया गया है। कुछ ने भर्ती के समय वादा की गई राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की है जिससे उन्हें मदद के लिए सरकार के पास पहुंचने के लिए मजबूर होना पड़ा है। विदेश मंत्रालय इस मामले पर भारत और रूस के अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बारे में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत की स्थिति स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि भारत इस मुद्दे का समाधान चर्चा,कूटनीति और निरंतर संपर्क के माध्यम से चाहता है। गौरतलब है कि दो साल पहले रूस ने यूक्रेन पर हमला किया था। अब तक उसके हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। युद्ध थमने के फिलहाल कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं,बल्कि हाल के दिनों में रूस ने हमले और तेज कर दिए हैं। विश्लेषक कहते हैं कि भारत से भर्ती किए गए ये लोग रूस के दुनियाभर से सैनिक भर्ती करने के अभियान का हिस्सा भर हैं अन्य कई देशों के लोगों को रूसी सेना में भर्ती करके यूक्रेन में मोर्चे पर भेजा गया है। इससे पहले बहुत से नेपाली लोगों के रूस जाकर यूक्रेन में लड़ने की भी खबरें आई थीं। अब भारत सरकार इन लोगों को लेकर चिंतित नजर आ रही है। भारत कोशिश कर रहा है कि उन्हें रूसी सेना की सेवा से मुक्ति देकर वापस भेज दिया जाए। सरकार को संघर्षरत देशों में जाने वालों के लिए अपनी प्रक्रियाओं की समीक्षा करनी चाहिए। 'उत्प्रवास जांच आवश्यक' देशों की सूची को अद्यतन करना चाहिए ताकि ऐसे काम के लिए विदेश यात्रा करने वाले भारतीयों के अनुबंधों की अधिक गहनता से जांच की जा सके,उन्हें बेहतर सलाह दी जा सके और सुरक्षा भी प्रदान की जा सके। साथ ही सरकार को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के नेटवर्क की भी जांच करनी चाहिए,जो काम की प्रकृति को पूरी तरह से बताए बिना विदेश में नौकरी चाहने वाले भारतीयों से मोटी रकम वसूलते हैं।

# 'भौतिक संस्कृति' ने बदल दी लोगों की जीवनशैली



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया,बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए,ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

नेशनल सैंपल सर्वे आर्गेनाइजेशन हर पांच वर्ष के अंतराल से 'हाउस-होल्ड कंजम्पशन ऐक्स्पेंडीचर सर्वे' करता है। इस बार के 69 राउंड में संगठन के सर्वेयर्स ने अपनी कार्यनीति (मेथडॉलॉजी) में बदलाव लाकर आंकड़े एकत्र किए हैं जिससे पिछली और इस बार के निष्कर्षों की गुणवत्ता में बढ़ोतरी हुई। चूंकि 69 वें दौर के सर्वेक्षण को 11 साल के अंतराल से पेश किया गया इसलिए जाहिराना दौर से दोनों सर्वेक्षणों में अनेक मदों में अधिक मात्रात्मक बदलाव दिख रहा है। अंतराल होने से फायदा और निहितार्थ,दोनों नजर आए हैं,जो कि रोचक भी हैं और ऐसा गांभीर्य लिए हैं,जो व्यक्तियों, परिवारों,उत्पादकों,स्वास्थ्य डिलीवरी और मेडिकल रिसर्च तंत्र,व्यवसायिक और व्यापारिक तंत्र जैसे कि अस्पताल,मार्केटिंग प्रोफेशनल्स,बैंक,उपभोक्ताओं और नीति निर्माताओं को सोचने पर मजबूर करेगा। रिपोर्ट में हर पन्ने पर पर्याप्त संकेत हैं कि भारत के लोगों की जीवन शैली बदल गई है। न देहात अछूता है,न शहरी लोग। देहात के लोग शहरी लोगों की जीवनशैली की नकल तेजी से कर रहे हैं। पलायन की स्थिति यह है भारत की आबादी का अधिकांश अब शहरों में रहने लगा है।

समझने का नुक्ता यह कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी-फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस,बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं। आमदनी के हिसाब से सबसे जरूरी मदों के लिए ही विवेक के आसरे पैसा पहले खर्च किया जाता है। औसत आमदनी वाला एक परिवार सबसे पहले रोटी का जुगाड़ करेगा,फिर कपड़ा,घर या झुग्गी, दूध,दवा,काम-पर आने जाने के लिए किराया-भाड़ा,बिजली,पानी पर खर्च करेगा। तत्पश्चात आकस्मिक सामाजिक रीति-रिवाज पर खर्चा होता है। फास्ट फूड और प्रोसेस्ड फूड खरीदने पर और शिक्षा पर बाद में। उपभोग व्यय पर जारी की गई उक्त रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है कि किस तरतीब से विभिन्न आय-वर्ग के परिवारों में खर्चा किया जाता है। ऐसा लिखा है कि परिवारों में खाद्य सामग्री में जिन वस्तुओं पर खर्चा किया जाता है,प्रतिशत में उनके अनुपात की तरतीब क्या है। अंकों में व्यक्त

समझने का नुक्ता यह है कि गांव में ऑनलाइन आर्डर पहुंचाने का तंत्र मौजूद नहीं है जैसे कि ऑनलाइन रेडी–फूड, कंज्यूमर ड्यूरेबल आइटम्स और शहर के लोगों के लिए फूडग्रेंस,बशर्ते कि वे अधिक मात्रा में स्टोर करने लिए घर में रखना चाहते हैं।

प्रतिशत से गणितीय रूप से मात्रात्मक भाव तो प्रकट होता है और आनुपातिक रूप से खर्चों को प्रकट करते समय मद भी बताया गए हैं,परंतु इससे खर्च-मदों के बारे में वैज्ञानिक आंकलन अनुसार 'प्रभाव' की डिटेल्स मालूम नहीं होती हैं,अनुमान भर लगाया जा सकता है। जैसे कि मौसम के अनुसार फल और सब्जियों की खरीदारी पोषक मान के हिसाब से नहीं की जाती,भाव और जेब देखकर भी नहीं,बल्कि अधिकतर परिवार के लोगों के स्वाद के हिसाब से ही की जाती है। पीले रंग का कद्दू या पेठा, लौकी, तोरी फाइबर युक्त और अधिक पोषक सब्जियां हैं,लेकिन लोग भिंडी,शिमला मिर्च या बैंगन लेना चाहेंगे। पीले रंग के कद्दू में विटामिन-बी अथवा राइबोफ्लेविन की अधिक मात्रा मौजूद रहती है और यह अपेक्षाकृत सस्ता भी पड़ता है,जबकि दूसरी सब्जियों का भाव तेज होता है। रईसों के मुकाबले में यह आश्चर्यजनक लगता है,क्योंकि ये लोग डायटीशियन्स रखते हैं और इनकी राय से उन्हें कद्दू खाना पड़े तो चूं भी नहीं करेंगे।

उपभोग व्यय की रिपोर्ट से अधिक चिंताजनक सूत्र यह है कि दस सालों में देहात और शहर में और दोनों ही स्थानों पर रहने वाले लोग जब भी घर से बाहर ड्यूटी पर जाने के लिए या दूर यात्रा पर निकलते हैं तो घर पर बने हुए भोजन को बांधकर नहीं ले जाते,बल्कि रास्ते में दूकानों और स्टेशनों से इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड फूड के पैकेट्स खरीदना सुविधाजनक मानते हैं। इनमें जीरो फाइबर,कॉमन साल्ट की बनिस्पत मोनोसोडियम ग्लूटामेट (एक तरह का नमक) का प्रयोग,सैचुरेटेड फैट होने से ये अधिक ऊर्जा देने वाले खाद्य होते हैं। विगत में पूरी,सरसों के तेल में बनाया हुआ करेला,आलू की सूखी सब्जी जिसमें मेथी के दाने और करी पत्ता मिला होता था। गेहूं के मोटे पिसे हुए आटे या बाजरे की मोटी रोटियों को मसलकर देसी घी में बनाया हुआ चूरमा लेकर जाते थे। अब इसे पिछड़ापन और गंवई व्यवहार मानते हैं। गरीब लोग चने का आटा मिली मिस्सी रोटी,प्याज,अचार और गुड़ साथ लेकर चलते थे और इसे ही यात्रा के दौरान खा लिया करते। अधिक पैसे वाले लोग सूजी में मेवा मिलाकर,देसी घी में भूनकर लड्डू बनाकर ले जाया करते। पोषक मान के हिसाब से पारंपरिक खाद्य उत्पाद, फास्ट-फूड से कहीं श्रेष्ठ रहे हैं। इन दस सालों में खाद्य सामग्री में दालों और अनाज, खासतौर से मोटे अनाजों,पर होने वाले वाले खर्च के घटने का अर्थ यह नहीं है कि लोग भूखे रहते हैं,इनका कम प्रयोग करते हैं या कुछ परिवारों में दाल की खपत कम या बंद कर दी गई है,बल्कि यह कि आमदनी बढ़ने से वैकल्पिक रीति से तैयार मंहगी आइटम्स पर अधिक पैसा खर्च होता है या आनुपातिक रूप में अधिक। सर्वेक्षण के दौरान एक भी परिवार ऐसा नहीं मिला होगा जिसने आहार पर खर्च को स्वच्छा से कम किया,बल्कि घर में उपभोग की जाने वाले कुल खाद्य सामग्री में शामिल बाहर मिलने वाले जो आइटम्स शामिल हुए,ऐसा परिवर्तन उक्त रिपोर्ट में दृष्टिगोचर है।

रिपोर्ट तो एक स्टेटिस्टिकल स्टेटमेंट है जिसकी स्ट्रक्चर में इसके 'पश्चात' या 'पार्श्व-प्रभाव' और संबद्ध विभिन्न पक्षों पर व्याख्या करने की गुंजाईश नहीं होती। मसलन,फास्ट फूड इंडस्ट्री इससे अवश्य यह संकेत लेगी कि भविष्य में उनके लिए कोई संकट नहीं है,क्योंकि ट्रेंड यह बताता है कि फास्ट फूड की कंजम्प्शन देश के लोगों में बढ़ रही है। इसी तरह मध्य और उच्च आय वर्ग के (रईस नहीं) परिवारों में आमदनी बढ़ने से या एकाधिक लोगों के कमाऊ हो जाने से संयुक्त रूप से नेट-इनकम बढ़ गई है जिससे वे अच्छा घर बनाने और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने की स्थिति में हैं। अब तो उच्च-मध्य वर्गीय परिवारों में घर के हर कमरे में टीवी,ज्यादातर के पास लैपटॉप्स,कार,महंगे वस्त्र और घुमक्कड़ी लायक खूब पैसे होते हैं। बढ़ी हुई आमदनी में से खर्च लायक धनराशि अधिक हो जाने से लोग खुद को जिस शाहखर्च अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करते हैं,यह उक्त रिपोर्ट से साफ जाहिर होता है। 'पारिवारिक उपभोग व्यय सर्वेक्षण' की ताजा रिपोर्ट से भारत में इंडस्ट्रियल उत्पाद बनाने या लाकर बेचने वाली देसी-विदेशी कंपनियों,हमारे स्वास्थ्य शोधतंत्र,स्वास्थ्य सेवाओं, पर्यावरण और लोगों की सेहत पर क्या और कैसा असर पड़ेगा,उक्त रिपोर्ट में दर्ज संकेतकों की व्याख्या करने से देश के लोगों और व्यवस्था एवं बाजार को किस-किस तरह की चुनौतियों से दो-चार होना होगा,यह अभी से ही स्पष्ट है। सबसे अधिक प्रभावित होने वाला वर्ग बच्चे और युवा होंगे। वे परिवार खासतौर से जिनमें 'नॉलेज बेस' औसत से भी कम है। नेशनल हेल्थ इंटेलिजेंस ब्यूरो की और आईसीएमआर की वे रिपोर्ट्स जरूर देख लेनी चाहिए जिनमें देश की पॉपुलेशन में नॉन-इन्फेक्शियस और मेटाबोलिक डिसऑर्डर्स और हृदयवाहिकीय विकार से पीड़ितों की मौजूदा संख्या के ब्यौरे के अलावा संभावित पीड़ितों की संख्या की भविष्यवाणी की गई है। जाहिर है अधिकांश रोगकारक जीवनशैलीगत हैं और इनमें से भी फास्ट फूड ही चिह्नित किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक सर्वे में शामिल परिवारों को बीस श्रेणियों में बांटा गया था और आंकलन के बाद मालूम हुआ कि गांव में रहने वाले एक व्यक्ति का मासिक खर्चा सन् 2010 में अगर रु.1373 था तो वह अब रु.3773 हो गया है। शहर में रहने वाले परिवार सन् 2011 में प्रतिव्यक्ति अगर रु.3773 खर्च रहे थे तो अब 6459 खर्च रहे हैं। यह दोगुना से भी अधिक हुआ। मान लिया आमदनी बढ़ी है,लेकिन यह नहीं कह सकते कि गरीबी कम हुई है,क्योंकि गरीबी तय करने की स्टेटिस्टिकल एनालिसिस जैसी कवायद में यह सिर्फ 0.5 प्रतिशत ही कम हुई है अर्थात् रुपये में सिर्फ पचास पैसे। यह 'स्टैटिस्टिकली सिग्निफिकेंट' भी प्रतीत नहीं होता। रिपोर्ट से पैदा हुई उलझने या 'इम्प्लीकेशंस' और निहितार्थ के दूरगामी अर्थ को समझने से चिंता अधिक पैदा हुई है। संतुष्ट भाव कम,लेकिन रिपोर्ट पढ़कर समझने से एक बात स्पष्ट हुई कि आंदोलनरत किसान वास्तव में ही अभावग्रस्त है।

## प्रसंगवश

# बड़े-बड़े बीबियों से लड़े

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है,ये झगड़े आदि काल से हैं।

सृष्टि का विकास दांपत्य जीवन से ही हो पाता है जिसके मूल में कहीं न कहीं प्रेम की अनिवार्यता होती है। फिर भी ऐसा पाया जाता है कि आपस में झगड़े भी होते हैं। जब ये झगड़े बड़े जोड़ों के बीच हों तो इतिहास के पन्नों पर दर्ज हो जाते हैं। यहां देखते हैं कि कुछ महान विभूतियों के पत्नी से कलह प्रसंग कैसे रहे? अमेरिका के एक अच्छे माने जाने वाले राष्ट्रपति थे अब्राहम लिंकन। उनकी शादी 'मेरी टाड' से बेमन ही हुई थी। वे जानते थे कि यह शादी विनाशकारी होगी,लेकिन मेरी की जिद के चलते विवाह हो गया। बीबी का जीवन कलह पूर्ण रहा। हाथापाई भी होती थी। वे लिंकन का सार्वजनिक अपमान भी करती थीं। यहां तक कि राष्ट्रपति बहुधा रात को अपने कार्यालय में ही सो जाते थे।

पुस्तक 'लिंकन स मेलनकली'(लिकन का विषाद)में उनके अवसादमय वैयक्तिक जीवन के किस्से उल्लिखित हैं। महात्मा गांधी का कस्तूरबा जी से बाल विवाह हुआ था। उस समय गांधीजी केवल यह जानते थे कि शादी में अच्छे कपड़े पहने जाते हैं। उम्र बढ़ी प्रेम तो बढ़ा, किंतु कलह भी बहुधा हुई। एक बार तो गांधी जी ने बा को एक विदेशी मेहमान की 'टायलट' साफ करने का दुरूह आदेश दे डाला। पत्नी ने विरोध किया। झगड़ा बढ़ा। गांधीजी पत्नी को हाथ पकड़ कर घर के बाहर निकाले दे रहे थे। बा भी जोर-जोर से चिल्ला रहीं थीं,'शर्म करो। तुम्हें लज्जा नहीं आती। लोग क्या कहेंगे?'अंततः गांधीजी रुक गए और बाद में पश्चाताप किया। दोनों रोये। महात्मा जी ने अपनी आत्मकथा में इस घटना का उल्लेख किया है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

रोमन बादशाह जूलियस सीजर ने अपनी पत्नी 'पोम्पिया' को बेकसूर होते हुए तलाक दिया। सीजर जब वहां के मुख्य पादरी चुने गए तो पत्नी ने महिलाओं की विशाल दावत आयोजित की। उसमें 'पब्लियस क्लोडियस प्लूचर' नामक एक धूर्त छद्म वेष में घुस आया और पाम्पिया से बातें करने लगा। बस इतने पर सीजर ने पाम्पिया को इस आधार पर तलाक दे दिया कि,"सीजर की पत्नी संदेहों से परे होनी चाहिए"। बाद में और अब तक अंग्रेजी का यह वाक्य एक मुहावरा बन गया है। रोमन सामंत और योद्धा ब्रूटस ने पत्नी 'क्लाउडिया' को सिर्फ इसलिए तलाक दिया, क्योंकि उसे 'पोर्शिया' पसंद आ गई थी। हालांकि बात पोर्शिया से भी नहीं बनी। महाभारत सीरियल के श्रीकृष्ण (नीतीश भारद्वाज) के पौराणिक जीवन में भले ही उन पर तमाम गोपियां लट्टू रहती थीं,किंतु व्यक्तिगत जीवन में बीबियों से आजिज हैं। पहली पत्नी मोनिषा पाटिल से झगड़ा करके तलाक हो चुका,दूसरी आईएएस अफसर स्मिता से अदालतों में मुकदमें चल रहे हैं। नीतीश ने भोपाल कोतवाली में मानसिक प्रताड़ना की एफआईआर लिखवाई है।

कबीरदास ने शादी तो की थी, पर नारी को 'विकार' मानकर छोड़ दिया। तुलसीदास को पत्नी की फटकार ने भक्त और महाकवि बना दिया। जमदग्नि ऋषि ने शक की बिना पर पत्नी रेणुका का सिर बेटे परशुराम से कटवा दिया था। लगता है,ये झगड़े आदि काल से हैं। संसार के सृजक ब्रह्मा बाबा से भी उनकी पहली पत्नी सावित्री नाराज होकर छिटक गईं थीं और उन्हें शाप दे दिया था जिससे वे आज तक सिवाय पुष्कर के कहीं नहीं पूजे जाते हैं। अंग्रेजों ने तो बीच का रास्ता निकालकर एक मुहावरा बना लिया है "बिकरिंग्स ऑफ लव आर दि रिन्यूवल्स ऑफ लव" यानी "प्यार की झड़पें प्यार का नवीनीकरण" होती हैं। लड़ाइयां होती तो हमारे घर में भी थीं,किंतु हम उनका उल्लेख नहीं कर रहे,क्योंकि हम इतिहास पुरुष नहीं हैं और छिपाना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि हम हर बार हार जाते थे।

# भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है संस्कृति



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से।

आज संस्कृति एक संवेदनशील विषय है। चारों तरफ संस्कृति एक रणभूमि बनी हुई है। हमें इस विषय के महत्व को समझना चाहिए। मेरी दृष्टि में भारतीय संस्कृति को समझने में दो बड़ी बाधाएं हैं उच्छेदवाद और शुद्धतावाद। हम जब अपनी हजारों साल की परंपराओं को पूरी तरह नकारते हैं या संस्कृति की एकरेखीय शुद्धतावादी-श्रेष्ठतावादी धारणा रखते हैं तो ये दोनों चीजें ही सांस्कृतिक उन्मूलन की ओर ले जाती हैं,बल्कि ले जा रही हैं। ये प्रवृत्तियां हमें हमारी जीवंत साझी विरासत से विच्छिन्न कर देती हैं।

सामासिक संस्कृति का अर्थ है दो या दो से अधिक संस्कृतियों के मिलने से बनी एक नई संस्कृति। भारतीय संस्कृति को सामासिक संस्कृति इसलिए कहा जाता है कि हजारों साल से इस देश में आर्य-द्रविड़ जातियों के अलावा कई जातियां रही हैं और आपस में संवाद करती रही हैं। यह कई प्रादेशिक भाषाओं,कई धर्मों, कई विश्वासों और स्थानीय संस्कृतियों का देश है। इस देश की संस्कृति के चार स्वाभाविक गुण हैं: निरंतरता,परंपरा की पुनर्रचनात्मकता, मिश्रणशीलता और नवोन्मेष। हमारे देश में संस्कृति प्राचीन काल में बन चुकी या सैकड़ों साल पहले ही सुनिर्धारित की जा चुकी चीज नहीं है। संस्कृति में सुधार और नवोन्मेष होते रहे हैं, वह अतीत की कैदी नहीं है।

सामासिक संस्कृति में 'मुख्य धारा' नाम की कोई चीज नहीं होती,'मेन स्ट्रीम' एक प्रभुत्ववादी और विघटनकारी धारणा है। बहुत सी संस्कृतियां आपस में संवाद करती हैं,अपनी विशिष्टता की रक्षा करती हैं और 'साझा जीवन-साझी संस्कृति' का भी निर्माण करती हैं। हमारा समय दोहरी दुर्घटना का साक्षी है: संस्कृति में राजनीति घुसती जा रही है और राजनीति से संस्कृति निकलती जा रही है। इधर वसुधैव कुटुंबकम की बात बहुत हो रही है,पर इसके लिए जैसी मनोभूमि की जरूरत इस श्लोक में बताई गई है,उससे हम कोसों दूर हैं। इसका पूरा श्लोक है ( सुधार कर पढ़ें): अयम निजः परो वेति गणना लघुचेतसाम/ उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम्। अर्थात् निज और पर की गणना करने वाले छोटे चित्त के व्यक्ति हैं,जो उदार चरित्र का है,उसी के लिए यह वसुधा एक कुटुंब की तरह है। आज वसुधैव कुटुंबकम् की बात ज्यादा वे करते हैं,जो पड़ोसी से ही झगड़ा करते हैं या अपने ही भाई से लड़ते हैं या कलीग/बंधु को ही नीचा दिखाने में लगे रहते हैं।

तुलसी ने यही कहा था,'मैं अरु मोर तोर तैं माया'। माखनलाल चतुर्वेदी एक राष्ट्रवादी कवि थे। वे कहते हैं: जब चांद मुझे नहलाता है/सूरज रोशनी पिन्हाता है/ क्यों दीपक लेकर कहते हो/ यह तेरा है यह मेरा है। संस्कृति का कोई अर्थ बताने के लिए कहे तो एक वाक्य में कहा जा सकता है,जो कुछ मन को विशाल बनाए और छोटे चित्त से बाहर निकाले,वह संस्कृति है। कुछ हमारे सौंदर्यबोध,विचारशक्ति और सृजनात्मकता में उत्थान लाए,वह संस्कृति है। आज संस्कृति-संस्कृति के शोर में संस्कृति ही वस्तुतः नदारद है। आज यह समझना जरूरी है कि अंग्रेजी राज ने 'भिन्नता' की अपनी औपनिवेशिक राजनीति द्वारा भारत की सांस्कृतिक समझ को किस तरह विभाजित और प्रदूषित कर दिया। आज भी उस राजनीति के नए-नए बौद्धिक संस्करण बन रहे हैं और 'खंड खंड पाखंड' छाया है। यह सब भारत के स्वभाव के विरुद्ध है।

संस्कृति को देखने की तीन दृष्टियां हैं: सत्ता के दृष्टिकोण से पुराने और आधुनिक शास्त्रों के दृष्टिकोण से और लोक के दृष्टिकोण से। कुम्भनदास ने कहा था,'संतन को कहा सीकरी सो काम'। लोक के साहित्य के भीतर से ही 'ढाई आखर प्रेम का' की धारणा आई। जायसी पदमावत में कहते हैं,'बहुत पढ़े पर नेह न जाना। रैदास कहते हैं,'मन चंगा तो कठौती में गंगा'। तुलसी कहते हैं,'पर पीड़ा सम नहिं अधमाई'। जिस संस्कृति में ये भावनाएं नहीं हैं,उसे संस्कृति कैसे कहा जाए? भारत भिन्नताओं से भरा देश है,पर इन भिन्नताओं को शत्रुता तक पहुंचाया जाए,यह जरूरी नहीं है। इसलिए भारत जैसे देश में संस्कृति भिन्नताओं के बीच साथ जीने की कला है। आज संस्कृति धार्मिक रूप से भी पॉप नाच- गानों और बाह्य आडंबर की भौतिक वस्तुओं में सीमित हो गई है या राजनीतिक चिन्हों में। यह बाहर से अमेरिकी आधुनिकता और भीतर से अतीत की कूपमंडूकता की जुगलबंदी है।

## सोशल फोरम

# खुला आसमान चुनौती तो लाता है

आप जहां फिट हैं,इसका मतलब यह नहीं है कि आप सही जगह पर हैं। हममें से ज्यादातर लोग जहां फिट बैठ जाते हैं,उसी जगह को अपने लिए बनी हुई जगह मान लेते हैं,जबकि आपकी खूबियां आपकी बनावट की सरहद में बंधी हुई नहीं हैं। मेरा एक दोस्त था, उसकी म्यूजिक पर जबरदस्त पकड़ थी।

वह कितने ही तरह के इंस्ट्रूमेंट्स पर अपने हाथ और समझ का हुनर रखता। यही नहीं लौकी और कद्दू के सूखे हुए कवर से वह गजब का संगीत पैदा करता। हमने तो उसे सेठे-बांस-नरकुल से उपजे संगीत में झूमते हुए देखा था। उसने संगीत में पढ़ाई भी की मगर अचानक उसके पिता,जो सरकारी अध्यापक थे, गुजर गए।



हफीज किदवई
लेखक


घर में कई भाइयों के बीच उसे बड़े होने की वजह से अनुकंपा में वह नौकरी मिल गई। मैं भी उस वक्त था,जब यह फैसला चल रहा था कि नौकरी कौन करे। मेरा दोस्त नौकरी करने के लिए पूरे मन से तैयार था। जबकि हमें लगता था कि उसके अंदर जो संगीत है,उसे एक खुला आसमान चाहिए और खुला आसमान चुनौती तो लाता है,लेकिन मेरा दोस्त वह चुनौती लेने को तैयार नहीं था। बहुत साल बाद हम उसके स्कूल गए। वह हिंदी का अध्यापक था और साथ में स्कूल की सभी एक्टिविटी में शामिल रहता था। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तैयारियों में मदद करता। मुझसे बात करता हुआ,अपने कलम से मेज को बजाते हुए कह रहा था।

भाई,हम तो यहां फिट हो गए। सुबह से शाम तक बच्चे,फिर घर परिवार और क्या ही चाहिए! वह बोल रहा था और मेरी नजर में नौशाद दौड़ रहे थे। वह नौशाद जिन्हें उनके वालिद एक सुकून भरी जिंदगी में फिट ही तो कर रहे थे। बड़े घर से होने के बावजूद,तमाम पाबंदियों को तोड़कर नौशाद ने कहीं भी फिट होना ही तो नहीं चुना और घर के दरवाजे से मुंह मोड़कर संगीत का एक संसार रच दिया।

हो सकता है मेरा दोस्त नौशाद न बन पाता,मगर उस रास्ते पर चलता हुआ बिखर जाता। अब वह सिमटा हुआ है और उस जगह फिट है,जो जगह शायद उसके लिए नहीं थी। हम सब अक्सर वहीं फिट हो जाते हैं,जहां हमारा आकार तो आ जाता है,मगर विचार मर जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# जनसंख्या और संसाधन के अंतर्संबंध



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए,विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है,वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने–बाने का संतुलन न बिगड़ता हो।

भारत में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है और हर छोटा-बड़ा गांव, कस्बा,शहर इसमें सहभागी बन रहा है। जनसंख्या का सही आकड़ा तो भारत की राष्ट्रीय जनगणना के बाद ही प्राप्त हो सकेगा। प्रथम स्थान पर आना अच्छी बात सम्मान जनक है,पर जनसंख्या के मामले में भारत का प्रथम स्थान पर आना किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जा सकता। क्योंकि भारत जैसे राष्ट्र के लिए अपने शत-प्रतिशत नागरिकों को अच्छा स्वास्थ्य,अच्छी शिक्षा,अच्छा रोजगार,अच्छा वातावरण,अच्छा रोटी-कपड़ा-मकान उपलब्ध कराना, अच्छी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करना उस समय भी मुश्किल था जब भारत जनसंख्या में चीन से पीछे था और आज जब भारत चीन से जनसंख्या में आगे है तो कितना मुश्किल होने वाला है?

अनुमान लगाया सकते हैं। कारण स्पष्ट हैं, जिस अनुपात में जनसंख्या बढ़ रही है,उस अनुपात में संसाधन नहीं बढ़ रहे हैं। अपितु या तो कम हो रहे हैं या दूषित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत का क्षेत्रफल सीमित है,साथ ही उपलब्ध जल,जंगल,जमीन तथा नॉन-रिन्यूएबल संसाधन भी सीमित हैं। रिन्यूएबल संसाधनों का शतप्रतिशत रिन्यूएबल भी नहीं हो पा रहा है। भविष्य में जलवायु तथा विकास के लिए आवश्यक अन्य परिस्थितियों तथा वस्तुओं के हमेशा अनुकूल रहने की कोई गारंटी भी नहीं है। ऐसे में केन्द्र की सरकार तथा राज्यों की सरकारों का विवेक पूर्ण धारीय विकास करना,संसाधनों के उपयोग में मितव्ययिता बरतना, गांव,कस्बों,शहरों,मेट्रोपोलिटन शहरों में बढ़ते जनसंख्या के दबाव को ध्यान में रखते हुए आम-आदमी की आवश्यकताओं और पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास करना पहले भी कठिन था,वर्तमान में भी कठिन हो रहा है और भविष्य में भी कठिन रहने वाला है। विकास की बात करते समय,योजना बनाते समय,उन्हें क्रियान्वित करते समय ऐसे देखने में आता है कि चुनी हुई सरकारें और जनप्रतिनिधि गण अपने पसंद के स्थानों,शहरों,राज्यों को ध्यान में रखकर विकास की बात करते हैं और काम करते हैं। इससे विकास तो होता है,पर कहीं कम और कहीं अधिक। जबकि होना यह चाहिए कि स्थान विशेष की वर्तमान और भविष्य की जनसंख्या के आकड़ों तथा आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से विकास होना चाहिए।


भारत की विकास गति को तीव्रता प्रदान करने के लिए,विकसित राष्ट्र बनाने के लिए,श्रेष्ठ अर्थव्यवस्था प्राप्त कर उसे स्थायित्व प्रदान करने के लिए सर्वमान्य जनसंख्या नीति की आवश्यकता है,वो भी ऐसी हो जिससे सामाजिक ताने-बाने का संतुलन न बिगड़ता हो। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि भारत में बदलते संस्कार और संस्कृति जिसमें एकल परिवार संयुक्त परिवार का स्थान ले रहे हैं,परिवार की संपत्ति बंटवारे का दंश झेल रही हैं। अवसर सीमित होते जा रहे हैं,महंगाई बढ़ रही है,रहन-सहन,खान-पान,शिक्षा- स्वास्थ्य का खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए मुश्किल होता जा रहा हैं। इतना ही नहीं अध्ययन के निष्कर्ष इस ओर इशारा कर रहे हैं कि उचित लालन-पालन,देख-रेख,शिक्षा-दीक्षा के अभाव में बच्चों के बिगड़ने की संभावनाएं अधिक हैं और कोई भी दंपति अपने बच्चों का भविष्य बिगड़ते हुए नहीं देखना चाहती है। ऐसे में बच्चें को जन्म देने पर गहन चिंतन और मनन के बाद ही निर्णय लेना चाहिए तभी परिवार और देश के हित संभव है।

# देह और आत्मा

आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है,जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत,सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है।

आज सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। आज विश्व बाजार के चैनल चौबीसों घंटे उपभोग और उपभोग का संदेश दिखा-सुना रहे हैं कि जीवन का प्रयोजन है-उपभोग और उपभोग।

विश्व बाजार की नजर में आदमी आदमी नहीं,उपभोक्ता है-कंज्यूमर। उसकी नजर में विराट प्रकृति उपभोग्य सामग्री है। विश्व बाजा रकी नजर में-उपभोग आनंद है और यह आनंद एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनंद स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनंद और अधिक पैसा अधिक आनंद। ये बता रहे हैं कि देह सुख और इंद्रिय आनंद ही जीवन का पुरुषार्थ है,जीवन का प्रयोजन है। जब मैंने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिला वात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था,उसकी एक पंक्ति भारतीय संस्कृति ही नहीं, विश्वसंस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है-आज आधुनिक सभ्यता ने जो दिशा ली है,उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देनाम नुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। आत्मा की अवधारणा जीवन की व्यापकता की अवधारणा है,जीवन की निरंतरता की अवधारणा है, सर्व की अवधारणा है। आत्मा का सिद्धांत,सभी में व्यापक साम्यभावना की अवधारणा है। अवधारणाएं समष्टिजीवन की प्रेरणा होती हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# पेपर लीक मामले में केंद्र व्यवस्थापक समेत दो गिरफ्तार

## इंटर कॉलेज रिजौली अछनेरा फतेहपुर सीकरी की मान्यता निरस्त, मुख्य आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर अभी फरार

संवाददाता,आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के पेपर लीक करने में शामिल केंद्र व्यवस्थापक और अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केंद्र व्यवस्थापक कॉलेज संचालक है। उसके बेटे विनय चौधरी ने जीव विज्ञान और गणित का पेपर लीक किया था। गुरुवार रात दो आरोपियों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

गुरुवार को दोपहर की पाली में परीक्षा शुरू होते ही गणित और जीव विज्ञान के पेपर व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो गए। शिक्षा विभाग को इसकी जानकारी 3.10 बजे हो सकी। इसके बाद ग्रुप से पेपर डिलीट करवा दिए गए। जिला परीक्षा पर्यवेक्षक मुकेश अग्रवाल




के आदेश पर डीआईओएस ने अतर सिंह इंटर कालेज के रौझोली अछनेरा थाना फतेहपुरसीकरी के केंद्र व्यवस्थापक राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक गंभीर सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट गजेंद्र सिंह और पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा जारी किए गए एक पत्र में यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद ने अतर सिंह इंटर कॉलेज रिजौली अछनेरा फतेहपुर सीकरी की मान्यता निरस्त कर दी है। इंटर कॉलेज को दोषी मानते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मान्यता समाप्त करने का निर्णय लिया है।

स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में यदि किसी भी विद्यालय द्वारा प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग किये जाने का प्रयास किया जाएगा तो उस विद्यालय की मान्यता भी तत्काल समाप्त कर दी जाएगी। बता दें कि बीते 29 फरवरी को यूपी बोर्ड की द्वितीय पाली की परीक्षा में अतर सिंह इण्टर कालेज, आगरा में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी अपराह्न 3 बज कर 11 मिनट पर 'ऑल प्रिन्सीपल्स आगरा' नाम के व्हाट्सएप ग्रुप पर इण्टरमीडिएट जीव विज्ञान एवं गणित का पेपर वायरल किया था।विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिस समय पेपर वायरल किया गया उस समय परीक्षा शुरू हुए 1 घण्टा 11 मिनट का समय व्यतीत हो चुका था।सभी परीक्षार्थी अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर शान्तिपूर्ण ढंग से परीक्षा दे रहे थे। इससे परीक्षा की शुचिता किसी स्तर पर प्रभावित नहीं हुई।

### प्रबंधक बन बैठा था केंद्र व्यवस्थापक

यूपी बोर्ड परीक्षाओं की सुचिता को लेकर तमाम दावे किए गए, लेकिन कालेज प्रबंधक के बेटे ने सुरक्षा के किले को भेद दिया। जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति ने पेपर लीक किए थे वह अतर सिंह इंटर कालेज के प्रबंधक राजेंद्र सिंह का बेटा है। परीक्षाओं के दौरान प्रबंधक राजेंद्र सिंह केंद्र व्यवस्थापक बन गए और उन्होंने अपने बेटे को कंप्यूटर ऑपरेटर बना लिया था। ये सब कुछ शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सेटिंग से होता है। बोर्ड परीक्षाओं में कालेज संचालक अपने सगे संबंधियों को परीक्षा केंद्र में शामिल कर लेते हैं। डीसीपी वेस्ट सोनम कुमार ने बताया कि डीआईओएस की तहरीर पर थाना फतेहपुर सीकरी में केस दर्ज किया था। जिसमें केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, पेपर लीक करने वाला कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज किया था।

> पेपर वायरल करने और लापरवाही बरतने की जानकारी मिलने के बाद आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता को रद्द करने का निर्णय बोर्ड ने ले लिया है। कार्रवाई भी शुरू हो चुकी है। आगे भी किसी किसी संस्थान की ओर से ऐसा होता है तो तत्काल एफआईआर कराई जायेगी और उसकी मान्यता रद्द की जायेगी।
> –**दिब्यकांत शुक्ला,** सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद

# ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से की पूछताछ

**लखनऊ,अमृत विचार :** गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ों के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर ईडी ने सपा नेता विनय तिवारी से शुक्रवार को पूछताछ की। सूत्रों के मुताबिक ईडी के अधिकारियों ने विनय तिवारी से करीब आठ घंटे तक पूछताछ करने के बाद अगले सप्ताह कुछ दस्तावेजों के साथ दोबारा बुलाया है।ईडी ने बीते दिनों लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम स्थित विनय तिवारी और अन्य आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी कर जांच-पड़ताल की थी। उस दौरान ढेर सारे दस्तावेज जब्त किया था। उसी क्रम में उन्हें नोटिस देकर राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय में तलब किया था। पूछताछ को दौरान ईडी के अधिकारियों ने बैंक धोखाधड़ी को लेकर ढेर सारे सवाल किए। जवाब से संतुष्ट न होने पर उन्हें अगले सप्ताह फिर तलब किया है।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में धांधली कराने का आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- परीक्षा का हाथ ले लिखा सम्बन्धित प्रश्न-पत्र आदि बरामद

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी कर पेपर आउट कराने वाले गिरोह का एक सदस्य एसटीएफ के हत्थे चढ़ा। वह कर्मचारी चयन आयोग, दिल्ली द्वारा संचालित केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की ऑनलाइन परीक्षा में धांधली मामले में भी शामिल रहा है। पकड़ा गया शख्स प्रवीण उर्फ मिन्टू बालियान ग्राम कुटबा थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर निवासी है। उसके पास से हाथ से लिखा पुलिस भर्ती से सम्बन्धित प्रश्न-पत्र, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल आरक्षी की 2024 की परीक्षा से संबंधित 9 एडमिट कार्ड आदि बरामद किया गया है।

एसटीएफ के मुताबिक प्रवीन उर्फ मिन्टू बालियान ने पूछताछ पर बताया कि 2008-09 में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान उसकी मुलाकात पैसा लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले का गैंग से हुआ। उसके बाद वह इस धंधे में दाखिल हो गया। एसटीएफ के मुताबिक 17 फरवरी 2024 को थाना क्षेत्र ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के परीक्षा केंद्र से अभियुक्त गुरुवचन एवं राजकुमार को गिरफ्तार किया गया था, जिनके फोन से उप्र पुलिस आरक्षी की परीक्षा का 18 फरवरी 2024 की द्वितीय पाली का प्रश्न-पत्र बरामद हुआ था।

जांच में पता चला कि यह प्रश्न-पत्र कपिल तोमर द्वारा गुरुवचन आदि को उपलब्ध कराया गया था। कपिल तोमर की गिरफ्तारी के बाद पता कि कपिल तोमर को उक्त कथित प्रश्न पत्र अभियुक्त प्रवीण उर्फ मिन्टू एंव विपिन द्वारा उपलब्ध कराया था। परीक्षार्थियों को परीक्षा पत्र उपलब्ध कराने की एवज में प्रत्येक अभ्यर्थी से 5 लाख लेना तय हुआ था, परन्तु परीक्षा निरस्त हो जाने के कारण उन्हें पैसा नहीं मिला।

# काशी और मथुरा में बनेगा भव्य मंदिर : उमा भारती

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो रहा है। अब काशी और मथुरा में मंदिर निर्माण का इंतजार भी जल्द खत्म होगा। यह बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाली साध्वी उमा भारती ने कहीं। वे शुक्रवार को यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंची थीं। उन्होंने रामजन्मभूमि मंदिर के अलावा हनुमानगढ़ी व कनक भवन में भी दर्शन किया। काशी और मथुरा के मामले पर उन्होंने कहा कि इसकी सुनवाई कोर्ट में है। लेकिन मथुरा और काशी में मंदिर बनना बहुत जरूरी है। मेरी आस्था मेरे दिल में है। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कभी भी अपनी पूर्ण जिम्मेदारी नहीं निभाई है। विपक्ष का काम आलोचना करना ही नहीं, बल्कि देश के प्रति कुछ जिम्मेदारी भी होती है। विपक्ष को जो मुख्य मुद्दे उठाए जाने थे, उसे नहीं उठाया।

# लोटस 300 परियोजना में धोखाधड़ी, गबन के आरोपियों के खिलाफ ईडी जांच के आदेश

विधि संवाददाता,प्रयागराज

- कोर्ट ने प्रमोटरों/निदेशकों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज को दोषी माना

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा में लोटस 300 परियोजना के फ्लैट खरीदारों को धोखा देने के लिए मैसर्स हैसिंडा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड व मैसर्स थ्री सी यूनिवर्सल डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों/निदेशकों निर्मल सिंह, सुरप्रीत सिंह सूरी और विदुर भारद्वाज को दोषी माना है। इन पर धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत प्रवर्तन निदेशालय को उन सभी निदेशकों/अधिकारियों तथा अन्य संस्थाओं के खिलाफ कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया है, जिनमें हैसिंडा प्रोजेक्ट्स ने गबन का पैसा लगाया है।

कोर्ट ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि कैसे बैंक ने हैसिंडा प्रोजेक्ट्स को 33 करोड़ रुपए का ऋण दे दिया? साथ ही कंपनी के खिलाफ दिवालिया याचिका दाखिल करने से पहले बैंक द्वारा निदेशकों की व्यक्तिगत गारंटी का उपयोग क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर को एक विशेष रियायत दी थी। क्योंकि भूमि का आवंटन करते समय कोई अग्रिम राशि नहीं ली गई थी। अग्रिम राशि घर खरीदारों द्वारा जमा की गई बुकिंग राशि से भुगतान की जानी थी। तीनों निदेशकों ने 236 करोड़ रुपए और 636 करोड़ रुपए के कुल कोष में से 190 करोड़ रुपए का गबन करके सभी को धोखा देने की बड़ी साजिश के एक हिस्से के रूप में इस्तीफा दे दिया। देनदारी से बचने के लिए छोटे कर्मचारी को कंपनी का कठपुतली निदेशक बना दिया।

दरअसल, हेसिंडा प्रोजेक्ट्स कंपनी ने स्टोर कीपर आनंद राम को निदेशक के रूप में नियुक्त कर दिया। यह धोखाधड़ी स्पष्ट रूप से बैंक और जनता के साथ-साथ राज्य के साथ की गई है। कोर्ट ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को भी जिम्मेदार ठहराया। क्योंकि चूक का अंदाज़ा होने के बावजूद 2014 से पट्टे को रद्द करने या डिफॉल्ट राशि की वसूली के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। नोएडा प्राधिकरण ने प्रमोटरों को कंपनी के सभी फंडों को हड़पने और कंपनी को पूरी तरह से दिवालिया स्थिति में छोड़ने के लिए पर्याप्त समय दिया। अंत में कोर्ट ने प्राधिकरण को ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट/पार्ट कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और एक महीने के भीतर फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय समझौते और पंजीकृत डीड को निष्पादित करने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने पारित किया।

# कदाचार के आरोपी कांस्टेबल की याचिका खारिज

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कांस्टेबल द्वारा सेवा से उसकी बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज करते हुए कहा कि कांस्टेबल होने के नाते याची अनुशासित बल का सदस्य है। याची ने पुलिस की वर्दी में हापुड़ बस स्टैंड पर नशे की हालत में खड़े होकर घोर कदाचार का उदाहरण दिया है। उसने अपने दुष्कृत्य से पुलिस विभाग की छवि धूमिल की है। ऐसे अनुशासनहीन व्यवहार पर उसकी सेवा से बर्खास्तगी न्यायोचित है। अनुशासनात्मक प्राधिकरण के आदेश भी कानून के अनुसार हैं, जिसमें हस्तक्षेप का कोई प्रश्न नहीं उठता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार बिड़ला और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने नूर अहमद की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया, जिसमें याची ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आईजी और डीआईजी,मेरठ द्वारा पारित आदेशों को चुनौती दी थी।

# तंबाकू कारोबारी के यहां आयकर छापे में मिली करोड़ों की कर चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दिल्ली स्थित आवास से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त

**अमृत विचार :** तंबाकू बनाने वाली फर्म वंशीधर श्रीराम के ठिकानों पर शुक्रवार को भी आयकर विभाग की टीमों ने छापेमारी की। इस दौरान बड़े पैमाने पर कर (टैक्स) चोरी पकड़ी साथ ही मौके पर करोड़ों रुपये की कीमत की लग्जरी गाड़ियां भी मिलीं। जांच टीम यह देख रही है कि ये गाड़ियां किनके नाम हैं और फर्म ने जो रिटर्न भरा था उसमें इनका जिक्र किया गया है या नहीं।

कर चोरी के शक पर ही आयकर विभाग की दो दर्जन से अधिक टीमों ने गुरुवार को फर्म के दिल्ली, अहमदाबाद, कानपुर, समेत विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की थी। कानपुर में नयागंज में बने कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही दिल्ली और अहमदाबाद में जांच के लिए छापेमारी की।

कानपुर में छापेमारी तो बंद हो गई है लेकिन दिल्ली व अन्य जगहों पर टीम अभिलेखों की जांच कर रही है। फर्म के मालिक पहले कानपुर के आर्यनगर में रहते थे पांच साल पहले वह दिल्ली चले गए थे। कारोबार को भी अहमदाबाद शिफ्ट कर लिया था। आयकर विभाग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक फर्म का टर्नओवर सौ करोड़ से अधिक का है लेकिन कंपनी आयकर विवरणी में कम टर्न ओवर दिखा रही है। विभाग ने दिल्ली स्थित ठिकाने से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी जब्त किया है।

लैपटॉप व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किया है। कंपनी के पास से मैकलेरन, लेम्बोर्गिनी, फेरारी, रोल्स-रॉयस जैसी लग्जरी गाड़ियां मिली हैं। कंपनी ने रियल एस्टेट में भी निवेश कर रखा है। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियां होने का शक भी आयकर विभाग के अधिकारियों को है।

# रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल

संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** रामलला के गर्भगृह में एक पक्षी के उड़ने का वीडियो वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर इसके वायरल होते ही लोग इसे आस्था से जोड़कर देख रहे हैं। परिक्रमा कर रहे पक्षी को लोग गरुड़ बता वायरल कर रहे हैं।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद कई ऐसे दृश्य सामने आ रहे हैं, जिसे देख लोग आश्चर्य मानने के साथ ही उसे वायरल भी कर रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले हनुमान जी के स्वरूप माने जाने वाले बंदर के रामलला के दर्शन का वीडियो वायरल हुआ था। उस वीडियो को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने खुद वायरल किया था। अब इस पक्षी के वीडियो ने तहलका मचा दिया है। वीडियो में परिक्रमा के बाद पक्षी रामलला के मुकुट पर जाकर बैठता भी दिखाई दे रहा है। रामलला के सहायक पुजारी संतोष कुमार ने बताया कि यह पक्षी स्वतः गर्भगृह में आ गया था। सीआरपीएफ के जवानों ने इसे बाहर करने की बहुत कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अंत में रात्रि शयन-आरती के बाद पक्षी स्वतः गर्भगृह से निकल गया। उनका कहना है कि यह वीडियो छह से सात दिन पुराना है। तमाम लोगों ने इसके वीडियो बना लिए थे।



वायरल वीडियो का स्क्रीनशॉट।

### ऐसा होता है गरुड़ पक्षी

गरुड़ चील और बाज से बड़ा होता है, लेकिन ये गिद्ध से आकार में थोड़ा छोटा है पर इसकी चोंच चील से बड़ी होती है। यह पक्षी दिखने में बाज या चील की तरह ही दिखता है। बाज को संस्कृत भाषा में श्येन कहते हैं और गरुड़ को महाश्येन।

# मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के पहले बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। राजनीतिक गलियारों में इसे केंद्र सरकार का 'तोहफा' बताया जा रहा है। केंद्र सरकार ने धमकियों और खतरे को लेकर आकाश आनंद को यह सुरक्षा दी है। बताया गया है कि मायावती के उत्तराधिकारी घोषित होने के बाद से ही उन पर खतरा बढ़ गया था। हाल ही में राज्यसभा चुनाव में बसपा के एक मात्र विधायक उमा शंकर सिंह भाजपा के साथ खड़े नजर आये थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। कांग्रेस ने बसपा को भाजपा की 'बी' टीम बताया था। सपा और इंडिया गठबंधन के नेता मायावती को पहले ही भाजपा व केंद्र सरकार की सहयोगी बताते रहे हैं। बसपा ने इंडिया गठबंधन में शामिल न होकर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला लिया है।



# मदरसा बोर्ड के मूल्यांकन केन्द्रों पर छिड़ी रार, भ्रष्टाचार की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- बोर्ड रजिस्ट्रार बोलीं- सब ठीक मुझे है विशेषाधिकार

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन केन्द्र को लेकर रार छिड़ गई है। बोर्ड सदस्यों का आरोप है कि सब कुछ गुपचुप तरीके से हुआ है। मूल्यांकन केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार की आशंका है। उधर, बोर्ड रजिस्ट्रार आरोप को एक सिरे से खारिज करते हुए कहती हैं कि उनके पास विशेषाधिकार है। मूल्यांकन केन्द्रों का निर्धारण अब तक गोपनीय तरीके से ही होता आया है।

उप्र मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा के लिए एक लाख 41 हजार 115 परीक्षार्थियों ने आवेदन किये थे। इसमें एक लाख 15 हजार से अधिक ने मुंशी, मौलवी, आलिम, फाजिल और कामिल की परीक्षाएं दीं। कई अभ्यर्थियों ने एकल परीक्षा भी दी। उत्तर पुस्तिकाओं के समायोजन के बाद बोर्ड ने 30 मूल्यांकन केन्द्रों का चयन किया है। चयन प्रक्रिया पर परीक्षा समिति के सदस्य ने आपत्ति की है। बोर्ड सदस्य कमर अली का कहना है कि परीक्षा समिति में अध्यक्ष के अलावा सदस्य भी हैं। नियम है कि मूल्यांकन केन्द्रों के आवंटन से पहले समिति द्वारा एक बैठक करके प्रस्ताव पारित कराया जाता है। इस बार सबकुछ गुपचुप तरीके से हुआ है, भ्रष्टाचार की आशंका है।

> मूल्यांकन केन्द्रों के निर्धारण की प्रक्रिया गोपनीय तरीके से होती है। विभागीय विशेषाधिकार भी हैं। केन्द्रों का निर्धारण पारदर्शिता से किया गया है
> – **प्रियंका अवस्थी,** रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

**अभी भी जारी है मदरसों की जांच :** अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे रीभा ने मदरसों से जुड़े संचालक, शिक्षण सहित अन्य मामलों को लेकर जांच के निर्देश दिये थे। हालांकि, बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने इसका विरोध किया था, लेकिन जांच का क्रम जारी रहा।

## वर्ग पहेली-359

**बाएं से दाएं**

4. कैंसर जैसी एक खतरनाक बीमारी, संकटार्बुद।
5. उत्तम या प्रसिद्ध कुल में उत्पन्न, ख़ानदानी, अभिजात।, 1. किसी प्रसिद्ध कुल का व्यक्ति 2. उत्तम नस्ल का पशु।
6. 1. बांस या डंडों से बनाई गई वह आयताकार सीढ़ी या तख़्ती जिसपर शव को अंत्येष्टि क्रिया के लिए श्मशान ले जाया जाता है, टिकठी, शवयान 2. अंतशय्या, रत्थी, रक्षी।
7. 1. तृषालु, तृषा से युक्त, जिसमें कामना हो 2. प्यासा, पिपासु।
8. एक प्रत्यय जो शब्दों में लगकर अर्थों में अग्रलिखित विशेषताएं लाता है, 1. आगे या सामने की ओर,जैसे- अभिमुख 2. मात्रा या मान का आधिक्य, जैसे- अभिमान 3. भली प्रकार से, जैसे- अभिभाषण, अधोवायु

**ऊपर से नीचे**

1. मुंह लगभग बंद करके उच्चरित ध्वनि जिसका आशय असहमति या इनकार सूचक होता है।
2. भवसागर से पार कराने वाला (ईश्वर), उद्धार।
3. धनुष।
4. 1. वह ज़मीन जो सालाना देने के हिसाब से ली जाती है 2. वह निश्चित राशि जो नाई, बढ़ई आदि को उनके काम के बदले मज़दूरी के रूप में प्रति वर्ष दी जाती है
6. 1. किसी वस्तु का वह भाग जहां उसकी लंबाई या चौड़ाई समाप्त होती है, किनारा, सिरा 2. वह स्थान जहां से कोई वस्तु मुड़ती है, मोड़ 3. विवर, छेद।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | | | |
| ■ | 5 | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 6 | | | ■ |
| 7 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | |

### वर्ग पहेली - 358 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ध | ग | ड़ी | ■ | ■ | 2 गों |
| रा | ■ | ■ | 3 ज़ो | ■ | द |
| लुं | ■ | 4 फ़ॉ | र | मू | ला |
| ठि | ■ | ■ | दा | ■ | ■ |
| त | ■ | 5 अ | र | का | न |
| ■ | ■ | ज़ा | ■ | ■ | ■ |
| 6 लं | घ | न | ट | ■ | ■ |

## सुडोकू -76

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 7 | | | | | 2 | |
| | 3 | 6 | | | 5 | 8 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | | 6 |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | 1 | | | | 7 | 9 | |
| | | | 1 | | | 2 | | 8 |
| 5 | | | 3 | | 7 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 6 | 5 | |
| | 6 | | | | | 3 | 4 | |


### सुडोकू - 75 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 | 5 | 3 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 6 |
| 5 | 6 | 3 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 7 | 5 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 1 | 3 | 8 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मार्च,शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07 .53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 14 .42 तक तत्पश्चात अनुराधा।

**मेष** – आज बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें। अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं।

**वृष** – आज आपके ऊपर काम का दबाव कम रहेगा। आपके सभी काम सफल होंगे। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा। संतान के प्रति विश्वास बनाये रखें।

**मिथुन** – आज योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें।

**कर्क** – आज सेहत का ध्यान रखें क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है। सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा।

**सिंह** – आज मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें। बदहज़मी और गैस से बचने के लिए पौष्टिक भोजन का सेवन करें। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें।

**कन्या** – आज राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – आज फाइनेन्स संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें। रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक** – आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। जीवन में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे।

**धनु** – आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। लैपटॉप और कम्प्यूटर में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

**मकर** – आज अटके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव रहेगा। पुराने संपर्कों का लाभ आप उठाएंगे। आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दोस्तों के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे।

**कुंभ** – आज आपके किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। आपको पहले किए गए कठिन परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य समय से पूरे हो जायेंगे। माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे।

**मीन** – आज पुराना लोन चुका सकते हैं। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी को दिया हुआ वचन पूरा कर सकेंगे।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- जुआरी – सुबह : 09 .26
- अनाड़ी – शाम : 04 .29

Sony Max
- झुंड – सुबह : 11 .34
- डायल 100 – रात : 07 .55

Sony Pix
- सीजे 7 – सुबह : 10 .33
- इट – रात : 09 .00

Zee Cinema
- करन अर्जुन – दोपहर : 01 .30
- ए टेबल फार टू – रात : 10 .00

Colors Cineplex
- जुगजुग जियो – सुबह : 09 .37
- हैलो ब्रदर – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07 .55 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर
सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीनों के शीर्ष पर

## मासिक सर्वेक्षण के अनुसार फरवरी में कारखाना उत्पादन और बिक्री बढ़कर 56.9 हो गया

नई दिल्ली, एजेंसी

कारखाना उत्पादन और बिक्री में तेज बढ़ोतरी के बीच फरवरी में भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जिसमें घरेलू और बाहरी मांगों की अहम भूमिका रही। शुक्रवार को जारी मासिक सर्वेक्षण से देश का विनिर्माण परिदृश्य बेहतर होने की तस्वीर सामने आई। यह सितंबर, 2023 के बाद विनिर्माण क्षेत्र की सबसे अच्छी स्थिति की ओर इशारा करता है।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) फरवरी में बढ़कर 56.9 हो गया, जबकि जनवरी में यह 56.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण के मुताबिक, फरवरी महीने में उत्पादन पांच महीनों में सबसे तेज गति से बढ़ा और पिछले सितंबर के बाद से बिक्री में सबसे तेज वृद्धि हुई और निर्यात ऑर्डर में भी 21 महीनों का सबसे मजबूत विस्तार हुआ।

### विदेशों में 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े निर्यात ऑर्डर



एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-मजबूत घरेलू मांग के अलावा ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, ब्राजील, कनाडा, चीन, यूरोप, इंडोनेशिया, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात से मांग वृद्धि होने से नए निर्यात ऑर्डर लगभग 2 वर्षों में सबसे तेजी से बढ़े। सर्वेक्षण के मुताबिक, विनिर्माण कंपनियों ने अधिक उत्पादन जरूरतों, बिक्री में निरंतर वृद्धि और स्टॉक बनाने के लिए खरीद बढ़ाई। मांग बढ़ने के बीच विनिर्माताओं ने आगे भी तेजी का अनुमान जताया है। लैम ने कहा-मजबूत मांग और लाभ मार्जिन में सुधार से उत्साहित विनिर्माताओं का भविष्य की व्यावसायिक स्थितियों के बारे में आशावादी दृष्टिकोण है। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने लगभग 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-पीएमआई आंकड़ों से संकेत मिलता है कि घरेलू और बाहरी दोनों मांग से समर्थित उत्पादन वृद्धि मजबूत बनी हुई है। वृद्धि की रफ्तार तेज होने के बावजूद भारत में विनिर्माण क्षेत्र के रोजगार में थोड़ा बदलाव आया है। सर्वेक्षण के मुताबिक, वस्तुओं के उत्पादकों ने बताया कि काम पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या वर्तमान जरूरतों के लिए पर्याप्त थी। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर क्रय लागत मुद्रास्फीति 43 महीने के निचले स्तर पर आ गई, जिसकी वजह से बिक्री शुल्क कुछ हद तक बढ़ गया। कच्चे माल की लागत में साढ़े तीन साल में सबसे धीमी वृद्धि देखी गई। इससे विनिर्माण कंपनियों के मार्जिन में सुधार हुआ।

## एसयूवी की मजबूत मांग से वाहनों की बिक्री में आया उछाल

**नई दिल्ली।** स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों (एसयूवी) की मजबूत मांग से वाहनों की बिक्री में फरवरी में उछाल आया। प्रमुख वाहन विनिर्माता कंपनियों मारुति सुजुकी, हुंदै और टाटा मोटर्स की बिक्री फरवरी में तेज रही है। महिंद्रा एंड महिंद्रा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और होंडा कार्स ने भी फरवरी में अच्छी बिक्री दर्ज की। फरवरी उद्योग के लिए बिक्री का अब तक का तीसरा सबसे अच्छा महीना साबित हुआ। इस साल जनवरी में सबसे अधिक 3,94,500 यात्री वाहनों की थोक बिक्री हुई थी। इसके बाद 3,91,811 इकाइयों की थोक बिक्री के साथ अक्टूबर 2023 का स्थान रहा। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने फरवरी महीने में कुल 1,97,471 इकाइयों की थोक बिक्री की जो सालाना आधार पर 15 प्रतिशत अधिक है।

## बैंकों में वापस आए 2,000 रुपये के 97.62 प्रतिशत नोट

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 2,000 रुपये मूल्य के लगभग 97.62 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 8,470 करोड़ रुपये के नोट ही लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के बैंक नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उसके बाद इन नोटों को बैंकों में जमा कराने या दूसरे मूल्य के नोटों से बदलने को कहा गया था।

आरबीआई ने एक बयान में कहा-19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 2,000 रुपये मूल्य के कुल 3.56 लाख करोड़ रुपये के नोट चलन में मौजूद थे। इस मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद नोटों का मूल्य 29 फरवरी, 2024 को कारोबार समाप्ति पर घटकर 8,470 करोड़ रुपये रह गया है। इस तरह 2,000 रुपये मूल्य वर्ग के चलन में मौजूद कुल 97.62 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।

इसके साथ ही आरबीआई ने साफ किया कि 2,000 रुपये के नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने देश भर के अपने 19 कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट को जमा या बदलने की सुविधा जारी रखी है। इसके अलावा लोग किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी कार्यालय में इंडिया पोस्ट के जरिए इन नोटों को भेज सकते हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800-48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,300 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,200 |
| चांदी तैयार | 72,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 715 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,000। |

## जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8% के दायरे में रहने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

● एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट में जताई उम्मीद

भारतीय स्टेट बैंक के एक अध्ययन में शुक्रवार को कहा गया कि चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8 प्रतिशत के दायरे में रह सकती है। भारत ने दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और पिछली दो तिमाहियों के अनुमानों को संशोधित किया।

एसबीआई ने अपनी शोध रिपोर्ट 'इकोरैप' में कहा-तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़ों ने ज्यादातर बाजारों की सोच को झटका दिया, जबकि कुछ को सुखद आश्चर्य से भर दिया। इसमें कहा गया कि सभी अनुमानों को धता बताते हुए पिछली दो तिमाहियों में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद 2023-24 की तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की। अप्रत्यक्ष कर संग्रह में उछाल (सालाना आधार पर 32 प्रतिशत वृद्धि) से जीडीपी और सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि के बीच अंतर बढ़ गया। इकोरैप में कहा गया कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि 7.6 प्रतिशत और जीवीए वृद्धि 6.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## 5,000 किसान उत्पादक संगठन ओएनडीसी पोर्टल पर शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा कि ऑनलाइन उत्पादों की बिक्री के लिए 8,000 पंजीकृत किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) में लगभग 5,000 को ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पोर्टल पर शामिल किया गया है। 2020 में 6,865 करोड़ रुपये के बजटीय प्रावधान के साथ शुरू की गई एक केंद्रीय योजना के तहत लगभग 8,000 एफपीओ पंजीकृत किए गए हैं। एफपीओ किसानों को बेहतर वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बेहतर प्रौद्योगिकी, ऋण और अधिक बाजारों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करते हैं।

## परियोजनाएं तय समय के भीतर पूरी हों

नई दिल्ली, एजेंसी

● सीतारमण ने किया 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शुभारंभ



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की 7 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि परियोजनाओं की योजना बनाई जाए और उन्हें बिना किसी देरी के पूरा किया जाए और संबंधित विभाग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि निर्माण समय पर शुरू हो और परियोजनाएं तय समय-सीमा के भीतर पूरी हों।

उन्होंने कहा कि इस तरह की परियोजनाएं अधिकारियों के आत्मविश्वास को नवीनीकृत करती हैं और उनका मनोबल बढ़ाती हैं, सरकार उनके कल्याण और खुशहाली के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से अमृत काल में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने का आह्वान किया। इस मौके पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के लिए वित्त मंत्री ने आयकर अधिकारियों के लिए टाइप- दो और तीन के 198 क्वार्टर वाले विभागीय आवासीय परिसर के निर्माण की आधारशिला रखी जो फरीदाबाद के सेक्टर-28 में स्थित है। इसके साथ ही उन्होंने आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पर्याप्त आवासीय घर उपलब्ध कराने के वास्ते गुरूग्राम के सेक्टर-53 में आवासीय परिसर की आधारशिला भी रखी, जिसमें टाइप- दो से चार के 214 क्वार्टर शामिल हैं।



## एक नजर

### एमवीए ने राज्य में सीटों की साझेदारी को अंतिम रूप दिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने राज्य में लोकसभा सीटों के वितरण संबंधी समझौते को अंतिम रूप दे दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) 20 तथा कांग्रेस 18 सीटों पर चुनाव लड़ेगी तथा शेष 10 सीटों पर श्री शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अपने उम्मीदवार उतारेगी। एमवीए के सूत्रों ने बताया कि राजू शेट्टी के नेतृत्व वाले स्वाभिमानी शेतकारी संगठन जैसे छोटे दलों को अपने संबंधित गठबंधन सहयोगियों से सीटें मिलेंगी।

### उग्रवादी संगठन के तीन सदस्य गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल वेस्ट जिले से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन केसीपी-एन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए हैं। एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई। बयान में कहा गया कि उनके पास से पांच मोबाइल फोन और चार लाख रुपये भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि इसका संदेह है कि उनके पास से जो हथियार और गोला-बारूद बरामद हुए हैं वे सुरक्षा बलों से लूटे गए थे। पुलिस ने इनकी पहचान एल एलिन, हेरिश माइबम और बेला ओइनम के रूप में की है।

# देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा: प्रधानमंत्री

## झारखंड की रैली में बोले मोदी, हम लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेंगे

बरवाअड्डा (झारखंड), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतेगा क्योंकि देश को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। मोदी ने विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन पर योजनाओं के कार्यान्वयन में रुकावटें पैदा करने का आरोप लगाते हुए झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर होने के साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ''जमकर खाओ'' का पर्याय बन गया है। प्रधानमंत्री ने धनबाद जिले के बरवाअड्डा में 'विजय संकल्प महारैली' को संबोधित करते हुए कहा-आगामी लोकसभा चुनाव में अबकी बार 400 पार क्योंकि देश को मोदी की गारंटी पर भरोसा है... जहां भी मैं जाता हूं, यही नारा सुनाई देता है। जहां दूसरों से सारी उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी और लोगों की मेहनत का भुगतान पूरे ब्याज सहित मिलेगा। प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन "जोहार" (आदिवासी अभिवादन और स्वागत) कहकर किया। उन्होंने कहा-चाहे वे (इंडिया गुट) कितना भी कीचड़ उछालें, (भाजपा का प्रतीक) कमल हर जगह खिलेगा। मोदी ने कहा कि सत्तारूढ़ झामुमो आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और उसकी तुष्टीकरण नीतियों के कारण घुसपैठ हुई है।

उन्होंने कहा-झामुमो का मतलब 'जमकर खाओ' से है। तुष्टीकरण बढ़ रहा है, रंगदारी चरम पर है। झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने झारखंड के लोगों को केवल लूटने का काम किया है और अघोषित संपत्ति का पहाड़ खड़ा कर दिया है।'' मोदी ने जाहिर तौर पर झारखंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसर से 350 करोड़ रुपये से अधिक नकदी की बरामदगी का जिक्र करते हुए कहा-मैंने अपने जीवन में नोटों के ऐसे बंडल पहले कभी नहीं देखे।

### मोदी ने किया 35,700 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण



मोदी ने 35,700 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। उन्होंने धनबाद जिले के सिन्द्री में हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) का 8,900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित उर्वरक संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने कहा-मोदी द्वारा जो भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, उनका 'इंडी' गठबंधन द्वारा विरोध किया जा रहा है। हमने कोविड के दौरान गरीबों को मुफ्त राशन दिया...चाहे वे कितनी भी कोशिश कर लें, लेकिन गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। मोदी ने कहा-इंडी गठबंधन जल जीवन मिशन, आवास योजना और अन्य योजनाओं के कार्यान्वयन में बाधाएं पैदा कर रहा है। झारखंड में जल जीवन मिशन में 50 प्रतिशत से भी कम काम हुआ है।

## न्यायालय ने आसाराम की याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम की उस याचिका पर विचार करने से शुक्रवार को इनकार किया जिसमें उसने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सजा निलंबित करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी से राहत के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय का रुख करने को कहा। रोहतगी ने अदालत को सूचित किया था कि आसाराम सरकारी वकील के इस बयान को मानने के लिए तैयार हैं कि वह महाराष्ट्र के खोपोली में माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में पुलिस हिरासत में रहते हुए इलाज करा सकते हैं। इस पर पीठ ने आसाराम से कहा कि वह माधवबाग हार्ट हॉस्पिटल में इलाज कराने के संबंध में राजस्थान हाईकोर्ट के समक्ष अर्जी दाखिल करें।

## टुंडा को बरी करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

ट्रेन बम विस्फोट मामला

सीबीआई 1993 के सिलसिलेवार ट्रेन विस्फोट मामले में अजमेर की एक विशेष अदालत द्वारा अब्दुल करीम टुंडा को बरी किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एजेंसी ने कहा कि मामले में अब तक 12 लोगों को दोषी ठहराया गया है, जिनमें इरफान और हमीर-उल-उद्दीन भी शामिल हैं, जिन्हें बृहस्पतिवार को टाडा अदालत के न्यायाधीश महावीर प्रसाद गुप्ता ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश ने टुंडा को बरी कर दिया। एजेंसी के अधिकारियों ने कहा कि वे फैसले का अध्ययन कर रहे हैं और जल्द ही उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की जाएगी। टाडा अदालत के आदेशों को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाती है। साल 1993 में पांच-छह दिसंबर की मध्यरात्रि लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में राजधानी एक्सप्रेस सहित लंबी दूरी की छह रेलगाड़ियों में सिलसिलेवार विस्फोट हुए थे। विस्फोटों में दो लोग मारे गए थे और 22 अन्य घायल हुए थे। संबंधित मामले को सीबीआई को सौंप दिए गए थे, जिसने मामले में पांच अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की थीं। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा-जांच से पता चला कि विभिन्न आरोपियों ने अयोध्या में विवादित ढांचे को ढहाए जाने की घटना को एक साल होने पर बड़े पैमाने पर जनता में दहशत फैलाने और रेलगाड़ियों में बम विस्फोट जैसे आतंकी कृत्यों को अंजाम देकर आपराधिक साजिश रची थी।

## आचार संहिता का उल्लंघन करने पर समाचार चैनलों पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** न्यूज ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी (एनबीडीएसए) ने नफरत और सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने वालेकार्यक्रमों के लिए कुछ टीवी चैनलों पर जुर्माना लगाकर इन्हें अपनी वेबसाइट से हटाने का निर्देश दिया है। एनबीडीएसए ने कहा कि ये कार्यक्रम ठीक नहीं हैं। एनबीडीएसए ने कार्यकर्ता इंद्रजीत घोरपड़े की शिकायतों के आधार पर "लव जिहाद" पर आधारित कार्यक्रमों के लिए 'टाइम्सनाउ नवभारत' पर एक लाख रुपये और 'न्यूज18 इंडिया' पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं हिंसा की कवरेज को लेकर एनबीडीएसए ने आजतक चैनल को चेतावनी दी है।

## जेएनयू में एबीवीपी और वाम समर्थित गुटों के बीच झड़प

नई दिल्ली, एजेंसी

● कुलपति ने कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी, शिकायत दर्ज

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में चुनाव समिति के सदस्यों के चयन को लेकर दो समूहों के बीच बृहस्पतिवार रात झड़प में कुछ छात्र घायल हो गए, जिसके बाद कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने शुक्रवार को कहा कि इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ उनकी राजनीतिक संबद्धता की परवाह किए बिना कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह झड़प विश्वविद्यालय के भाषा संस्थान की इमारत में बृहस्पतिवार देर रात हुई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और वाम समर्थित समूहों के छात्रों ने एक-दूसरे के खिलाफ वसंत कुंज उत्तर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि कई छात्रों को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा-हमें परिसर में झड़प होने की जानकारी देर रात एक बजकर 15 मिनट पर मिली जिसमें कम से कम चार छात्र घायल हो गए हैं।

## सांसदों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी की अनुरोध करने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बेहतर प्रशासन के लिए सांसदों एवं विधायकों की चौबीसों घंटे डिजिटल निगरानी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया और कहा कि ''निजता का अधिकार नाम की भी कोई चीज होती'' है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से पूछा गया कि क्या अदालत सांसदों की गतिविधियों पर चौबीसों घंटे नजर रखने के लिए उनके शरीर में कोई ''चिप'' लगा सकती है।

## तमिलनाडु में 180 करोड़ रुपये की मेथामफेटामाइन जब्त

**मदुरै/चेन्नई।** तमिलनाडु में राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मदुरै में एक रेल यात्री और चेन्नई में एक 'डंपयार्ड' से कुल 36 किलोग्राम मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन बरामद किया। डीआरआई ने इस सिलसिले में एक व्यक्ति और उसकी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। डीआरआई के मुताबिक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध तरीके से चलाए गए अभियान में मदुरै रेलवे स्टेशन पर एक यात्री से 30 किलोग्राम और चेन्नई में कोडुंगैयूर डंपयार्ड से छह किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया गया। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 180 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से करें परहेज

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग की हिदायत

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें तथा भक्त एवं भगवान के बीच के संबंधों का उपहास नहीं उड़ाएं अथवा दैवीय प्रकोप का हवाला नहीं दें।

राजनीतिक दलों के लिए जारी परामर्श में आयोग ने कहा कि आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ 'नैतिक भर्त्सना' के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने यह भी कहा कि मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या कोई अन्य पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

लोकसभा चुनाव एवं चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए आचार संहिता लागू होने से कुछ दिनों पहले यह परामर्श जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिन स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को पहले नोटिस मिला है, उन्हें आदर्श आचार संहिता के बार-बार उल्लंघन के लिए कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## रिज क्षेत्र में वनों की कटाई के आरोपों पर सेना से जवाब-तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुकवार को सेना से राष्ट्रीय राजधानी के दिल्ली छावनी क्षेत्र में 'सेंट्रल रिज' के एक हरित हिस्से में पेड़-पौधों की कटाई के आरोपों पर जवाब मांगा। न्यायमूर्ति तुषार राव गदेला ने रिज के परिरक्षण एवं संरक्षण की अनुरोध संबंधी एक याचिका पर सुनवाई करते हुए वहां तैनात सैन्य इकाई के अधिकृत अधिकारी को हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और सैन्य प्रशासन को वैसी गतिविधियां बंद करने की सलाह दी जिनसे वनों की कटाई हो। जब केंद्र सरकार के वकील ने सेना द्वारा पेड़ों की कटाई से इनकार किया तब न्यायमूर्ति गदेला ने कहा- पेड़ लगाने जैसे सुधारात्मक कदम उठाए जाएं।

## नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में हुई वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

● उच्चतम न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की टिप्पणी



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि शहरी आवास नीतियों में खामियों के कारण अवैध निर्माण में वृद्धि हुई है। न्यायालय ने कहा कि शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं और अवैध निर्माण में वृद्धि का एक मुख्य कारण लोगों को किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने में सरकार की 'विफलता' है। न्यायालय ने यह स्वीकार किया कि आवास पाने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। इसके साथ ही उसने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं और जमीनी स्तर पर सरकार के कदमों के बीच नीतियों में बहुत बड़ा अंतर है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने ये टिप्पणियां लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक और आवासीय इकाइयों को ढहाए जाने से संबंधित एक मामले की सुनवाई के दौरान की और इस मामले में न्यायालय ने इकाइयों को ढहाए जाने पर अंतरिम रोक लगा दी। पीठ ने कहा-आवास को लेकर रुख स्पष्ट रखना चाहिए। एक समस्या है। हमारी शहरीकरण नीतियों में खामियां हैं। वास्तव में, हमने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कोई प्रावधान नहीं किया है। कहीं न कहीं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा... सभी जानते हैं कि पलायन शहरों की ओर होता है। लेकिन आवश्यकताओं और हम जमीनी स्तर पर क्या करने में सक्षम हैं, इन नीतियों के बीच बहुत बड़ा अंतर है। पीठ ने कहा-दिल्ली में इतनी सारी अनधिकृत कॉलोनियां क्यों हैं? क्योंकि डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को यह भी नहीं पता कि 60-70 प्रतिशत जमीन कहां है। सभी का अधिग्रहण कर लिया गया है। उच्चतम न्यायालय लखनऊ के अकबर नगर में वाणिज्यिक इकाइयों को ढहाये जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील एस मुरलीधर और शोएब आलम ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के बाद 27 फरवरी को ढहाने का काम शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक इकाइयों के साथ-साथ आवासीय मकानों को भी गिराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने कहा कि नदी के किनारे सरकारी भूमि पर बने आवासीय मकानों को ढहाने से संबंधित मामला इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है और फैसला सुरक्षित रखा गया है।

# कुछ को तकलीफ होगी तो होने दो, देश से बढ़कर कोई नहीं : कपिल

## पूर्व कप्तान ने घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध न देने के फैसले का किया समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत के पूर्व कप्तान कपिल देव ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के घरेलू क्रिकेट खेलने की प्रतिबद्धता पूरा नहीं करने पर केंद्रीय अनुबंध नहीं देने के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है।

कपिल ने कहा कि यह प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट जैसे रणजी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। इशान किशन और श्रेयस अय्यर को बुधवार को 2023-24 सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची से बाहर कर दिया गया था। इस फैसले पर मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही हैं, जिसमें कीर्ति आजाद और इरफान पठान ने इन दोनों खिलाड़ियों का समर्थन किया है।

कपिल ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि घरेलू क्रिकेट की अहमियत बरकरार रखने के लिए बीसीसीआई को फैसला लेना ही था। उन्होंने कहा कि हां, कुछ खिलाड़ियों को परेशानी होगी। कुछ लोगों को तकलीफ होगी, होने दो लेकिन देश से बढ़कर कोई नहीं है। बहुत अच्छा फैसला।

उन्होंने कहा कि मैं बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के मद्देनजर जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं तो वह घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे। बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा करते हुए खिलाड़ियों से घरेलू प्रतियोगिताओं को अहमियत देने का आग्रह किया था। देश के इस महान क्रिकेटर ने कहा कि यह संदेश पहले ही दिया जाना चाहिए था। बीसीसीआई का यह कड़ा कदम है जो घरेलू क्रिकेट की प्रतिष्ठा बरकरार रखने के लिए फायदेमंद होगा।

### खिलाड़ियों का दायित्व, वे घरेलू क्रिकेट खेलें

कपिल ने माना कि स्थापित हो चुके स्टार खिलाड़ियों का दायित्व है कि वे घरेलू क्रिकेट खेलें क्योंकि उन्हें अपने संबंधित राज्यों की ओर से खेलते हुए ही सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा से इस प्रक्रिया में भरोसा करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने संबंधित राज्य के लिए खुद को उपलब्ध कराएं। इससे घरेलू खिलाड़ियों को उनका समर्थन मिलने से मदद मिलती है। साथ ही यह राज्य संघ द्वारा दी गई सेवाओं को वापस लौटाने का भी अच्छा तरीका है। कपिल ने पूर्व क्रिकेटरों की पेंशन बढ़ाने पर बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं खुश हूं कि बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की पेंशन की राशि बढ़ा दी है जो उनके लिए फायदेमंद रहेगी जिनका परिवार पेंशन पर निर्भर है।

# सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए हॉकी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतना अहम : हार्दिक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उपकप्तान हार्दिक सिंह का मानना है कि पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब से उनकी टीम की उपलब्धियों की नींव पड़ी और दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनने के लिए यह खिताब बरकरार रखना अहम होगा। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का अगला सत्र चीन में 8 से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। हार्दिक ने कहा कि मुझे लगता है कि भविष्य में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए टीम ने उस टूर्नामेंट को स्प्रिंगबोर्ड की तरह लिया। हम इस बार भी खिताब बरकरार रखने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि हमें दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनना है और इस सफर में यह महत्वपूर्ण कदम है। हार्दिक ने कहा कि चेन्नई में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी शानदार टूर्नामेंट था। हम नए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन की शैली के अनुरूप ढल रहे थे और स्वर्ण पदक इसका परिचायक है कि हम सही दिशा में जा रहे हैं।

## खेल डायरी

### प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी बार की गलती, रापोर्ट से हारे



**प्राग, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा से लगातार दूसरे मुकाबले में बड़ी चूक हो गई, जिससे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में तीसरे दौर में उन्हें रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट से शिकस्त मिली। इससे पहले दूसरे दौर में उन्हें ईरान के परहाम मघसूदलू ने हराया था। मघसूडलू से हार के साथ इस खिलाड़ी ने लाइव रेटिंग में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी होने का तमगा भी गंवा दिया था जो विश्वनाथन आनंद ने फिर हासिल कर लिया था। दस खिलाड़ियों के राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में वापसी के लिए प्रज्ञानानंदा को आखिरी के छह चरण में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। विदित गुजराती और डी गुकेश के बीच भारतीय खिलाड़ियों का मुकाबला बराबरी पर छूटा। पिछले दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर रहे माघसूदलू को जर्मनी के विंसेंट कीमर ने ड्रा पर रोका। प्रज्ञानानंदा की तरह ही स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को भी बेहतर स्थिति में होने के बाद हार का सामना करना पड़ा। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने नवारा के खिलाफ हार के कगार पर पहुंचने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब्दुसत्तारोव 3 में से 2.5 अंक लेकर माघसूदलू के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### सिटसिपास को हराकर डि मिनौर सेमीफाइनल में

**मैक्सिको ओपन**



**एकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** गत चैम्पियन एलेक्स डि मिनौर ने स्टेफानोस सिटसिपास को 1-6, 6-3, 6-3 से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। एटीपी रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज डि मिनौर ने पहला सेट गंवाने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए दो घंटे छह मिनट तक चला मुकाबला जीता। अब उनका सामना जैक ड्रेपर से होगा जिसने मियोमिर केसकानोविच को 6-2, 6-2 से हराया।

**सैफ अंडर-16 महिला चैंपियनशिप**

### अनुष्का की हैट्रिक, भारत ने भूटान को 7-0 से हराया

**काठमांडू, एजेंसी।** अनुष्का कुमारी की हैट्रिक की बदौलत भारत ने शुक्रवार को सैफ अंडर-16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में भूटान पर 7-0 से जीत हासिल की। हजारीबाग की 13 वर्षीय अनुष्का ने भूटान के डिफेंस को बिखरते हुए तीन गोल दागे। उनके अलावा पर्ल फर्नांडिज ने दो गोल जबकि कप्तान श्वेता रानी और स्थानापन्न खिलाड़ी अनविता रघुरमन ने एक एक गोल किये। चार टीम के टूर्नामेंट में मेजबान नेपाल और बांग्लादेश की टीम भी शामिल हैं। शीर्ष दो टीम 10 मार्च को फाइनल खेलेंगी।

### आयरलैंड ने अफगानिस्तान को हराकर पहला टेस्ट जीता

**टॉलेरेंस ओवल, एजेंसी।** आयरलैंड ने अबू धाबी में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराकर अपनी पहली टेस्ट जीत दर्ज की है। अफगानिस्तान को दूसरी पारी में 218 रन पर समेटने के बाद आयरलैंड को 111 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 4 विकेट पर हासिल कर लिया। एक समय आयरलैंड ने 40 रन पर अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। एंडी बालबर्नी और लॉरकन टकर ने टीम को संभाला। एंडी बालबर्नी नाबाद 58 रन बनाए। वहीं लोर्कान टकर 27 रन पर नाबाद रहे। आयरलैंड ने 31.3 ओवर में 4 विकेट पर 111 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। यह आयरलैंड की पहली टेस्ट जीत है। अफगानिस्तान की ओर से दूसरी पारी में नवीद जदरान को 2 विकेट मिले। निजात मसूद और जिया उर रहमान ने 1-1 विकेट लिए। मार्क अडायर के 5 विकेट की गेंदबाजी की बदौलत आयरलैंड ने अफगानिस्तान को 155 रन पर ढेर कर दिया था।



# हैरिस के अर्धशतक से यूपी ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

## गुजरात को 142 रन पर रोका, 15.4 ओवर में 4 विकेट खोकर पाया लक्ष्य

बेंगलुरु, एजेंसी

| 60 | रन* | 9 | चौके |
|---|---|---|---|
| 33 | गेंद | 2 | छक्के |






सोफी एकलेस्टन (20 रन पर 3 विकेट) की गेंदबाजी के बाद ग्रेस हैरिस की 33 गेंद में 60 रन की नाबाद पारी से यूपी वॉरियर्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में शुक्रवार को गुजरात जायंट्स को 6 विकेट से मात दी। यूपी ने गुजरात को 5 विकेट पर 142 रन पर रोकने के बाद 15.4 ओवर में 4 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त किया।

यूपी की यह दूसरी जीत और गुजरात की यह तीसरी हार है। प्लेयर ऑफ द मैच हैरिस ने 9 चौके और 2 छक्के लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए दीप्ति शर्मा (नाबाद 17) के साथ 53 रन की साझेदारी की। उन्होंने श्रीलंका की चमारी अटापट्टू (17 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 36 रन की साझेदारी की। कप्तान एलिसा हीली ने 7 चौके की मदद से 33 रन बनाए। गुजरात के लिए तनुजा कंवर ने 23 रन देकर 2 विकेट लिए। इससे पहले फोबे लिचफील्ड (35) और एश्लीघ गार्डनर (30) की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी से गुजरात 140 रन को पार करने में सफल रहा। लिचफील्ड ने 26 गेंद में 4 चौके और 1 छक्का लगाया। गार्डनर ने 17 गेंद में इतने ही चौके और छक्का जड़ा। सत्र का पहला मैच खेल रही लॉरा वुलफार्ट (28) और कप्तान बेथ मूनी (16) ने 40 रन की साझेदारी कर गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन यूपी ने कसी हुई गेंदबाजी कर रन बनाने का मौका नहीं दिया। यूपी के लिए सोफी एकलेस्टन ने 4 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट लिए। राजेश्वरी गायकवाड को 1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली ने तीसरे ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 4 चौके जड़े। पांचवें ओवर में तनुजा ने किरण नवगिरे की 12 रन की पारी को खत्म किया। अटापट्टू ने इसी ओवर में चौके से खाता खोला। कैथरीन ब्राइस ने हीली को आउट कर गुजरात को बड़ी सफलता दिलाई। हैरिस ने क्रीज पर आते ही दो चौके जड़ दबाव कम किया। उन्होंने मन्नत कश्यप के ओवर में 2 चौके और छक्का जड़ा। तनुजा ने अटापट्टू से 2 चौका खाने के बाद इस बल्लेबाज को चलता किया। हैरिस ने 14वें ओवर में गार्डनर की गेंद पर छक्का जड़ा। दीप्ति ने आखिरी दो गेंदों पर दो चौके लगाए। हैरिस ने 15वें ओवर में मेघना सिंह के खिलाफ 2 चौके जड़ 30 गेंद में तीसरा अर्धशतक पूरा किया।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**गुजरात जायंट्स:** 142/5, लॉरा वुलफार्ट 28, बेथ मूनी 16, हरलीन देओल 18, फीबी लिचफील्ड 35, एश्ली गार्डनर 20। **विकेट:** राजेश्वरी गायकवाड़ 1, सोफी एकल्सटन 3।

**यूपी वॉरियर्स:** 143/4, अलिसा हीली 33, किरण नवगिरे 12, चमारी अटापट्टू 17, ग्रेस हैरिस नाबाद 60, दीप्ति शर्मा नाबाद 17। **विकेट:** मेघना सिंह 1, कैथरीन ब्राइस 1, तनुजा कंवर 2।

# न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन की वापसी

**ऑस्ट्रेलिया न्यूजीलैंड टेस्ट श्रृंखला**

वेलिंगटन,एजेंसी



पहली पारी में 204 रन से पिछड़ने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के दूसरी पारी के 2 विकेट 13 रन पर गिराकर वापसी की। टिम साउदी ने स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन के विकेट चटकाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर उस्मान ख्वाजा पांच और नाथन लियोन 6 रन बनाकर खेल रहे थे। दिन की आखिरी गेंद पर स्लिप में साउदी ने लियोन को जीवनदान दिया। स्मिथ (0) पारी की तीसरी गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि लाबुशेन (2) पांचवें ओवर में आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया ने अपने कल के स्कोर 9 विकेट पर 279 रन से आगे खेलना शुरू किया और आखिरी विकेट लेने में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों को पूरा एक सत्र लग गया। कैमरन ग्रीन और जोश हेजलवुड ने 116 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया को 383 रन तक पहुंचाया। ग्रीन 174 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने 12 के स्कोर पर 3 और 29 के स्कोर पर 5 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने 41 गेंद में अर्धशतक बनाया। न्यूजीलैंड की टीम 43.1 ओवर में 179 रन पर आउट हो गई। फिलिप्स ने 71 और मैट हेनरी ने 42 रन बनाए। केन विलियसमन दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से दूसरी ही गेंद पर रन आउट हो गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क की गेंद पर मिड आफ में शॉट खेला और रन लेने के लिये दौड़ पड़े। सामने से आ रहे बल्लेबाज विल यंग उनसे टकरा गए और लाबुशेन के थ्रो ने गिल्लियां बिखेर दी। फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल ने छठे विकेट के लिए 84 रन जोड़े। फिलिप्स ने 70 गेंद में 71 रन बनाए।

# वॉन ने बशीर को कहा- नया अश्विन

लंदन, एजेंसी





इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर के रूप में टीम को 'विश्व स्तरीय सुपरस्टार' मिल गया है जो भारत के रविचंद्रन अश्विन की तरह कामयाब हो सकता है। रांची में इंग्लैंड की 5 विकेट से हार के बावजूद 20 वर्ष के बशीर ने 8 विकेट लिए। इसमें पहली पारी के 5 विकेट हैं। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के सर्वश्रेष्ठ आफ स्पिनरों में शुमार अश्विन 5 दिनी क्रिकेट में 500 विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। धर्मशाला में अगले सप्ताह वह अपना सौवां टेस्ट खेलेंगे। वॉन ने कहा कि हमें एक और विश्व स्तरीय सुपरस्टार मिल गया है। शोएब बशीर। दूसरे टेस्ट मैच में 8 विकेट। वह नया रवि अश्विन है जो हमने खोज निकाला है। हम इंग्लिश क्रिकेट के नए सुपरस्टार का जश्न मना रहे हैं। भारत ने इंग्लैंड को श्रृंखला में 3-1 से हरा दिया है लेकिन वॉन को यकीन है कि धर्मशाला में औपचारिकता के मैच में इंग्लैंड वापसी करेगा। वे अपनी सर्वश्रेष्ठ एकादश उतारेंगे।

# मुंबई-तमिलनाडु रणजी सेमीफाइनल में नजरें श्रेयस पर

मुंबई, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर तमिलनाडु के खिलाफ शनिवार से शुरू हो रहे रणजी के सेमीफाइनल के जरिए 41 बार की चैंपियन मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट में वापसी करेंगे तो उनका इरादा अपनी उपयोगिता साबित करने का होगा। टेस्ट टीम से बाहर अय्यर को रणजी के क्वार्टर फाइनल नहीं खेलने पर बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। वह अब ग्रोइन की चोट से उबरकर सेमीफाइनल खेलने के लिए फिट हैं। तमिलनाडु की स्पिन गेंदबाजी के सामने मुंबई की बल्लेबाजी का दारोमदार अय्यर पर होगा। तमिलनाडु के कप्तान आरसाइ किशोर (47 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर एस अजित राम (41) इस सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। मुंबई के लिए कप्तान अजिंक्य रहाणे को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने योगदान दिया है। रहाणे 6 मैचों में एक ही अर्धशतक बना सके हैं। वहीं मुंबई का एक भी गेंदबाज शीर्ष दस में नहीं हैं। मोहित अवस्थी 32 विकेट लेकर 13वें स्थान पर है। मुंबई ने क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। मुशीर खान ने नाबाद 203 रन बनाए जबकि दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाज तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने भी शतक जड़ा। वहीं तमिलनाडु ने सौराष्ट्र को हराया। यह देखना होगा कि तमिलनाडु के एन जगदीशन (821 रन) खोया फॉर्म हासिल कर पाते हैं या नहीं। उन्होंने टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में नाबाद 245 और 321 रन बनाए थे, लेकिन सात पारियों में अर्धशतक भी नहीं बना सके। बाबा इंद्रजीत (686) ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वॉशिंगटन सुंदर के आने से तमिलनाडु का आक्रमण और मजबूत हुआ है। मुंबई के पास शीर्ष क्रम में पृथ्वी साव और भूपेन लालवानी जैसे बल्लेबाज हैं जबकि निचले क्रम में शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी हैं।




## बॉलीवुड हलचल

### पेंटाली का गाना बेरहम घड़ियां रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हुआ है। पेंटाली सेन ने कहा, मैं प्रदर्शन के माध्यम से कहानी कहने की शक्ति में विश्वास करती हूं, प्रत्येक भूमिका दर्शकों से जुड़ने का अवसर है, मैं हमेशा सर्वश्रेष्ठ की कोशिश करूंगी और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं। प्रतीक ने कहा, बेरहम घड़ियां शानदार गाना है जिसे शबीना ने खूबसूरती से फिल्माया है और इसे सिनेमाई गुणवत्ता दी है। कास्टिंग बहुत स्वाभाविक रूप से हुई क्योंकि गाने के लिए कास्टिंग कर रहे सोनू मिश्रा ने सचमुच मुझे सड़क पर चलते हुए देखा और इस गाने की पेशकश की। प्रोड्यूसर्स के साथ मीटिंग हुई और उन्होंने तुरंत मुझे इस प्रोजेक्ट के लिए लॉक कर लिया। गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था।

### सृष्टि और माही का गीत होली में जान सॉरी की धूम



**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी होली गीत होली में जान सॉरी रिलीज हो गया है। ये गीत वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स म्यूजिक कंपनी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। इस गाने में माही श्रीवास्तव अपने प्रेमी को फ़ोन पर समझाते हुए कहती है कि सुना ए जानू होत आटे आखिरी मिलन हो, हो जाईब अब हम दुसरा के धन हो राजा संघे खाईब अब चटनी पकौड़ी, होली में जानू सॉरी डाली रंग केहू अउरी' इस गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सृष्टि भारती ने गाया है। इस गाने को गीतकार शुभदयाल सोहरा ने लिखा है, संगीत विकास यादव ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहिर, डीआई रोहित सिंह ने किया है। प्रोडक्शन पंकज सोनी का है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।

### अंजना सिंह की प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म प्रोडक्शन नंबर 1 की शूटिंग शुरू हो गई है। निर्माता दिनेश मंगल और निर्देशक मंजुल ठाकुर की आने वाली फिल्म प्रोडक्शन नंबर की शूटिंग भव्य मुहूर्त के साथ शुरू हो गई है। इस फिल्म का निर्माण मंगलम फिल्म्स के बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म को लेकर मंजुल ठाकुर ने कहा कि हम एक ऐसी कहानी को पिरोकर लाए हैं जो दर्शकों के लिए बेहद नई और मनोरंजक होगी। उन्होंने कहा कि अभी हमने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है और हमारा सारा फोकस कहानी को पर्दे पर उतरने की है, जिसमें सभी कलाकारों का सपोर्ट मिल रहा है। दिनेश मंगल ने बताया कि बतौर निर्माता मेरे लिए यह महत्वपूर्ण फिल्म है। हम इस फिल्म के निर्माण में कोई कमी नहीं छोड़ने वाले हैं फिल्म अच्छी बने हम लोगों का यह प्रयास है, क्योंकि अच्छी फिल्में ही लोगों को पसंद आती हैं और उसी में फिल्म मेकिंग की सार्थकता है। वही अंजना सिंह ने कहा कि मेरा किरदार इस फिल्म में बेहद अहम है। यूं कहें कि केंद्रीय करेक्टर का किरदार मैं इस फिल्म में प्ले कर रही हूं। उम्मीद है कि हमेशा की तरह मेरी अभिनय आपको पसंद आएगी। फिल्म बेहद खास है। इसलिए खास तैयारी भी की है और उसे हिसाब से हम लोग अभी फिल्म में अपना पूरा फोकस कर रहे हैं। फिल्म की कहानी क्या है, इस पर मैं अभी बात नहीं कर सकती, लेकिन इतना जरूर कहूंगी कि जब आप फिल्म देखेंगे तो आप इसके मुरीद हो जाएंगे। मंगल फिल्म्स के बैनर से बन रही प्रोडक्शन नंबर वन में अंजना सिंह के साथ आनंद ओझा, जे नीलम बिष्ट, प्रेम दुबे, कौशल शर्मा, सृष्टि मिश्रा, शौर्य पाठक और मनोज टाइगर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। डीओपी सुनील अहीर हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर महेश उपाध्याय है, जबकि लेखक मनीष किशोर हैं। आर्ट डायरेक्टर नाजिद शेख हैं और डांस मास्टर मनोज गुप्ता जॉय हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर मनोज पांडेय और शिवम पांडेय हैं। कॉस्टयूम कविता सुनीता क्रिएशन का है जबकि म्यूजिक डायरेक्टर ओम झा और लिरिक्स अरविंद तिवारी का है। एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा और अमृत कुमार हैं। स्टील फोटोग्राफर प्रधान गुप्ता और निखिल शाह हैं।

### फेयरी फोक को अलग अंदाज में रचा

**अपनी जल्द ही रिलीज होने वाली फिल्म 'फेयरी फोक' को करण गौर ने एक अलग अंदाज से रचा और इसमें पति-पत्नी मुकुल चड्ढा और रसिका दुगल को भी शामिल किया।**



पुरस्कृत निर्देशक करण गौर को अपनी पहली ही फीचर फिल्म 'क्षय' (कॉरोड) से काफी कामयाबी और सम्मान मिला। ये फिल्म जिसमें उन्होंने संगीत दिया, लिखा, निर्देशित और संपादित किया, वह शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में प्रदर्शित की गई और शंघाई अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के रूप में भी चुनी गई। एक प्रतिभाशाली संगीत निर्देशक और ध्वनि डिजाइनर के रूप में उन्होंने 'एनएच10', 'फोबिया', 'तितली' और 'हरामखोर' जैसी फिल्मों पर भी काम किया है। उनकी नवीनतम पेशकश 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म समारोह, शिकागो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह, मामी (मुंबई) और मेलबर्न इंडियन फिल्म समारोह में प्रदर्शित किया गया है। फिल्म 1 मार्च को मुंबई, दिल्ली, गोवा, कोलकाता और बेंगलुरु के सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो रही है और करण इसे एक नई रचनात्मक और विषयात्मक खोज मानते हैं। जादुई यथार्थवाद में रची बसी ये फिल्म मानव संबंधों से जुड़ी रोचक और आत्मीय कथा है और करण कहते हैं, फिल्म का विचार मुझे निर्माता आलेख के साथ एक डॉक्यूमेंट्री बनाते वक्त आया। मैं पहले से ही 'इम्प्रोवाइजेशन' या एक नैसर्गिक अंदाज से कहानी कहने की प्रक्रिया को पसंद करता आया हूँ, क्योंकि इससे फिल्म में एक आजाद प्रवाह आता है। एक्शन और कट के बीच अभिनेताओं को सिर्फ एक इशारा भर देना और उन्हें अपने अंदाज में अभिनय करने के लिए प्रेरित करना बहुत रोचक रहा। मैं जॉन कैसावेट्स, माइक ली, जॉन-लूक गोदार्ड और हाल के रचयिता जैसे की स्वॉनबर्ग और लैरी डेविड के काम से भी परिचित था, जिन्होंने नैसर्गिक कला को सिर्फ रिहर्सल तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे परदे पर जीवंत किया। मैं बड़े-बड़े संवादों से भरी पटकथाओं से थक गया था और कुछ अलग करने का प्रयास करना चाहता था। करण ने 30 पेज का स्क्रिप्ट लिखा, जिसमें हर दृश्य की रूपरेखा अंकित है। साथ ही, उन्होंने 60 पेज का दस्तावेज लिखा, जिसमें हर किरदार के मूल भाव पर प्रकाश डाला। यह दूसरा दस्तावेज इसलिए था कि कोई भी किरदार या दृश्य अपने लक्ष्य से न भटके। जहां तक 'फेयरी फोक' की कहानी की बात है, तो इसमें कोडैकनाल और गोआ में बीते मेरे जीवन की झलक है। इन दोनों जगहों में, प्रकृति हर हाल में आपके दैनिक जीवन में प्रवेश करती है और आप उससे आंखे नहीं चुरा सकते हैं। रितिका और मोहित के किरदार के लिए रसिका दुगल और मुकुल चड्ढा को चुनने के बारे में उनका कहना है कि मैंने 'फेयरी फोक' के लिए उन्हें इसलिए चुना, क्योंकि वे एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं और उन्हें कैमरे के लिए नए सिरे से एक वैवाहिक दम्पति की तरह व्यवहार करने की जरुरत नहीं थी। बस उन्हें रिश्ते की प्राकृतिकता के साथ किरदार निभाना था और उनकी जटिलताओं को खोजना था। जब आपके पास दो ऐसे अभिनेता होते हैं जो वास्तव में एक-दूसरे से जुड़े हैं तो उन्हें यह नहीं सिखाना पड़ता है कि एक दम्पति कैसे बात करते हैं। रसिका और मुकुल पहले ही दिन ही कहानी के तहों तक जा पहुँचे थे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत के विरुद्ध गलत बयानबाजी पड़ी भारी थाईलैंड की राजदूत को डब्ल्यूटीओ ने पद से हटाया

अबू धाबी, एजेंसी

- यूएई में आयोजित डब्ल्यूटीओ की बैठक में चावल निर्यात को लेकर हुई थी तीखी बयानबाजी

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत के चावल निर्यात को लेकर गलत बयानबाजी और भारत की छवि को धक्का पहुंचाने की कोशिश थाईलैंड की राजदूत पिमचोंक वोनकोर्पोन पिटफिल्ड को भारी पड़ गई। उनके रवैये पर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद डब्ल्यूटीओ ने थाईलैंड की राजदूत को राजनयिक पद से हटा दिया है।

अबू धाबी में मंत्री स्तर का 13वें सम्मेलन का आयोजन हो रहा है, जहां दो दिन पहले अनाज के पब्लिक स्टाकहोल्डिंग (पीएसएच) मुद्दे पर चर्चा के दौरान थाईलैंड की राजदूत ने भारत के बारे में गलत बयानबाजी करते हुए कहा था कि भारत सस्ते में अनाज की सरकारी खरीद कर उसका 40 प्रतिशत निर्यात कर देता है। जबकि यह अनाज की खरीदारी गरीबों को देने के लिए की जाती है। पिटफिल्ड के इस बयान पर चर्चा में मौजूद कई देशों ने अपना समर्थन दिया, जो भारत को नागवार गुजरा है।

असलियत यह है कि भारत अपने अनाज उत्पाद का 40 प्रतिशत हिस्से की सरकारी खरीद करता है। अन्य हिस्सा खुले बाजार में बेचा जाता है। सरकारी खरीद वाले हिस्से का निर्यात नहीं किया जाता है। भारत अपनी खाद्य सुरक्षा के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज की खरीदारी करता है, जिसे गरीबों को राशन के तहत मुफ्त में या कम दाम में दिए जाते हैं। सूत्रों के मुताबिक वैश्विक मंच पर गरीब व विकासशील देशों के नेता के रूप में उभर रहे भारत के विकास में विकसित देश टांग अड़ाना चाहते हैं। थाईलैंड की राजदूत भी इन विकसित देश की शह पर ही एमसी13 में भारत के अनाज निर्यात के बारे में गलत बयानबाजी की थी। इस बयानबाजी के बाद भारत ने डब्ल्यूटीओ अध्यक्ष से कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए साफ कह दिया था कि पिटफिल्ड को डब्ल्यूटीओ से हटाने के बाद ही भारत पीएसएच मुद्दे पर चर्चा में हिस्सा लेगा। दूसरी तरफ नई दिल्ली में मौजूद थाईलैंड के राजदूत को भी भारत ने तलब कर पिटफिल्ड के गलत बयानबाजी पर आपत्ति जाहिर की थी। अब उन्हें डब्ल्यूटीओ में था, इंईलैंड के राजदूत पद से मुक्त कर दिया गया है।

# राज्यसभा के 33 फीसदी सदस्यों के खिलाफ आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा के मौजूदा 225 सदस्यों में से 33 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है, जबकि इन सांसदों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है। चुनाव अधिकार निकाय एडीआर ने सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार यह जानकारी दी है। इसके अलावा इन सांसदों में से 31 यानी 14 प्रतिशत अरबपति हैं।





**14** प्रतिशत अरबपति सांसद 19,602 करोड़ रुपये है कुल संपत्ति

**28** कांग्रेस सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ हैं मामले दर्ज

### इतने सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने कहा है कि 18 प्रतिशत सांसदों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है, जिनमें हत्या और हत्या के प्रयास के मामले शामिल हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) द्वारा किए गए विश्लेषण में दो राज्यसभा सदस्यों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत हत्या से संबंधित मामलों, जबकि चार सांसदों ने धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास से संबंधित मामलों की जानकारी दी है।

### 225 राज्यसभा सदस्यों में से 75 के खिलाफ आपराधिक मामले

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यसभा के 225 मौजूदा सदस्यों में से 75 (33 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक और 40 (18 प्रतिशत) ने गंभीर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। विश्लेषण में सांसदों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों की राजनीतिक दलों के लिहाज से भी पड़ताल की गई। इस मामले में भाजपा सबसे आगे रही, जिसके 90 राज्यसभा सदस्यों में से 23 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस के 28 सांसदों में से 50 प्रतिशत के खिलाफ ऐसे मामले दर्ज हैं।

### राज्यसभा में प्रति सांसद 87.12 करोड़ रुपये है औसत संपत्ति



राज्यसभा सदस्यों की संपत्ति की भी पड़ताल की गई, जिसमें पता चला कि प्रति सांसद औसत संपत्ति 87 .12 करोड़ रुपये है। आंकड़ों के अनुसार, विभिन्न राजनीतिक दलों की संपत्ति में महत्वपूर्ण असमानताएं सामने आईं। प्रमुख दलों में भाजपा के 90 में से 9 (10 प्रतिशत), कांग्रेस के 28 में से 4 (14 प्रतिशत), वाईएसआरसीपी के 11 में से 5 (45 प्रतिशत), आप के 10 में से 2 (20 प्रतिशत), टीआरएस के चार में से 3 (75 प्रतिशत) और राजद के 6 सांसदों में से 2 (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। विश्लेषण के अनुसार राज्यसभा के मौजूदा सदस्यों की कुल संपत्ति 19,602 करोड़ रुपये है।

## एक नजर

### सॉफ्टवेयर नहीं समझा लीप वर्ष, देश के कई पेट्रोल पंप बंद

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड में 29 फरवरी यानी लीप ईयर पर देश के कई पेट्रोल पंपों ने काम करना बंद कर दिया। दरअसल पेमेंट सॉफ्टवेयर, फ्यूल स्टेशनों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर में लीप ईयर की तारीख दर्ज नहीं होने से तकनीकी गड़बड़ी हुई। सॉफ्टवेयर ग्लिच की वजह से पेट्रोल पंपों पर पेमेंट नहीं हो पाने से फ्यूल नहीं भरे गए। इससे देशभर में लोग परेशान हुए।

### मॉस्को में एलेक्सी नवलनी का अंतिम संस्कार, एकत्रित हुए लोग

**मॉस्को।** रूस में विपक्ष के नेता रहे एलेक्सी नवलनी के सगे-संबंधी और समर्थक दक्षिण-पूर्वी मास्को में शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल हुए। नवलनी की मृत्यु के बाद, उनके शव को प्राप्त करने के लिए परिवार के सदस्यों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाते थे। उनके समर्थकों ने कहा है कि मास्को में कई गिरिजाघरों ने उनके लिए प्रार्थना सभा का आयोजन करने से इनकार दिया, लेकिन आखिरकार मारयिनो जिला स्थित एक गिरिजाघर ने इसकी अनुमति दे दी।



### दुनिया में पहली बार दुबई में जेट सूट रेस हुई, कोल्फन बने विजेता

**दुबई।** यूएई के दुबई ने बुधवार को एक और इतिहास रचा। यहां दुनिया की पहली जेट सूट रेस आयोजित की गई। इसमें 8 अलग-अलग देशों के आठ प्रतिभागी शामिल हुए। ब्रिटेन के इसा कोल्फन इसके विजेता बने।

### अमेरिकाः फ्लॉक सेफ्टी गाड़ियों के सर्विलांस से अपराध घटाने का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्टार्टअप कंपनी 'फ्लॉक सेफ्टी' गाड़ियों का सर्विलांस कर अमेरिका में अपराध कम करने का दावा कर रही है। 2017 में शुरू हुई कंपनी को डेलायट ने 2023 में फास्ट 500 कंपनियों की लिस्ट में शामिल किया है। कंपनी सड़कों पर कैमरे लगाती है। कारों की नंबर प्लेट स्कैन कर दर्ज अपराधों से मैच करती है। दावा है कि इससे अमेरिका में 25 फीसदी अपराध कम कर देगी, लेकिन 5 राज्यों में बैन हो गई। कंपनी ने कहा कि जिन राज्यों ने लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए सरकार से वार्ता की है। सरकार के आदेश तक राज्यों में लगा प्रतिबंध जारी रहेगा।

# बांग्लादेश में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, 46 की मौत

## 22 लोग घायल, दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर पाया काबू

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में गुरुवार देर रात आग लगने से बहुत बड़ा हादसा हो गया। राजधानी ढाका में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग में कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं।

बांग्लादेश के स्वास्थ्य मंत्री सामंत लाल सेन ने ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल और निकटवर्ती बर्न अस्पताल का दौरा करने के बाद बताया कि आग से अब तक 46 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, मरने वालों की संख्या में इजाफा हो सकता है। उन्होंने कहा- हालात को काबू में करने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और अग्निशमन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर मुस्तैद है। बचाव अभियान जारी है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी मोहम्मद शिहाब ने कहा कि आग ढाका के बेली रोड़ के एक लोकप्रिय बिरयानी रेस्तरां में रात 9:50 बजे लगी। उन्होंने बताया कि आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई, जिससे कई लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने दो घंटे में आग पर काबू पा लिया। वहीं, अग्निशमन सेवा के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने 75 लोगों को जिंदा बचाया।





ढाका में गुरुवार देर रात इमारत में धधकती आग, दूसरी तरफ आग पर काबू पाते अग्निशमन कर्मी।

### प्राथमिक इलाज के बाद 75 घायलों को घर भेजा

स्वास्थ्य मंत्री सेन ने बताया कि आग गुरुवार देर रात लगी है। घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है। ढाका मेडिकल कॉलेज में 33 तो शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी में 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं, केंद्रीय पुलिस अस्पताल में एक व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वहीं, आईजीपी चौधरी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि अब तक 75 लोगों को बचा लिया गया है। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है।

बचाव अभियान में जुटे अग्निशमन कर्मियों ने बताया कि अधिकतर लोगों की मौत इमारत से कूदने और जलने के कारण हुई है। कई लोगों ने दम घुटने से जान गंवाई है। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग पहली मंजिल पर स्थित कच्ची भाई रेस्तरां में रात करीब 9.45 लगी, जो काफी तेजी से अन्य रेस्तरां तक फैल गई। जिस समय आग लगी, वह होटलों के लिए व्यस्ततम समय होता है।

# 5 साल बाद रिहा होने के कुछ घंटों बाद फिर गिरफ्तार हुए सुल्तान

**श्रीनगर।** पांच साल से अधिक समय बाद रिहा हुए कश्मीरी पत्रकार आसिफ सुल्तान को कुछ घंटों बाद ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश की जेल से सुल्तान को रिहा किया गया था। सुल्तान के परिवार और कानूनी सूत्रों ने बताया कि सुल्तान को श्रीनगर के रैनावारी थाना में दर्ज 2019 के एक मामले में दोबारा गिरफ्तार किया गया है। एक वकील ने कहा, घर पहुंचने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बटमालू थाने की पुलिस ने बुलाया और रैनावाड़ी पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

उन्होंने कहा- शाम को रैनावारी थाना पुलिस से जानकारी मिली कि पांच अप्रैल, 2019 को श्रीनगर की सेंट्रल जेल में हुए दंगे से संबंधित मामले में सुल्तान को हिरासत में लिया गया है। बता दें, संबंधित मामले में सुल्तान समेत 21 आरोपी हैं, जिनमें से कुछ को पहले ही जमानत मिल चुकी है। गिरफ्तारी के बाद श्रीनगर की एक अदालत ने सुल्तान को पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। सुल्तान को 2018 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था और मंगलवार शाम को यूपी के अंबेडकर नगर जेल से रिहा किया गया था।

# नई सरकार को मान्यता न दें जब तक पारदर्शी जांच न हो

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी सांसदों ने पाकिस्तान को लेकर बाइडन को लिखा पत्र, चुनाव धांधली में जांच की मांग

अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। पत्र लिखने वालों में सत्तारूढ़ डेमोक्रेट के मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव हुए। जिसके बाद त्रिशंकु परिणाम सामने आए थे। कोई भी दल बहुमत के आंकड़े को पार नहीं कर पाया था। पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान के हालिया संसदीय चुनाव में हुई धांधली पर चिंता जताई। इसमें उन्होंने अमेरिकी सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान में नई सरकार की मान्यता को तब तक रोके रखें, जब तक चुनाव में हेराफेरी की पूरी तरह से पारदर्शी और विश्वसनीय जांच नहीं हो जाती। पत्र में आगे कहा गया, इस्लामाबाद लंबे समय से अमेरिका का सहयोगी रहा है। यह अमेरिका के हित में है कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में लोकतंत्र का विकास हो।



### इमरान समर्थित अमीन बने खैबर पख्तूनख्वा के नए वजीर-ए-आला

**पेशावर।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित उम्मीदवार अली अमीन गंडापुर को शुक्रवार को अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का मुख्यमंत्री चुना गया। वहीं, इससे पहले नवनिर्वाचित स्पीकर बाबर सलीम स्वाति ने गुरुवार को खैबर पख्तूनख्वा विधानसभा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी, जिन्होंने विधानसभा सत्र की अध्यक्षता की। 106 सदस्यीय विधानसभा में पीटीआई समर्थित उम्मीदवार गंडापुर ने अपने पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) प्रतिद्वंद्वी डॉ इबादुल्ला खान के खिलाफ 90 वोट हासिल किए।

### इवांका समेत जामनगर पहुंचीं कई हस्तियां...




**जामनगर :** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और होने वाली बहू राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुक्रवार से 3 मार्च तक चलेगी। इसमें शामिल होने के लिए हॉलीवुड और बॉलीवुड की कई हस्तियां जामनगर पहुंच रही हैं। गुरुवार को अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना अपनी टीम के साथ जामनगर पहुंचीं हैं। शुक्रवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप भी पहुंच गई हैं, इनके अलावा, इंग्लैंड के क्रिकेटर सैम कुरेन, सिंगर जे ब्राउन, निकी मिनाज, एडम ब्लैकस्टोन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग यहां पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान, अर्जुन कपूर सहित कई बॉलीवुड स्टार भी जामनगर पहुंच गए हैं। ● एजेंसी

# आतंकवाद -नशीले पदार्थों पर कसेगी नकेल

वाशिंगट, एजेंसी

- रणनीतिक साझेदारी मजबूत कर रहे भारत-अमेरिका, दोनों देशों ने व्यक्त की सहमति

भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने के मकसद से गृह सचिव अजय भल्ला और अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो के बीच वार्ता हुई। दोनों शीर्ष अधिकारियों ने ड्रग्स यानी मादक पदार्थों की समस्या से निपटने, आतंकवाद, साइबर अपराध और सीमा शुल्क जैसे मुद्दों पर भी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर सहमति व्यक्त की। अनियमित प्रवासन के मुद्दे पर भी बात की गई।

अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक दोनों देशों ने 27-29 फरवरी के बीच नई दिल्ली में वार्ता की। भारत और अमेरिका के बीच बैठक के दौरान केंद्रीय गृह सचिव



गृह सचिव अजय भल्ला के साथ मौजूद अमेरिकी उपसचिव क्रिस्टी कैनेगलो।

अजय भल्ला और क्रिस्टी कैनेगलो ने आव्रजन कानून लागू करते हुए वैध आव्रजन मार्गों तक पहुंच के विषय पर भी मंथन किया।

इस कानून के तहत जरूरतमंद नागरिकों की वापसी को लेकर अमेरिका और भारत ने प्रतिबद्धता जताई है। ऐसे लोगों के पास अमेरिका में रहने का कानूनी आधार नहीं होता। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक कमजोर प्रवासियों का शिकार और उनसे लाभ कमाने वाले तस्करों पर नकेल कसने के लिए दोनों देश आपस में कानूनी रूप से सहयोग करेंगे।

होमलैंड सिक्योरिटी डायलॉग के दौरान भारत और अमेरिका के बीच यूएस-इंडिया काउंटरनारकोटिक्स वर्किंग ग्रुप के योगदान पर भी चर्चा की गई। दोनों देशों के बीच दवा नियामक से जुड़े मुद्दों, कानून प्रवर्तन सहयोग और बहुपक्षीय मंचों में समन्वय जैसे बिंदुओं पर काम करती है। दवा की मांग में कमी से निपटने को लेकर होने वाले संयुक्त प्रयासों के मामले में भी यूएसआईसीडब्लूजी मार्गदर्शन करता है।

# कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का निधन

**टोरंटो।** कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ब्रायन मुलरोनी का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया, उनकी बेटी ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कैरोलीन मुलरोनी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, देश के 18वें प्रधानमंत्री का परिवार के बीच निधन हो गया।



मुलरोनी परिवार ने कहा कि पिछली गर्मियों में 2023 की शुरुआत में प्रोस्टेट कैंसर के इलाज के बाद हुई हृदय प्रक्रिया के बाद उनमें रोजाना सुधार हो रहा था। उन्होंने कई सालों तक राजनीति में पर्दे के पीछे से काम किया।

# अमेरिका के निजी मून लैंडर ओडीसियस से संपर्क टूटा

वाशिंगटन, एजेंसी

- लैंड करते समय चंद्रमा पर फंस गया था एक पैर, कंपनी ने कहा-मून लैंडर ने काम करना बंद कर दिया

करीब 50 साल बाद पिछले महीने अमेरिका का निजी अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर उतरा। ओडीसियस लैंडर जब चंद्रमा की सतह पर उतरा तो कुछ खराबी के चलते टीम का अंतरिक्ष यान से संपर्क टूट गया था। नासा ने बताया था कि उतरते समय मून लैंडर ओडीसियस का एक पैर चंद्रमा पर फंस गया था। इससे यह एक ओर झुक गया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि एक हफ्ते बाद गुरुवार को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया।

बता दें, यह तब पता चला जब वैज्ञानिकों को अपने कंप्यूटर और पावर सिस्टम को स्टैंडबाय मोड में प्रवेश करने का निर्देश देने से पहले ओडीसियस से एक आखिरी तस्वीर मिली। स्टैंडबाय मोड का



उद्देश्य लैंडर की क्षमता को दो से तीन हफ्ते तक और काम करने के लिए बनाया गया था।

इंटुएटिव मशीन्स के प्रवक्ता जोश मार्शल ने बताया कि अंत में हुईं क्रियाओं ने लैंडर की बैटरियों को खत्म कर दिया, जिससे ओडीसियस ने काम करना बंद कर दिया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'गुड नाईट ओडी। उम्मीद करते हैं यह फिर से काम करना शुरू करेगा।

**विज्ञान** एचडी 110067 सोलर सिस्टम बना खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र

# एलियंस के ठिकाने को लेकर वैज्ञानिकों की जगी उम्मीद


नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** परग्रहियों की तलाश में एक ऐसे सोलर सिस्टम का पता चला है, जहां एलियंस का ठिकाना हो सकता है। इस ग्रहमंडल का नाम एचडी 110067 है। जिसमें हमारे ग्रहों की तरह छः ग्रह अपने तारे की परिक्रमा करते हैं। एलियंस की संभावना को लेकर यह सोलर सिस्टम दुनिया के खगोल वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

इस सोलर सिस्टम को पिछले साल के अंत में खोजा गया था। यह हमसे काफी करीब है, सिर्फ 100 प्रकाश वर्ष दूर है। नजदीक होने के कारण इसे हमारा पड़ोसी सौर मंडल भी माना जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि गणितीय आधार इसके ग्रह अपनी कक्षाओं में सही दूरी के साथ अपने मेजबान तारे के बहुत करीब से चक्कर लगाते हैं। एलियंस की खोज में जुटे वैज्ञानिकों का कहना है कि इसमें पृथ्वी के समान उन्नत जीवन मौजूद हो सकता है। भले ही जीवन किसी अन्य रूप में हो, लेकिन एक बड़ी उम्मीद तो जगी ही है। इस ग्रह मंडल की जांच पड़ताल अभी जारी है और जितने अधिक खगोल वैज्ञानिक इसके अध्ययन में जुटेंगे, परिणाम उतने ही जल्दी सामने आएंगे।

बहरहाल 6 ग्रहों वाले इस सोलर सिस्टम में आगे की तलाश में वैज्ञानिको के एक वर्ग में होड़ लगी है। दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में जुटे वैज्ञानिकों के लिए यह बड़ा अवसर है और उनकी दशकों पुराने एलियंस की तलाश में विराम लग सकता है।

बहरहाल खगोलविदों के लिए यह दिलचस्प लक्ष्य बना हुआ है और आने वाले दिनों में लोगों की जिज्ञासा भी इस तलाश के प्रति रहेगी।



इस सोलर सिस्टम में हो सकता है एलियन का ठिकाना।

### भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसे है एलियंस की तलाश

भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरु के सेनि वैज्ञानिक प्रो आरसी कपूर कहते हैं कि भूसे में सुई ढूंढ़ना जैसी है एलियंस की तलाश । क्या हम इस ब्रह्मांड में अकेले हैं, यह ऐसा प्रश्न है, जिसका हल ढूंढ़ने के लिए कई दशकों से अध्ययन कर रहे हैं, जबकि शायद सदियों से इस बारे में सोचा जाता रहा है। मगर अभी यह तलाश जारी है और तब तक रहेगी, जबतक एलियंस का पता नहीं चल जाता।

# ईरान के लोग आज चुनेंगे अपना राष्ट्रपति, 59 हजार केंद्र बने

दुबई, एजेंसी

- हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद होगा संसदीय चुनाव

हिजाब की अनिवार्यता संबंधी कानूनों के विरोध में 2022 में हुए व्यापक प्रदर्शनों के बाद ईरान के पहले संसदीय चुनाव हो रहा है। आज लोग देश के सर्वोच्च नेता यानी राष्ट्रपति को चुनने के लिए मतदान करेंगे। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई हैं। 2022 के संसदीय चुनावों के बाद देश काफी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस चुनाव को लोकतांत्रिक सुधार, पश्चिमी देशों के साथ तकरार और खराब अर्थव्यवस्था की कसौटी पर परखा जा रहा है।

ईरान में हर चार साल में फ्रांसीसी चुनाव प्रणाली की तर्ज पर चुनाव होते हैं। पहले दौर के मतदान में अगर किसी उम्मीदवार को 50 फीसदी से ज्यादा वोट नहीं मिले, तो दूसरे दौर में सबसे ज्यादा वोट पाने वाले दो उम्मीदवारों के लिए वोट डाले जाते हैं। मतदाताओं की आयु कम से कम



18 वर्ष होनी चाहिए। करीब 8.5 करोड़ आबादी वाले देश में 6.12 करोड़ से अधिक लोग मतदान करने के पात्र हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में 59 हजार मतदान केंद्र होंगे। इसमें से तेहरान में पांच हजार और तेहरान के व्यापक प्रांत में 6,800 केंद्र बनाए गए हैं।1,700 मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग उपकरणों का इस्तेमाल किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने सेना के साथ बासिज बलों को निगरानी के लिए तैनात किया है।